जबलपुर

बुधवार, 7 मई 2025

- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-11
- वर्ष : 20, अंक : 7
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 36

न्यून.22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**एमपी बोर्ड : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी किए 10वीं-12वीं के परिणाम**

# दोनों ही कक्षाओं में बेटियों ने ही बाजी मारी

## 10वीं का परीक्षा परिणाम 76.22% और बारहवीं का परिणाम 74.48 % रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की दसवीं-बारहवी के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को दिन विशेष रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनो कक्षाओं के परिणाम मुख्यमंत्री निवास से जारी किए। 10वीं का परीक्षा परिणाम 76.22 प्रतिशत और 12वीं का परिणाम 74.48 प्रतिशत रहा है। दोनो ही कक्षाओं में बेटियों ने बाजी मारी है। दसवीं में छात्रों का परीक्षा परिणाम 73.21 रहा है, तो वहीं छात्राओं का परिणाम 79.27 है। बारहवीं में 71.37 प्रतिशत छात्र और 77.55 प्रतिशत छात्राएं सफल हुई हैं।

### दसवीं में प्रज्ञा जायसवाल को 500 में से 500 अंक, बारहवीं में प्रियल द्विवेदी प्रदेश में अव्वल



**सिंगरौली की प्रज्ञा ने रचा इतिहास**

### घंटे के हिसाब से नहीं बल्कि टारगेट से पढ़ाई की

10 वीं परीक्षा में इस सिंगरौली की साल प्रज्ञा जायसवाल ने 500 में से 500 में नंबर लाकर इतिहास बना दिया। प्रदेश की टॉपर प्रज्ञा ग्लोरियस पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने यह उपलब्धि बिना किसी ट्यूशन के हासिल की है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को दिया है। प्रज्ञा के पिता विनय कुमार जायसवाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शिक्षक हैं। उनकी माता शशिकला जायसवाल भी उच्च माध्यमिक शिक्षिका हैं। प्रज्ञा ने बताया कि उनके माता-पिता का हमेशा सहयोग मिला। विद्यालय के शिक्षकों ने भी लगातार उनका उत्साहवर्धन किया।




प्रज्ञा जायसवाल

### खुद पर विश्वास रख कर पढ़ाई करें

मैथ्स-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप करन वाली सतना की छात्रा प्रियल द्विवेदी यह कीर्तिमान रचकर बाकी स्टूडेंट्स के लिए एक उदाहरण पेश किया है। प्रियल द्विवेदी ने कहा कि जब रिजल्ट आया और मुझे टॉप करने की जानकारी मिली, तो यकीन ही नहीं हुआ। हर छात्र का सपना होता है कि वह टॉप करे। मेरा भी सपना था और इसके पूरा होने पर बहुत ख़ुशी हो रही है। उन्होने बताया कि पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से खुद को दूर रखा। हर दिन 6 घंटे पढ़ती थी। सभी विषय को बराबर समय दिया। एनसीईआरटी की किताबों पर फोकस रखा। इससे बहुत मदद मिली। खुद पर विश्वास रख कर पढ़ाई करें। अब मंजिल सिविल सर्विसेज हैं। अगर रेगुलर स्कूल जाकर मन लगाकर पढ़ाई की जाए, तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता।



प्रियल द्विवेदी









## पाकिस्तान पर एक्शन की तैयारी



# 24 घंटे में एनएसए डोभाल ने मोदी से दूसरी बार की मुलाकात



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी जारी है। इस बीच एनएसए अजीत डोभाल पीएम मोदी से मिलने पहुंचे। प्रधानमंत्री के आवास पर ये मुलाकात हुई है। केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की रणनीति तैयार करने में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस हमले के बाद से लगातार उच्च-स्तरीय बैठकों का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री ने अजीत डोभाल से मुलाकात की। यह मुलाकात राज्य सरकारों द्वारा मॉक ड्रिल आयोजित करने से एक दिन पहले हुई है।


### *यूएनएससी में पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई*

*कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बंद कमरे में बैठक पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में पाकिस्तान की वास्तविक स्थिति यह है कि कोई भी देश उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। इस बार भी पाकिस्तान बे-बेआबरू होकर लौटा है। हालात ये हैं कि उसके परमाणु हथियार और सिंधु जल समझौते के निलंबन पर हमले की धमकी का भारत पर कोई असर नहीं होता है। अकबरुद्दीन ने कहा, बहुपक्षीय संगठनों का इस्तेमाल करके दुनिया का ध्यान आकर्षित करने का पाकिस्तान का प्रयास नया नहीं है।*

## खबर संक्षेप

### आरोपियों के घर में तोड़फोड़, आग लगाई

**उज्जैन।** प्रदेश में लव जिहाद के बढ़ते मामलों के साथ लोगों का गुस्सा भी बढ़ता जा रहा है। उज्जैन के बिछड़ोद में फरमान नामक युवक के पास युवतियों के अश्लील वीडियो मिले। इसके जरिए बच्चियों को ब्लैकमेल कर रहे थे। ग्रामीणों ने आरोपियों के घर तोड़े और एक मकान-दुकान में आग भी लगा दी। वारदात के बाद बिछड़ोद पुलिस छावनी बन गया है।



### अब सांची दूध दो रुपए प्रति लीटर हुआ महंगा

**भोपाल।** अमूल के बाद अब सांची ने भी ग्राहकों को झटका दिया है। सांची ने भी दूध के रेट बढ़ा दिए हैं। 1 लीटर दूध पर 2 रुपए, जबकि आधा लीटर पर एक रुपए की बढ़ोतरी की गई है। 7 मई से नए रेट लागू हो जाएंगे। फुल क्रीम गोल्ड की कीमत अब 65 से बढ़कर 67 रुपए हो गए हैं। भोपाल के अलावा इंदौर में भी सांची दूध महंगा हुआ है।



## हवाई हमले के सायरन बजेंगे और ब्लैकआउट भी होगा

# देश भर में आज 244 जगह होगी मॉक ड्रिल सिखाए जाएंगे हमले से बचने के तरीके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच बुधवार को देश के 244 इलाकों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी। गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर सूचीबद्ध किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटगरी-1 सबसे संवेदनशील, कैटगरी-2 संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम संेसेटिव है।

सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है।

| कैटेगरी-1 | कैटेगरी-2 | कैटेगरी-3 |
|---|---|---|
| सबसे संवेदनशील | संवेदनशील | कम संेसेटिव है |



श्रीनगर की डल झील में सेना ने मॉक ड्रिल की

### वायुसेना ने जारी किया नोटाम

भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान सीमा के नजदीक एक महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास को लेकर एनओटीएएम यानी नोटाम (नोटिस टू एयर मिशन) जारी किया है। इसका सीधा मतलब है कि उस क्षेत्र में किसी भी सामान्य विमान या एयरलाइन को उड़ान भरने की इजाज़त नहीं होगी। भारत के इस कदम को सैन्य तैयारी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है जिससे पाकिस्तान की चिंता बढ़ गई है। इस बार भारत ने नोटाम इसलिए जारी किया है क्योंकि सीमा पर लड़ाकू विमानों की गतिविधि, लाइव फायरिंग और अन्य सैन्य अभ्यास होने वाला है।



### पानी, दवाएं और टॉर्च पास में रखें

अधिकारियों ने जनता से मॉक ड्रिल के दौरान शांति बनाए रखने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। साथ ही लोगों को यह सलाह दी गई है कि वे जरूरी वस्तुएं जैसे पानी, दवाएं और टॉर्च पास में रखें। सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली अफवाहों से बचने के लिए जनता से आग्रह किया गया है कि वे केवल सरकारी स्रोतों से ही जानकारी लें। यदि बिजली या मोबाइल सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित होती हैं, तो लोग रेडियो और आधिकारिक संचार चैनलों से अपडेट लेते रहें।

### कतर ने कहा-आतंक के खिलाफ भारत का देंगे पूरा साथ

कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल-थानी ने पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में कतर ने साथ देने की बात कही है। कतर के अमीर ने पीएम मोदी से फोन पर बात की। कतर के अमीर अल थानी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। उन्होंने पहलगाम में सीमा पार से हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना और एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए भारत की सभी कार्रवाइयों में पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

### *इंदौर, भोपाल, ग्वालियर जबलपुर और कटनी में होगी मॉक ड्रिलः सीएम*

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक से पहले संबोधन में जानकारी दी की वर्तमान राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रदेश के पांच नगरों क्रमशः इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में नागरिक सुरक्षा, मॉकड्रिल होगी। बुधवार सांय 4 बजे से सायरन के माध्यम से खतरे की सूचना, ब्लैकआउट, प्रमुख अधो-संरचनाओं को सुरक्षित रखने, दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने जैसी गतिविधियों की ड्रिल की जाएगी। डॉ.यादव ने कहा कि इस संबंध में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए किए गए हैं।*



***मुख्य सचिव ने मॉकड्रिल की तैयारियों का लिया जायजाः*** *भारत सरकार के निर्देश पर प्रदेश में बुधवार को भोपाल सहित इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, कटनी में बड़े स्तर पर मॉक ड्रिल होनी है।*

## भारत की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर

# इस साल के अंत तक भारत बनेगा चौथी बड़ी इकोनॉमी, जापान को छोड़ेगा पीछे

*आईएमएफ के अनुसार जर्मनी से भी आगे निकलने का अनुमान*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाक टेंशन के बीच इंडियन इकोनॉमी के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था दिसंबर 2025 तक जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन सकती है। आंकड़ों के अनुसार, भारत 2025 तक जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्ल्ड इकोनॉमिक डेटा के अनुसार, भारत की वर्तमान में जीडीपी 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया में पांचवे नंबर पर है ।



### *पिछले साल पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का रिकॉर्ड रहा*

*बता दें कि इस साल अगर ऐसा होता है तो यह 2024 के बाद एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा, क्योंकि पिछले साल भारत 3.9 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी थी। आईएमएफ ने पिछले महीने जारी अपने ग्लोबल इकोनॉमी आउटलुक में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के वास्तविक रूप से 6.3 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पहले 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया था।*

## बदरीनाथ में खराब मौसम बना कारण

# तीर्थयात्रियों को देहरादून ले जा रहे हेलिकॉप्टर ने की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ चमोली

बदरीनाथ धाम क्षेत्र में मौसम खराब होने के कारण तीर्थयात्रियों को लेकर बदरीनाथ से देहरादून जा रहे एक हेलिकॉप्टर को गोपेश्वर खेल मैदान में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। करीब पांच मिनट तक मैदान में रहने के बाद हेलिकॉप्टर देहरादून के लिए रवाना हो गया। सोमवार को अपराह्न करीब दो बजे पीपलकोटी से चमोली के बीच मौसम खराब होने के कारण तीर्थयात्रियों को बदरीनाथ के दर्शन कर देहरादून जा रहे ।



### बैंकॉक से मॉस्को जा रहे विमान से निकला धुआं

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआई) एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर करीब 3:50 बजे इमरजेंसी घोषित कर दी गई। बैंकॉक से मॉस्को जा रही फ्लाइट एसयू 273 के केबिन से ईंधन की गंध आने के बाद यह घटना सामने आई।

## सरकार ने जारी की अधिसूचना

# सड़क हादसे में घायल लोगों को अब पूरे देश में मिलेगा मुफ्त इलाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने पूरे देश में कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम (नकद रहित इलाज योजना) लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके तहत सड़क दुर्घटना के शिकार हर व्यक्ति को प्रति हादसा अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा।

- 5 मई 2025 से ये योजना लागू हो गई



### दुर्घटना के 7 दिनों तक मुफ्त इलाज की सुविधा

इस योजना के तहत पीड़ित व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से अगले सात दिनों तक, अधिकतम 1,50,000 रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। यह सुविधा सिर्फउन अस्पतालों में पूरी तरह लागू होगी जो सरकार द्वारा नामित किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में अहम फैसला

**नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के 850 पद स्वीकृत**

# पचमढ़ी अभयारण्य की सीमा से बाहर होगी नजूल की 395.931 हेक्टेयर जमीन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किए जाने का निर्णय लिया गया। पचमढ़ी नगर में नजूल क्षेत्र की 395.931 हेक्टेयर भूमि साडा के प्रशासनिक नियंत्रण में है। कैबिनेट की बैठक में इसे पचमढ़ी अभयारण्य की सीमा से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व 22 दिसंबर 2017 की अधिसूचना द्वारा पचमढ़ी अभयारण्य की परिधि पर स्थित 11 ग्रामों को अभयारण्य से बाहर किया गया।

### *पैरा-ओलम्पिक पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी 50 लाख की अतिरिक्त राशि, कुल 1 करोड़ मिलेंगे*



### एक करोड़ हो जाएगी सम्मान की राशि

राज्य मंत्रिमंडल द्वारा पैरा-ओलम्पिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को 50-50 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि दिए जाने का अनुमोदन दिया गया। मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पैरा-ओलम्पिक-2024 में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को 50 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी।

### *बैठक में ये निर्णय भी लिए गए*

- पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 'राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल' का गठन करने के निर्णय को स्वीकृति दी गई। इस सेल को पेंशन प्रकरणों के निराकरण से संबंधित समस्त प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया जाएगा। इसके द्वारा पदों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इससे राज्य सरकार पर व्यय भार 5 करोड़ रुपए होगा।
- बैठक में नव गठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने और नवीन पदों की स्वीकृति दी गई।

## मप्र में दो सड़क हादसे में दो की मौत कई यात्री घायल

# देवास में दो बसों की भीषण टक्कर में एक यात्री की मौत, 17 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास


चापड़ा-कन्नौद रोड पर कलवार गांव के समीप दो बसों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17-18 यात्री घायल हो गए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई यात्री बसों से बाहर जा गिरे। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। गंभीर रूप से घायल दो से तीन यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है।



### बारातियों से भरी बस खेत में घुसी, एक की मौत, 25 घायल

**गुना।** राजस्थान में शादी समारोह में शामिल होने गए शिवपुरी के नागरिकों की बस गुना जिले के धरनावदा इलाके में बेकाबू होकर सड़क से नीचे उतर गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि लगभग 25 व्यक्ति घायल हैं। बस राजस्थान के झालावाड़ से शिवपुरी जा रही थी। शिवपुरी से दो दिन पहले बारात राजस्थान गई थी।




GALGOTIAS UNIVERSITY STUDENTS
OUTPERFORM GLOBALLY
10 students won Apple's WWDC 25 Swift Student Challenge on a Worldwide Platform
Abu Shahma Ansari
Aditya Rai
Arnav Chauhan
Avineet Singh Juneja
Harshit Gupta
Kavyansh Pratap Singh
Mayank Verma
Praveen Shrivastav
Raj Pratap Singh
Nalinish Ranjan
AMONGST THE WORLDS BEST
TOP RANKED IN QS ASIA & THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
G-SCALE
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning
IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH
InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE
AN HONOUR BEYOND WORDS.
A LEGACY BEYOND BOUNDARIES.
We will continue to carry forward the vision of our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi Ji of making India a Vishvaguru & Viksit Bharat and the dream of our Dynamic Leader, Hon'ble Chief Minister of UP, Shri Yogi Aditya Nath Ji of making the State of Uttar Pradesh a truly Global Knowledge Superpower.
Her Excellency Smt. Anandiben Patel, Hon'ble Governor Of Uttar Pradesh felicitating Dr Dhruv Galgotia, CEO, Galgotias University for the University's exceptional performance in the QS Asia-World University Rankings 2025.
ALWAYS LEADING BY EXAMPLE
Transforming Galgotias University as one of the leading "Industry Integrated Learning Campuses" in India; supported by multiple centers of excellence including
wipro
SAMSUNG
LG
Infosys
iOS Development Centre
hp
Tech Mahindra
intel
ITMI
iOS Development Centre Powered by Apple and Infosys
The Edge That Sets Us Apart
Amongst #98 in India (Management Category)
#50 in India (Pharmacy Category)
By NIRF Ranking 2024
nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK
शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India
TOP 3 in India for filing MAXIMUM PATENTS
NAAC A+
Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence
NBA
School of Business AACSB Business Education Alliance Member
5th Ranked Amongst the Top Private Universities by Times B School Survey 2025
Apply Today for Career Focussed 2025-26 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes
Engineering | Computer Applications | Biosciences & Technology | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education | Nursing | Liberal Education
Media and Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences | Finance & Commerce | Pharmacy | Allied & Health Sciences | Business | Aviation
Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education
ARTIFICIAL INTELLIGENCE AND DATA SCIENCE BLOCK
Launched India's 1st and Finest AI led Active Learning Campus @ Galgotias University
GALGOTIAS UNIVERSITY
GALGOTIAS INCUBATION CENTRE
Government of UP Recognized Incubator
Launchpad for 100+ Promising Startups
Several of our Startups are already generating revenue in crores of rupees.
Over 30 Industry Partnerships & 80+ Mentors empowering startups with invaluable resources and expertise
For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
9810162221 / 9582847072
9717300418 / 0120-4370000
#GetYourSelfPlaced

**पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम**
**कुछ जजों की संपत्ति का विवरण जल्द होगा प्रकाशित**

# सुप्रीम कोर्ट के 33 में से 21 जजों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के 33 मौजूदा जजों में से 21 जजों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है। इन 21 जजों में देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना भी शामिल हैं।

कोर्ट की वेबसाइट पर इन जजों की संपत्ति का विवरण अपलोड कर दिया गया है। शेष जजों की संपत्ति का विवरण भी जैसे ही प्राप्त होगा, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार 1 अप्रैल को फुल कोर्ट मीटिंग में यह फैसला लिया गया था कि सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों को अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। यह निर्णय सीजेआई खन्ना की अध्यक्षता में लिया गया था, जिसमें सभी जजों ने सहमति जताई थी।



## पदभार ग्रहण करते संपत्ति की घोषणा करनी होगी

सुप्रीम कोर्ट के जजों को न केवल पदभार ग्रहण करते समय अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी, बल्कि भविष्य में कोई भी बड़ी संपत्ति अर्जित करने पर इसकी जानकारी भी मुख्य न्यायाधीश को देना अनिवार्य होगा। अब से जजों की संपत्ति का विवरण सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा।

### 3 जज भविष्य में बनेंगे सीजेआई

जिन 21 जजों ने अपनी संपत्ति घोषित की है, उनमें वे तीन जज भी शामिल हैं, जो भविष्य में मुख्य न्यायाधीश बनने वाले हैं। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### न्यायपालिका में पारदर्शिता की मांग बढ़ी

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब न्यायपालिका में पारदर्शिता की मांग बढ़ रही है। 13 मई को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की सेवानिवृत्ति से पहले न्यायाधीशों की संपत्ति के विवरण का प्रकाशन जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए एक समय पर उठाया गया कदम माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया के पूर्ण प्रकाशन से न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया पर बहुत आवश्यक स्पष्टता मिलने की उम्मीद है।

### परिसंपत्ति प्रकटीकरण

*5 मई तक, सुप्रीम कोर्ट ने सभी पांच कॉलेजियम न्यायाधीशों सहित 21 न्यायाधीशों की संपत्ति का विवरण प्रकाशित किया। शेष 12 न्यायाधीशों की संपत्ति का खुलासा शीघ्र ही कर दिया जाएगा। दो महिला न्यायाधीशों न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्नाकी संपत्ति का आंशिक रूप से खुलासा किया गया है। न्यायमूर्ति त्रिवेदी की संपत्ति का खुलासा किया गया है, लेकिन न्यायमूर्ति नागरत्ना की संपत्ति का खुलासा नहीं किया गया है।*

### कॉलेजियम और नियुक्ति प्रक्रिया

*सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायिक नियुक्तियों की अपनी प्रक्रिया का भी खुलासा किया है, जिसमें शामिल हैं, 9 नवंबर 2022 से 5 मई 2025 तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए सिफारिशें। उम्मीदवारों के स्रोतों, विशेष श्रेणियों (एससी/एसटी/ओबीसी/अल्पसंख्यक/महिला) तथा वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ संबंधों पर विस्तृत जानकारी।*

## खबर संक्षेप


### वक्फ 'धोखाधड़ी' में 5 पर केस, ईडी का छापा

**अहमदाबाद।** ईडी ने गुजरात में कुछ वक्फ संपत्तियों में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन जांच में कई स्थानों पर छापे मारे। पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया है। सलीम खान, मोहम्मद यासर, महमूद खान, फैज़ मोहम्मद और शहीद अहमद के खिलाफ प्राथमिकी पर कार्रवाई की है।



### तेलंगाना में 14 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में प्रतिबंधित भाकपा-माओवादी समूह के 14 सदस्यों ने मंगलवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। भाकपा (माओवादी) छत्तीसगढ़ का प्रतिबंधित संगठन है। एरिया कमेटी के 2सदस्यों सहित 14 ने माओवाद छोड़कर अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्ण जीवन का फैसला किया।



### मीठी नदी गाद निकासी 13 लोगों पर केस दर्ज

**मुंबई।** मुंबई एसआईटी ने मीठी नदी गाद निकासी घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को ठेकेदार और नागरिक अधिकारियों समेत 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की तथा आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों की एसआईटी उस घोटाले की जांच कर रही है।



### कर्नाटक में ट्रक-कार की टक्कर में 5 नहीं रहे

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में मंगलवार सुबह ट्रक-कार की टक्कर में 3 महिलाओं सहित 5 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना हुबली जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके में इंगालाहल्ली चौराहे के पास हुई। वे शिवमोगा जिले के सागर के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।



**कांग्रेस अध्यक्ष ने कथित खुफिया विफलता को लेकर पीएम पर उठाए सवाल**

# खरगे ने सुरक्षाबलों का 'मनोबल' गिराने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना की

**झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी ने 'कठिन समय' पर किया पलटवार**

**खरगे की टिप्पणी सर्वदा अनुचित**

एजेंसी ▶▶ रांची

भाजपा ने मंगलवार को दावा किया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के संबंध में कथित खुफिया विफलता को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना करने का उद्देश्य 'सुरक्षाबलों का मनोबल कम करना' है। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खरगे की टिप्पणी ऐसे समय पर आई है जब 'आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है। मरांडी ने खरगे की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि खरगे ने पीएम मोदी की आलोचना सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल गिराने के इरादे से की है।

उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में है। खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि केंद्र ने सर्वदलीय बैठक के दौरान 'खुफिया विफलता' को स्वीकार किया था।



### कांग्रेस गंदी राजनीति न करे

*खरगे ने कहा कि लोगों की रक्षा के लिए कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था 'मजबूत नहीं करने' के लिए सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मरांडी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ऐसे समय में राजनीति कर रही है जब पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को गंदी राजनीति में लिप्त नहीं होना चाहिए और खरगे की टिप्पणी अनुचित है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।*

**खरगे ने 'संविधान बचाओ रैली' में कहा**

### प्रधानमंत्री ने रद्द किया था अपना कश्मीर दौरा




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना जम्मू-कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने यहां कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित करते हुए यह सवाल भी किया कि इसी खुफिया रिपोर्ट के आधार पर लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई? उन्होंने कहा कि सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया विफलता की बात स्वीकार की है और ऐसे में उसे 26 लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। खरगे ने इस बात को दोहराया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए हर कदम का कांग्रेस समर्थन करेगी तथा सरकार के साथ खड़ी होगी।

### सरकार ने खुफिया विफलता सुधारने को माना

*सरकार ने यह माना कि ये खुफिया विफलता है और इसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया कि जब आपको खुफिया विफलता मालूम है तो पहले ही अच्छी व्यवस्था क्यों नहीं की गई? जब आप चूक को मान रहे हैं तो इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी आपको लेनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मुझे यह भी सूचना मिली है, अखबारों में भी यह आया है कि हमले के तीन दिन पहले वहां से खुफिया रिपोर्ट मोदी जी को भेजी गई थी। इसी कारण मोदी जी ने कश्मीर जाने का कार्यक्रम रद्द किया था।*

### सुरक्षा क्यों नहीं बढ़ाई गई?

*खरगे ने सवाल किया कि जब खुफिया तंत्र के लोगों का कहना था कि प्रधानमंत्री का जाना मुनासिब नहीं है तो लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई? पीएम की जम्मू-कश्मीर यात्रा 19 अप्रैल को निर्धारित थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दी गई थी। प्रधानमंत्री को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल का उद्घाटन करना था।*

### देश सबसे बड़ा फिर पार्टी, धर्म और जाति

*खरगे ने कहा कि देश सबसे बड़ा है। इसके बाद ही पार्टी, धर्म और जाति आती है। हमने देश के लिए अपनी जान दी है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश को एक रखने के लिए बलिदान दिया है। महात्मा गांधी ने तो देश को आजादी दिलाई, लेकिन एक गद्दार ने उनके सीने में गोलियां दाग दी।*

### करनाल में राहुल ने शहीद लेफ्टिनेंट नरवाल के परिवार के प्रति संवेदना जताई



*करनाल। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से मिलने के लिए कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी करनाल पहुंचे। उ रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा और हरियाणा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा पहले ही विनय नरवाल के घर पहुंच चुके थे। राहुल शहीद की पत्नी हिमांशी नरवाल और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।*

**ओबुलापुरम अवैध खनन मामले में कार्रवाई**

# कर्नाटक के पूर्व मंत्री रेड्डी समेत 3 अन्य दोषियों को 7 साल की सजा



**सीबीआई ने हिरासत में लिया**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य लोगों को एक विशेष अदालत ने 7साल की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें ओबुलापुरम अवैध खनन केस में दी गई है। वहीं कोर्ट का फैसला आते ही सीबीआई की टीम ने जनार्दन रेड्डी और बाकी दोषियों को अपनी हिरासत में ले लिया। यह मामला सालों पुराना है, जिसमें रेड्डी और उनके साथियों पर आरोप था कि उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर के गैरकानूनी तरीके से खनन किया और करोड़ों का नुकसान सरकार को पहुंचाया।

### पूर्व मंत्री और उनके साथियों ने कानून तोड़ा

इस केस में जांच एजेंसियों ने बताया कि जनार्दन रेड्डी की कंपनी ने सीमा के बाहर जाकर भी खनन किया और इसके लिए जरूरी अनुमति नहीं ली थी। इससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान हुआ। अब कोर्ट ने माना कि पूर्व मंत्री और उनके साथियों ने कानून तोड़ा और इसलिए उन्हें सात साल की कैद और जुर्माना भी भरना होगा।

### रेड्डी पर ये आरोप लगे

*पूर्व मंत्री रेड्डी पर भारत में घोटाला कर उन पैसों का कई देशों में निवेश करने का आरोप है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच सितंबर 2011 को रेड्डी और उनके रिश्तेदार बी.वी श्रीनिवास रेड्डी को बेल्लारी से गिरफ्तार किया था। श्रीनिवास रेड्डी ओबलापुरम माइनिंग कंपनी (ओएमसी) के प्रबंध निदेशक थे। इस कंपनी पर खनन पट्टे के सीमांकन को बदलने और बेल्लारी आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध खनन करने का आरोप है।*

### इन पर भी आरोप

*मामले में बीवी श्रीनिवास रेड्डी, गली जनार्दन रेड्डी, ओबुलापुरम माइनिंग कंपनी, पूर्व मंत्री के निजी सहायक मेफाज अली खान, खान विभाग के तत्कालीन निदेशक वी.डी. राजगोपाल, पूर्व आईएएस कृपानंदम और तत्कालीन मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत और कुछ अन्य पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं इस मामले में 2022 में उच्च न्यायालय ने आईएएस अधिकारी श्रीलक्ष्मी को मामले से मुक्त कर दिया।*

**फिलहाल तेज हवाएं नहीं रुक रहीं मौसम विभाग का अलर्ट जारी**

**गुजरात में आंधी-तूफान और बारिश ने बरपाया कहर**

# कई घरों की छत उड़ी, सड़क पर गिरे पेड़ और बिजली के खंबे, 14 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में आंधी, तूफान बिजली गिरने और बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में खराब मौसम के चलते कई घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने नुकसान की जानकारी दी। गुजरात में अभी भी तेज हवाएं चल रही हैं और बारी बारिश हो रही है। मौसम सामान्य होने के बाद नुकसान का आंकलन किया जा सकेगा। मौसम विभाग ( आईएमडी) के अनुसार 7 मई तक गुजरात में भारी बारिश और तेज हवाओं का कहर जारी रहेगा।



### बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत

*सोमवार को अहमदाबाद, आनंद, खेड़ा, दाहोद, अरावली और वडोदरा जिलों में घटनाएं घटीं जबकि रविवार को अहमदाबाद के विरमगाम क्षेत्र में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई थी। कई जिलों में पेड़, होर्डिंग और बिजली के खंभे गिर गए वहीं कुछ घर भी ढह गए। खेड़ा जिले में 4, वडोदरा में 3, अहमदाबाद, दाहोद और अरावली में 2-2 तथा आनंद में एक की मौत हुई है।*

### 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रहीं

*भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगामी कुछ दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने कहा कि गुजरात के 253 तालुकों में से 168 में सोमवार को असमय बारिश हुई। खेड़ा, गांधीनगर, मेहसाणा और वडोदरा जिलों में 25 से 40 मिमी तक वर्षा दर्ज की गई।*

**महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण पर बोले जज**

# यहां पर रिजर्वेशन रेलगाड़ी की बोगी जैसा हो गया, जो चढ़ गए दूसरे को अंदर नहीं आने देते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान देश में रिजर्वेशन सिस्टम की तुलना रेल यात्रा से की। जस्टिस कांत ने कहा कि देश में जाति आधारित आरक्षण रेलगाड़ी के डिब्बे की तरह हो गया है और जो लोग इस डिब्बे में चढ़ते हैं, वे दूसरों को अंदर नहीं आने देना चाहते।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच महाराष्ट्र राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी रिजर्वेशन से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव आखिरी बार 2016-2017 में हुए थे।2021 में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटा लागू करने के महाराष्ट्र सरकार के अध्यादेश को रद्द कर दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट के जज की बड़ी टिप्पणी**



### अब रिजर्वेशन का कारोबार रेलवे की तरह हो गया

*जस्टिस सूर्यकांत ने मौखिक रूप से कहा कि जब आप समावेशिता के सिद्धांत का पालन करते हैं, तो राज्य वर्गों की पहचान करने के लिए बाध्य होते हैं। सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग, राजनीतिक रूप से पिछड़े वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग होंगे। उन्हें फायदे से वंचित क्यों रखा जाना चाहिए? इसे एक विशेष परिवार या समूहों तक ही सीमित क्यों रखा जाना चाहिए। पीठ ने राज्य के विचार सुनने के लिए सुनवाई टाल दी।*

**सीएम ने जताया दुख** **2 राज्यों में 14 लोगों की असमय मौत**

# बिहार में शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदलीं, बेकाबू कार ने छीनी 8 जिंदगियां

एजेंसी ▶▶ कटिहार

बिहार में मंगलवार की सुबह अमंगल के साथ शुरू हुई। घर में शादी की ख़ुशी एक मिनट में मातम में तब्दील हो गया। कटिहार में भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना में टुनटुन कुमार, ज्योतिष कुमार, प्रिंस कुमार, अजय कुमार, सिक्कू कुमार सहित तीन अन्य लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

लोगों का कहना है कि ढिबरा बाजार बड़हरा कोठी जिला पूर्णिया से स्कॉर्पियो पर 10 व्यक्ति सवार होकर बारात के लिए कुर्सेला के पास कोशकीपुर जा रहे थे। चांदपुर पश्चिमी पंचायत के चांदपुर चौक के समीप सड़क पर खड़े मक्का लदे ट्रैक्टर और बिखरे मक्का के कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई।

### कार-बाइक की भीषण भिड़ंत 6 को लीला



शाहजहांपुर। यहां के मदनापुर थाना क्षेत्र में इको कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर होने से 6लोगों की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार 4युवकों की मौत हुई है। ये चारों दोस्त बताए गए हैं। इको कार में सवार दो लोगों की जान गई है। मदनापुर थाना क्षेत्र में काबिलपुर गांव के सामने पेट्रोल पंप से थोड़ा पहले सोमवार की रात करीब 11 बजे बरेली की ओर जा रही बाइक और मदनापुर की ओर से इको कार आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण था कि बाइक में आग लग गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**केंद्र सरकार पहले ही इस मुद्दे को सुलझाने प्रभावी कदम उठा चुकी**

**हरियाणा-पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश**

# दोनों राज्य केंद्र का सहयोग करें समाधान निकालने की बात करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों को निर्देश दिया कि वे सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर विवाद के हल के लिए केंद्र सरकार के साथ में सहयोग करें। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच को केंद्र सरकार ने बताया कि वह पहले ही इस मुद्दे को सुलझाने के लिए प्रभावी कदम उठा चुकी है। कोर्ट ने कहा कि हम दोनों राज्यों को निर्देश देते हैं कि वे भारत सरकार के साथ मिलकर एक सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में सहयोग करें।

**सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद**







### हरियाणा ने कहा- पंजाब से पानी नहीं छोड़ना ठीक नहीं

*केंद्र की तरफ से सुनवाई में कोर्ट में एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि हमने मध्यस्थता के लिए प्रयास किए हैं, लेकिन राज्यों को अपनी बात पर अमल करना होगा। वहीं हरियाणा सरकार के वकील श्याम दीवान ने कहा कि बातचीत से कोई भी हल नहीं निकल पा रहा है। जहां तक नहर के निर्माण की बात है तो हरियाणा ने अपने एरिया में पूरा काम कर लिया है और पानी नहीं छोड़ा जाना एक खास मुद्दा है।*

### यह बना विवाद का कारण

*अब पूरे विवाद की बात करें तो एसवाईएल नहर की परिकल्पना रावी और ब्यास नदियों से पानी के प्रभावी आवंटन के लिए की गई थी। इस प्रोजेक्ट में 214 किलोमीटर लंबी नहर बनाने की परिकल्पना की गई थी। इसमें से 122 किलोमीटर नहर पंजाब में और 92 किलोमीटर हरियाणा में बनाई जानी थी। हरियाणा ने तो अपने एरिया का काम पूरा कर लिया है लेकिन पंजाब ने साल 1982 में काम तो शुरू किया था लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। यह विवाद दशकों पुराना है।*

### कोर्ट ने किया सवाल-2 दशक से पंजाब ने निर्माण कार्य पूरा नहीं किया?

*सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2002 को हरियाणा द्वारा 1996 में दायर एक मुकदमे में उसके पक्ष में फैसला सुनाया था और पंजाब सरकार को एसवाईएल नहर के अपने हिस्से का निर्माण करने का निर्देश दिया था। इसके बाद 2023 में बड़ा दखल दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कहा था कि हमें सख्त आदेश देने पर मजबूर न करें। दो दशक से एसवाईएल का निर्माण न होने पर हम बेहद ही चिंतित हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा था कि हमें इस बात की जानकारी दें कि निर्माण का अब तक कितना काम पूरा हो चुका है? केंद्र सरकार दोनों सरकारों से बातचीत करती रहें।*

# बच्चों को वकील, डॉक्टर व इंजीनियर बनाओ, कॉलेज की फीस वहन करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय समाज के लोगों से कहा कि वे अपने बच्चों खासकर जनजातीय विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने में पूरी ताकत लगा दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को वकील,डॉक्टर और इंजीनियर जो चाहे बनाओ। बच्चों के कॉलेजों की फीस सरकार वहन करेगी।

उन्होंने कहा कि यदि वे विदेश जाकर भी पढ़ाई करना चाहते हैं तो सरकार इसके लिए भी तैयार है। उन्होंने बच्चों को अच्छी से अच्छी कोचिंग दिलाने को भी कहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव ने रखें।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समाज से किया आह्वान
- रामनगर में दो दिनी आदि उत्सव में सीएम हुए शामिल

## आदिवासी संस्कृति की मिलेगी जानकारीः मंत्री उइके



मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि रामनगर में सन 2015 से लगातार आदि उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आदि उत्सव का कार्यक्रम कोरोना काल में संपन्न नहीं हो सका था। आदि उत्सव में आदिवासी लोक संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास के संबंध में जानकारी दी जाती है।

### युवा पीढ़ी इतिहास, परंपरा से होगी अवगतः कुलस्ते

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि आदि उत्सव कार्यक्रम में संपूर्ण भारत के आदिवासी लोग शामिल होते हैं। गोंडवाना की इस भूमि में गोंड राजाओं ने 1500 से अधिक वर्षों तक शासन किया है। आदि उत्सव में आदिवासी संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास के बारे में बताया जाता है। जिससे आने वाली पीढ़ी अपने आदिवासी समाज की संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास से अवगत हो सके।

### छग और उप्र के मंत्री, विधायक और सांसद हुए शामिल

रामनगर में आयोजित हुए आदि उत्सव कार्यक्रम में मप्र शासन के अलावा छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश सरकार के मंत्री व विधायक सांसद शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर महिला बाल विकास, उत्तरप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री समाज कल्याण अनु.जा. एवं जन. कल्याण संजीव गौंड़, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, शहडोल लोकसभा सांसद हिमाद्री सिंह, लोकसभा सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक बरघाट कमल मर्सकोले, विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, विधायक सिहोरा संतोष वरकड़े, विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक धरमपुरी कालूसिंह ठाकुर, विधायक रामकोला उत्तरप्रदेश विनयप्रकाश गौंड़ शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने किए भगवान विष्णु वराह के दर्शन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के मझौली में भगवान विष्णु वराह के दर्शन कर विष्णु वराह मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, राजकुमार पटेल इस अवसर पर साथ थे।

## खबर संक्षेप



### मप्र में अपना दल (एस) के प्रभारी बने पटेल

**भोपाल।** अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है।

### संविधान बचाओ अभियान पर बैठक

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस कमेटी सभागार में अल्पसंख्यक विभाग की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तथा मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी निजाम कुरैशी एवं मप्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख आलम ने की। बैठक का प्रमुख उद्देश्य वक्फ संशोधन विधेयक एवं संविधान बचाओ अभियान की आगामी रणनीति तय करना रहा। कार्यक्रम में मप्र कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले, मप्र अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी हमीद काजी, मप्र कांग्रेस कमेटी के विभागों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने की राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध के बाद हुई कार्रवाई की समीक्षा

# सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी उपलब्ध कराई जाएगी आवश्यक कंसल्टेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना हमारा संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मप्र राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की समत्व भवन में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रमुख मिनेश शाह, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस. रघुपति, महाप्रबंधक संजय गोबानी सहित अधिकारी उपस्थित थे।

**खास बातें**

- निजी विश्वविद्यालय डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें: डॉ. यादव
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले
- प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं



### मप्र में बड़ी गोशालाएं विकसित की जा रही, दूध उत्पादन में होगा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी गोशालाएं विकसित की जा रही हैं। इनके विकास और बेहतर प्रबंधन से भी दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें। विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों को गोशालाओं से जोड़कर उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से गोशालाओं के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में बताया गया कि अनुबंध के परिपालन में प्रदेश के दुग्ध संघों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का प्रभार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से नामित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा जा चुका है।

### अधोसंरचना विकसित करने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी

प्रदेश की दुग्ध सहकारी समितियों के कवरेज क्षेत्र के विस्तार, दुग्ध संकलन, दुग्ध प्रसंस्करण और दुग्ध उत्पादों के लिए अद्यतन तकनीक पर आधारित अधोसंरचना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अगले पांच साल में कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से दुग्ध संघों द्वारा दूध खरीदने की दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था आदि की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है। सम्पूर्ण डेयरी वैल्यू चेन के डिजिटलाईजेशन के तहत ऑटोमेटिक मिल्क कलेक्शन सिस्टम का क्रियान्वयन प्रस्तावित है।

### दूध के उत्पादों के विपणन में सुधार के लिए कोल्ड चैन इंफ्रास्ट्रक्चर

*मप्र डेयरी विकास योजना के तहत डेयरी सहकारी कवरेज के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के साथ ही दूध और दूध के उत्पादों के विपणन में सुधार के लिए कोल्ड चैन इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिल्क पार्लर स्थापना, ब्राण्ड प्रमोशन, मार्केट स्टडी प्रस्तावित है। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य के संबंध में विशेषज्ञतापूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही राज्य शासन की किसान कल्याण योजनाओं की डेयरी सहकारी संस्थाओं के समन्वय से क्रियान्वयन के लिए भी पहल होगी।*

### प्रदेश के टेक्सटाइल सेक्टर को नई गति देगा पार्क

# टेक्सटाइल सेक्टर को नई उड़ान देने भोपाल में विकसित हो रहा रेडीमेड गारमेंट्स होजरी पार्क



▶ मल्टी प्रोडक्ट पार्क के रूप में किया जा रहा विकसित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेश और उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए किए जा रहे ठोस प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है कि राजधानी भोपाल में रेडीमेड गारमेंट्स होजरी पार्क की स्थापना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह पार्क न केवल राज्य के टेक्सटाइल सेक्टर को नई गति देगा, बल्कि मध्यप्रदेश को एक उभरते हुए औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

सतगढ़ी गांव, तहसील कोलार, भोपाल में यह औद्योगिक पार्क मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की देखरेख में विकसित किया जा रहा है। कुल 69.60 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले इस पार्क को मल्टी प्रोडक्ट पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें टेक्सटाइल, रेडीमेड गारमेंट्स और फूड प्रोसेसिंग जैसे विविध औद्योगिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है। लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी की दृष्टि से यह पार्क बेहतर स्थान पर बन रहा है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-46 से 12 किलोमीटर, राजा भोज एयरपोर्ट से 25 किलोमीटर तथा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भोपाल शहर से मात्र 13 किलोमीटर की दूरी होने के कारण श्रमिकों, उद्यमियों और औद्योगिक गतिविधियों के लिए आवागमन की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो जाती है।

इस औद्योगिक परियोजना पर कुल 1997.97 लाख रुपए की लागत संभावित है। पार्क के निर्माण से भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# कोरोना काल में 70 कैदियों को दी थी पैरोल, अब तक नहीं लौटे, हाई कोर्ट ने जेल डीजी से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण रोकने जेल प्रशासन ने अच्छे चाल-चलन वाले कैदियों को पैरोल पर छोड़ दिया था। कोरोना संक्रमण के दौरान कई बार पैरोल की अवधि बढ़ाई गई, मगर अब तक कई कैदी वापस जेल नहीं लौटे हैं। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर सख्ती दिखाते हुए जेल डीजी से जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट ने पैरोल पर छोड़े गए कैदियों को लेकर हाईकोर्ट ने जेल डीजी से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था।

जेल डीजी द्वारा हाईकोर्ट को जानकारी दी गई के मुताबिक प्रदेश की पांच सेंट्रल जेलों के 83 कैदी पैरोल से नहीं लौटे थे, जिनमें से 10 को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, 3 की मृत्यु हो गई है। अभी भी प्रदेशभर की जेलों से करीब 70 बंदी पैरोल से छूटने के बाद वापस नहीं लौटे हैं। एक बंदी दिसंबर 2002 से गायब हैं। इनमें अधिकतर बंदी हत्या के प्रकरण में जेल में बंद थे। फरार कैदियों की तलाश जारी जेल प्रशासन का दावा है कि



पुलिस के साथ मिलकर उन्होंने फरार कैदियों की तलाश की, लेकिन अब तक उनका कोई पता नहीं चला है। सूचना के अधिकार के तहत रायपुर जेल के वारंट अधिकारी ने 7 बंदियों के पैरोल पर छोड़े जाने के बाद से नहीं लौटने की जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर जेल में 22 बंदी नहीं लौटे हैं। उनके परिजन को बार-बार सूचना देने के बाद भी जब बंदी नहीं लौटे तो जेल प्रबंधन ने उनके खिलाफ संबंधित थानों में केस दर्ज कराया है।

बीजापुर - तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़

## सुरक्षा जवानों ने महिला नक्सली को किया ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर-तेलंगाना सीमा क्षेत्र पर जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

इस मुठभेड़ में एक वर्दीधारी महिला नक्सली मारी गई है। सुरक्षा बलों ने उसके शव के साथ एक 303 राइफल बरामद की। एसपी ने पुष्टि की कि 12 दिनों के अभियान में 4 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया, कई हथियार जब्त किए गए और सैकड़ों नक्सली बंकर नष्ट कर दिए गए हैं। पुलिस ने दावा किया है कि इस अभियान के दौरान कई बड़े माओवादी लीडर मारे गए हैं या तो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ऑपरेशन के दौरान अब तक सैकड़ों नक्सली ठिकानों और बंकर को नष्ट किया किया गया है।

# मुख्यमंत्री साय ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में सुशासन और जनहितकारी योजनाओं के प्रभाव को धरातल पर परखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इन दिनों लगातार प्रदेश के विभिन्न इलाकों के दौरे पर हैं। इसी क्रम में उन्होंने जिला बेमेतरा के सहसपुर ग्राम पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया।

बिना पूर्व सूचना के पहुंचे मुख्यमंत्री ने केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया और वहां इलाज करा रहे मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी स्थिति जानी।



### जल्द जारी होगी एसओपी

मुख्यमंत्री ने मितानिन दीदियों से चर्चा करते हुए संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व और नवजात के स्वास्थ्य के लिए यह आवश्यक है कि सभी प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में हों। मितानिनों को गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें अस्पताल में प्रसव के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया।

### आमजन को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले

*निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने चिकित्सा स्टाफ को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए दवाइयों और उपचार सामग्रियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और आमजन को समय पर, गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले, यही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।*


### तेन्दूपत्ता प्रोत्साहन राशि भ्रष्टाचार

# 11 वनोपज समिति प्रबंधक निलंबित, संचालक मंडल भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुकमा जिले में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के वितरण में भ्रष्टाचार के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, 11 प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधकों को हटा दिया गया है। इसके साथ ही इन समितियों के संचालक मंडल को भी भंग कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, इस मामले में पहले ही सुकमा जिले के डीएफओ को निलंबित करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने डीएफओ को गिरफ्तार किया है। अब समिति के प्रबंधकों को हटाने के साथ समिति के संचालक मंडल को भंग करने के बाद संबंधित नोडल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। गौरतलब है कि सुकमा जिले



के अंतर्गत सीजन साल 2021 के लिए 31,356 संग्राहकों को 4.53 करोड़ व वर्ष 2022 के लिए 18,918 संग्राहकों को 3.32 करोड़ रुपए प्रोत्साहन पारिश्रमिक का भुगतान किया जाना था।

इनमें से साल 2021 के 10,131 संग्राहकों को 1.38 करोड़ तथा वर्ष 2022 के 5,739 संग्राहकों को 74 लाख रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई।

### एनआईटीटीआर ऑडोटोरियम में भाजपा के वरिष्ठ नेता का चतुर्थ पुण्य स्मरण कार्यक्रम

# लूनावत कुशल संगठक और प्रखर वक्ता के साथ बहुत अच्छे इंसान थे : शिवप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजेश लूनावत की स्मृति में विजेश लूनावत स्मृति फाउंडेशन ने सोमवार को एनआईटीटीआर ऑडोटोरियम में आयोजित चतुर्थ पुण्य स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने विजेश लूनावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि विजेश लूनावत आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका उनकी स्मृतियां आज भी हमारे बीच मौजूद हैं। उनका व्यक्तित्व ही ऐसा था कि आज भी उनको याद किया जा रहा है। उनका व्यक्तित्व कितना विराट और श्रेष्ठ था, सुना था आज देख भी लिया। समय से पहले दुनिया न छोड़ते तो राजनीति के लिए और बड़ा योगदान हो सकता था। पार्टी संगठन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे कुशल संगठक और प्रखर वक्ता के साथ बहुत अच्छे इंसान थे। एक बार जो व्यक्ति उनसे मिलता था, उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की वजह से उनकी तरफ खिंचा चला जाता था।

पुण्य स्मरण कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय सहित अन्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। फाउंडेशन की संयोजिका स्मिता लूनावत ने अतिथियों का स्वागत किया।

### व्यक्तित्व में आकर्षण था, लूनावत हर समस्या के समाधान थेः शुक्ल



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विजेश लूनावत अजनबी से भी इतनी आत्मीयता के साथ मिलते थे कि हर कोई उनका मुरीद हो जाता था। उन्होंने दोस्ती को कभी भी स्वार्थ में बदलने नहीं दिया और न ही कभी स्वार्थ को संबंधों के बीच आने दिया। यही कारण है कि उनके सच्चे मित्रों की बहुत लंबी फेहरिस्त है। उन्होंने सभी के बीच अमिट छाप छोड़ी है। उनके व्यक्तित्व में एक चुंबकीय आकर्षण था। वे हर समस्या के समाधान थे। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनका काम हमेशा याद किया जाएगा।

### सलूजा को क्षेत्रीय व प्रदेश संगठन महामंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि



भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को इंदौर में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता स्व. नरेन्द्र सलूजा के निवास पहुंचकर उनकी आत्मिक शांति के लिए कीर्तन में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से भेंटकर ढांढस बंधाया। इस दौरान संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गौतम एवं जिला अध्यक्ष सुमित मिश्रा उपस्थित रहे।

# जिले से 10वीं में 5, 12वीं में 8 बच्चों ने मैरिट में स्थान बनाया

## महंगे और भारी भरकम फीस वाले स्कूल फिसड्डी





### कक्षा 10वीं में मैरिट में आने वालें बच्चें

1-शैजहा फातिमा
शासकीय मॉडल स्कूल जबलपुर
2-मो अशहद
स्प्रिंग डे स्कूल जबलपुर
3-रौनक बनसोड
शासकीय मॉडल स्कूल जबलपुर
4-प्रिंस राठौर
शासकीय हाई स्कूल गाडाघाट
5-पूर्णिमा यादव
मिस्पा मिशन स्कूल सिहोरा

**जबलपुर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम मंगलवार को एक साथ घोषित किया गया। इस बार दसवीं, 12वीं दोनों में छात्राओं ने बाजी मारी। जबलपुर जिले में पिछले वर्ष की तुलना में परीक्षा फल में सुधार रहा है।**

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि कक्षा दसवीं में पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम 55.9 था जो इस साल बढ़कर 70.45 हो गया है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में पिछले वर्ष 71.53 था जो कि इस वर्ष बढकर 73..91 हो गया है।

वहीं राज्य मैरिट सूची में जबलपुर के 10 कक्षा के पांच बच्चों ने टॉप 10 में जगह बनाई एवं 12 वीं कक्षा के आठ छात्र शामिल रहे। इस बार नतीजों में दिलचस्प यह रहा कि महंगे और भारी भरकम फीस वाले स्कूल मैरिट लिस्ट में दूर दूर तक नजर नहीं आए। वहीं शासकीय स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों ने बाजी मारी। कक्षा दसवीं में मॉडल हाईस्कूल की कुमारी शैजहा फातिमा ने 498 अंक प्राप्त कर राज्यस्तरीय प्रवीन्य सूची (मैरिट सूची) में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा बारहवीं में कार्तिक गुप्ता ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर की प्रावीन्य सूची में अपना स्थान बनाया।



### गांव की बेटी शिवानी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए

**जबलपुर।** जबलपुर संभाग के सिवनी जिले के अंतर्गत छोटे से गांव ढेंकी की बेटी शिवानी पाटिल, पिता गणेश पाटिल, माता राधिका पाटिल ने 500 में से 449 नंबर लाकर 89.8% प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं अपने गांव के लोगों के चेहरे में खुशी ला दी एवं गांव का नाम रोशन करके यहां रहने वाले बच्चों को एक उम्मीद की किरण बढ़ाई है. आप पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के प्रचार निरीक्षक शिव पाटिल की भतीजी हैं।

### कक्षा बारहवीं प्रवीन्य सूची

1- कार्तिक गुप्ता
सीएम राइज मेडिकल

2-कु. सिमरन साहू
सलेम स्कूल खितोला

3- ओम दुबे
शासकीय मॉडल स्कूल जबलपुर

4-कु. अमृता पांडे
शासकीय मॉडल स्कूल जबलपुर

5- कु सिद्धि शुक्ला
ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल रेगवा
6-एकांश राजपूत
सेंट थामस स्कूल जबलपुर
7-कृष्ण बहादुर
तान्या कान्वेंट पाटन
8-कु. कसकशा अंजुम
शासकीय बालक पनागर

हाईकोर्ट ने आतंकियों को ढ़ेर करने के मामले में सुनाया आदेश

# वीरता की सराहना करते हुए पहले ही किया जा चुका है पुरस्कृत

## एकलपीठ के आदेश को सही ठहराते हुए निरस्त की अपील

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने अपना सुरक्षित आदेश सुनाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग पर दो आतंकियों को ढेर करने वाले अपीलकर्ता को वीरता की सराहना करते हुए पहले ही पुरस्कृत किया जा चुका है। लिहाजा, रैपिड एक्शन फोर्स, आरएएफ के इंस्पेक्टर की अपील निरस्त की जाती है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने मामले का अवलोकन कर पाया कि एकलपीठ ने कोर्ट आफ इंक्वायरी द्वारा मिशन में शामिल सभी सदस्यों के वीरता की सराहना की थी, साथ अपीलार्थी व अन्य जवानों के लिए डीजी प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार के लिये संस्तुति की थी। वीरता पुरुस्कार प्रदान करने के लिए नियमों के तहत कोई वैधानिक प्रविधान नहीं है। यह जांच न्यायालय की जांच व उसके विवेकाधिकार पर आधारित है, जिस पर न्यायालय ने हस्तक्षेप से इंकार कर दिया था। युगलपीठ ने एकलपीठ के आदेश को सही ठहराते हुए दायर अपील निरस्त कर दी। हाईकोर्ट में यह अपील भोपाल निवासी रेवाशंकर योगी की ओर से वर्ष 2013 में दायर की गई है। जिसमें कहा गया है कि उसने दो जवानों के साथ एक अप्रैल, 2008 को अनंतनाग में हिजबुल मुजाहिद्दीन के दो आतंकी असलम खान और जावेद अहमद को मार गिराया था। आतंकी अमरनाथ यात्रियों पर हमला करने की फिराक में थे। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए आउट आफ टर्न प्रमोशन मिलना था। सीआरपीएफ के तत्कालीन डीआईजी की अनुशंसा के बाद भी ऐसा नहीं किया गया। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई है। मामले में भारत सरकार, डीजीपी सीआरपीएफ दिल्ली, आईजी सीआरपीएफ श्रीनगर व डिप्टी आईजी सीआरपीएफ अनंतनाग सहित कमांडेंट को पक्षकार बनाया गया था।

### मप्र हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व विभाग, जबलपुर को निर्देश दिए

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व विभाग, जबलपुर को निर्देश दिए हैं कि सिवनी जिले के आष्टा स्थित अष्टभुजा माँ काली मंदिर के विस्तार वाले भाग को संरक्षित करने के संबंध में निर्णय लें। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने इसके लिए 4 सप्ताह का समय दिया।गढ़ा गोंडवाना संरक्षक संघ जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष किशोरी लाल भलावी की ओर से याचिका प्रस्तुत कर अधिवक्ता बालकिशन चौधरी, एकता चौधरी एवं प्रशांत मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि लगभग 400 वर्ष पूर्व अष्टभुजा वाली माँ काली मंदिर का निर्माण गौड़ समाज के द्वारा कराया गया था। सर्वप्रथम 20 अक्टूबर 1922 को अंग्रेजों ने उक्त मंदिर को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित करने का गजट पब्लीकेशन किया था। मंदिर व ग्राम पंचायत के चारों ओर 08 तालाब बने हुये हैं और बीच में मंदिर स्थापित है जिस कारण उक्त मंदिर का नाम आष्टा रखा गया है। अंग्रेजो ने सन 1840 में एक भवन का निर्माण कराया था जो जर्जर हालत में है। भू-माफियाओं की नज़र उक्त भूमि पर है जिसे तोड़कर स्थानीय भू-माफिया उक्त जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं। अंदर 08 कुंए बने हैं जो ऐतिहासिक महत्व के हैं। इसे भी उक्त मंदिर में समाहित कर उक्त मंदिर की सीमा की विस्तार करने की मांग संबंधी अभ्यावेदन आयुक्त संभाग-जबलपुर, कलेक्टर एवं भारतीय पुरातत्व विभाग को भेजा गया था। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।



### 118 राउंड चली थी गोलियां-

मामले की सुनवाई दौरान युगलपीठ ने पाया कि उक्त मामले में सीआरपीएफ ने जांच न्यायालय गठित किया था। जिसमें अपीलार्थी ने अपने बयान में कहा था कि उक्त मिशन पर 12 कर्मियों ने इंसास राइफल से 118 राउंड गोलियां चलाई थी, अपीलार्थी ने नौ गोलियां चलाई थी, किसकी गोली से आतंकी की मौत हुई वह बताने की स्थिति में नहीं है।

### डीजी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की अनुशंसा

न्यायालय ने पाया कि उक्त मामले में जांच न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला था कि बल के सभी सदस्यों ने बहादुरी, साहस और अपनी वीरता का परिचय दिया है। जिनके योगदान की सराहनी की जानी चाहिये, जिसके लिये डीजी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की अनुशंसा भी की गई थी। पूरा रिकार्ड अवलोकन करने के बाद ही एकलपीठ ने मामले में हस्तक्षेप से इंकार किया था। जिसे सही ठहराते हुए युगलपीठ ने दायर अपील निरस्त कर दी।

# पति से प्रताड़ित महिला के जहर खाने से मचा हड़कंप

## जनसुनवाई में एसपी आफिस शिकायत लेकर पहुंची थी महिला

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पति से प्रताड़ित एक महिला अपनी फरियाद लेकर एसपी आफिस पहुंची और पति की शिकायत करते हुए जहर खा लिया। तत्काल पुलिस हरकत में आई और महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्नी मोहल्ला सुहागी निवासी एक 30 वर्षीय द्रोपती विश्वकर्मा अपने पति के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंची थी। महिला का आरोप है कि उसका पति रमेश विश्वकर्मा पिछले 12 वर्षों से उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। आए दिन शराब पीकर मारपीट और गाली-गलौच करता है और बच्चों की देखरेख भी नहीं करता हैं।

महिला का आरोप है कि उसका पति उसे धमकाता था कि वह उसे जान से मार देगा। होली से पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। 30 मार्च 2025 को सुबह 7 बजे उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर वह फरार हो गया। इसके बाद से वह महिला को न तो पैसे देता है और न ही घर में रखता है। इस मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया।महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए जनसुनवाई में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तुरंत महिला को मेडिकल सहायता के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिला के परिजनों ने भी थाना आधारताल में शिकायत दी थी। उनका कहना है कि उनकी बेटी लंबे समय से प्रताड़ना सह रही थी और उन्होंने कई बार ससुराल वालों से समझौते की कोशिश की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इस घटनाक्रम के बाद अधारताल थाने को मामलें की जांच सौंपी गई।

# उपार्जन केंद्रों से कम्प्यूटर आपरेटरों की सेवा कैसे पृथक की

## हाईकोर्ट ने कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

जबलपुर । मप्र हाईकोर्ट ने उपार्जन केंद्रों से कम्प्यूटर आपरेटरों की सेवाएं पृथक करने के मामले में जवाब-तलब किया है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने रीवा कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी किए ।
रीवा निवासी विनय मिश्रा सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहेनगुरिया, शुभम पाटकर व आनंद शुक्ला ने पक्ष रखा। कोर्ट को बताया कि राज्य शासन की उपार्जन नीति के अंतर्गत उपाजर्न केंद्रों में संलग्न कम्प्यूटर आपरेटरों को उपार्जन प्रक्रिया से पृथक व प्रतिबंधित कर दिया गया है। दरअसल, उपार्जन नीति के अनुसार उपार्जन में संलग्न सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से याचिकाकर्ताओं को उपार्जन केन्द्रों में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर संविदा में संलग्न किया था। कलेक्टर रीवा के द्वारा आलोच्य आदेश के माध्यम से यह कारण इंगित करते हुए कि खरीफ विपरण वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन मनमाने तरीके से निरस्त कर दिए गए हैं। इसके साथ ही गेंहू उपार्जन में अनियमितता के आरोपित कम्प्यूटर आपरेटर पुनः उपार्जन केंद्रों में पदस्थ होकर उपार्जन में अनियमितता कर सकते हैं, इस आशंका के साथ याचिकाकर्ताओं को उपार्जन कार्य से पृथक किया गया है।

# छात्राओं के वीडियो मामले में दिल्ली जाएगी पुलिस

## छात्रा से की जा रही पूछताछ, किसी रैकेट की संभावना

**जबलपुर।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण संस्थान (ट्रिपल आईटीडीएम) के गर्ल्स हॉस्टल के बाथरुम में नहाते वक्त छात्राओं के वीडियो बनाने के मामलें में पुलिस कड़ी छानबीन कर रही हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि छात्रा दिल्ली में बैठे अपने बॉयफ्रेंड के कहने पर इस तरह के वीडियो शूट करके अपने बॉयफ्रेंड को भेजती थी, जिससे यह शंका जताई जा रही है कि यह छात्रा और उसका बॉयफ्रेंड अश्लील वीडियो बनाने वालें किसी गिरोह से जुड़ा हो सकता है। लिहाजा पुलिस हर ऐंगल से जांच कर रही है और छात्रा के बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार करने दिल्ली भी जा रही है। बताया गया है कि वीडियो बनाते हुए पकड़ी गई छात्रा अपने मोबाइल से सीनियर छात्राओं का नहाते समय वीडियो बनाती थी। बीटेक करने वाली यह छात्रा पिछले दो साल से छात्रावास में रहने वाली सीनियन छात्राओं की वीडियो बना रही थी। जिसे एक छात्रा ने पकड़ा और उसके बाद प्रबंधन मामलें को दबाने में लगा रहा, लेकिन ट्रिपल आईटीडीएम के छात्र छात्राओं ने डुमना पुलिस चौकी का घेराव किया और अखिल भारतीय परिषद ने ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन किया। उसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। छात्रा के पास दो मोबाइल और एक लैपटाप जब्त किया। छात्रा को गेस्टहाउस में रखकर पूछताछ की जा रही है। इसके परिजनों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय का कहना है कि इस संगीन और संवेदनशील मामलें की हर ऐंगल से जांच की जा रही है साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# टीकमगढ़ में सरकारी जमीन पर प्लाट काटकर कैसे बेच रहा कॉलोनाइजर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि टीकमगढ़ में कॉलोलाइजर अवैध रूप से प्लॉट काटकर उन्हें बेच रहे हैं। याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर टीकमगढ़, एसडीओ सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा ।टीकमगढ़ निवासी हरेन्द्र प्रताप सिंह यादव की ओर से अधिवक्ता मनीष वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि एसडीओ ने 107 ऐसे अवैध कॉलोनाइजर्स की सूची जारी की है जिन्होंने शहर में अवैध रूप से प्लॉट काटे हैं। ये प्लॉट 7 हजार से अधिक लोगों को बेचे गए हैं। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने एक कॉलोनाइजर जय महाकाल गुप के प्रोपराइटर प्रतीक श्रीवास्तव के संबंध में शिकायतें की हैं। उक्त कॉलोनाइजर ने खसरा क्रमांक 545, 569 सहित अन्य में टीएण्डसीपी से स्वीकृत दिशा के विपरीत कॉलोनी विकसित की है। पार्क की जमीन बेचकर उसमें मकान का इसी तरह की कई अनियमितताएं की हैं। जब शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

**हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, टीकमगढ़ कलेक्टर सहित अन्य को जारी किए नोटिस**

शराबखोरी ने शहर की गलियों से निकलना किया दुश्वार

# सड़कों पर चल रहे अवैध अहातों पर नहीं किसी का ध्यान

जबलपुर।

जबलपुर में शराब ठेकों की नीलामी के बाद अब ठेकेदारों के इशारों पर आबकारी विभाग नाच रहा हैं। महंगी दरों पर शराब ठेके नीलाम होने के बाद जबलपुर में शहर के बाहर के जिलों के ठेकेदारों की एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अब ठेकेदारों के इशारे पर आबकारी विभाग दिखाने के लिए ढाबों और अवैध शराब की बिक्री वालें चिन्हित स्थानों पर लगातार सक्रियता दिखा रहा है। अचानक से आबकारी विभाग की सक्रियता बढ़ गई है। अच्छी बात है कि शहर में अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए और शराबखोरी पर भी लगाम लगनी चाहिए। आबकारी विभाग 365 दिन सक्रिय रहे, तभी अवैध शराब की बिक्री रुक पाएगी। लेकिन इसके साथ साथ ठेकेदारों पर भी लगाम लगानी होगी, जो खुलेआम अवैध अहाते चला रहे है और दुकान के बाहर या आड़ में किनारे से दारु बेचने के साथ पिलाने की व्यवस्था भी कर रहे है। शाम ढलते ही सड़कों पर शराबियों का जमघट नजर आने लगता हैं। एक तरफ पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए शाम से देर रात तक वाहन चैकिंग चलवा रहे हैं और शराबी शहर की कानून व्यवस्था बिगाड़ने में लगे हुए हैं। बल्देवबाग, रसल चौक, मालवीय चौक, रानीताल, महानद्दा, मदनमहल, बस स्टैंड में शराब दुकान के बाहर सड़क तक शराबियों के वाहन खड़े रहते हैं। सड़कों पर जाम छलकते रहते हैं। इधर पुलिस चालान में व्यस्त रहती हैं और उधर आबकारी विभाग कुंभकरणीयनींद में सो रहा है।



### शराब दुकान के पास चल रहे अवैध आहते

शराब दुकान के पास अवैध आहता खोलकर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है शहर और ग्रामीण थाना क्षेत्र में सड़कों पर खुलेआम शराबी शराब पीते नजर आते हैं जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही हैं।

### महिलाएं उतर चुकी है सड़कों पर

रांझी, कंतौरा, सहित कई जगहों पर शराब दुकान से परेशान महिलाएं सड़को पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। शराब दुकान हटाने की मांग की जा रही हैं। सड़कों से निकलने पर शराब पीने वाले शराबी गंदे गंदे कमेंट के साथ गालियां देते नजर आते हैं ऐसे कई थाना क्षेत्र की महिलाओं ने थाने में शिकायत तो दी लेकिन संबंधित थाना पुलिस के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई,

### दुकान बंद होने के बाद भी बिकती रहती है शराब

रात 11:30 बजे शराब दुकान बंद होने के बाद भी शराब ठेकेदारों के हौसले बुलंद है जहां पुलिस दुकान बंदे तो जरूर करती है लेकिन रात में बिक रही शराब को देखकर भी अनदेखा कर देती है और सूचना देने के बाद पुलिस फॉर्मेलिटी के लिए दुकान बंद करने के लिए पहुंचे तो जाती है।

## खबर संक्षेप

### जहर खाने से युवती की मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत कृष्णा कालोनी त्रिमूर्तिनगर में अज्ञात वस्तु का सेवन करने से एक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी 26 वर्षीय कुमारी आकांक्षा पाठक को अज्ञात वस्तु का सेवन करने पर उपचार के लिए देर रात लगभग 1.30 बजे विक्टोरिया अस्पताल भाई आयुष पाठक द्वारा भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान देर रात लगभग 3.25 बजे कुमारी आकांक्षा पाठक की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश पर युवक की हत्या का प्रयास

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत झंडा चौक में पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती झंडा चौक निवासी 24 वर्षीय विशाल उर्फ पप्पू चौधरी लगभग 2 वर्ष से गोवा में होटल में वेटर का काम करता है जो गत 30 अप्रैल को अपने घर जबलपुर आया था। गत रात लगभग 9 बजे जब वह घर से मार्केट जा रहा था तभी झंडा चौक के सामने पुरानी रंजिश पर मोहन चौधरी उसे गालियां देने लगा, गाली देने से मना करने पर उसके पेट पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी मोहन चौधरी के विरूद्ध धारा 296, 109 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### चाकूबाजी में युवक से मारपीट कर किया घायल

**जबलपुर।** माढोताल थाना अतंर्गत ग्रीनसिटी माढ़ोताल में पुरानी रंजिश और शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रीनसिटी माढ़ोताल निवासी 22 वर्षीय बीटेक छात्र आदित्य चंद्रोल के किराए के घर पर गत शाम लगभग 4.30 बजे साहिल पटेल अपने अन्य साथियों के साथ आया और उसके दोस्त मृदुल झारिया को पूछने लगा। मृदुल झारिया और साहिल की पुरानी रंजिश है। जब उसने कहा कि मृदुल बाहर गया है तो इसी बात पर साहिल पटेल और साहिल के अन्य साथी गालियां देने लगे, मना करने पर साहिल ने चाकू से हमला कर दिया ।

## बारहवीं कार्मस से सिमरन साहू तो दसवीं से पूर्णिमा यादव ने प्रदेश में फहराया परचम

# प्रदेश की मैरिट सूची में सिहोरा की बेटियों का भी रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

मंगलवार को घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल 2025 के 12वीं एंव 10वीं के परीक्षा परिणाम में शालेम इंग्लिश मीडियम स्कुल की बारहवीं की छात्रा कुमारी सिमरन साहू सिहोरा ने प्रदेश की मैरिट सूची में छठवीं रैंक एंव मिस्पा मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कुल दसवीं की छात्रा पूर्णिमा यादव ने प्रदेश की मैरिट सूची में दसवीं रैंक हांसिल कर विद्यालय के साथ नगर को भी गौरवान्वित कर बता दिया है कि बेटियां भी किसी से कम नहीं है।

### सिमरन साहू शालेम स्कुल बारहवीं कार्मस 97 प्रतिशत प्रदेश में छठवीं रैंक




पेशे से व्यवसायी राजेंद्र साहू वार्ड क्रमांक 9 की छोटी बेटी तथा शालेम इंग्लिश मीडियम स्कुल की छात्रा सिमरन साहू ने बताया कि उन्होंने सोसल मीडिया से दूर रहकर बिना कोचिंग के घर में ही पढ़ाई करके तथा परिवार एंव विद्यालय के सहयोग से 500 में से 485 अंक कार्मस विषय से 97 प्रतिशत अंक हांसिल कर यह सफलता हासिल की है एंव आगे वह दिल्ली यूनिवर्सिटी से बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री हासिल करना चाहती है सफलता का श्रेय परिवार के साथ गुरुजनों को देना चाहतीं हैं।स्कुल के संचालक एम भास्करन,श्रीमती गिरजा भास्करन ने विद्यालय में बिटिया को माला पहनाकर स्वागत किया।

### पूर्णिमा यादव मिस्पा मिशन दसवीं 98.2 प्रतिशत प्रदेश में दसवीं रैंक



मिस्पा मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कुल की छात्रा पूर्णिमा यादव पिता सुरेन्द्र कुमार यादव सेना में हवलदार पुरेना मझौली निवासी ने बताया कि वह नीट की तैयारी कर रही है और आगे डाक्टर बनना चाहती है उन्होंने कोचिगं एंव सोसल मीडिया से दूर रहकर केवल घर ही पढ़ाई चार से पांच घंटे लगातार पढ़ाई करके 500 में से 491 नम्बर 98,2 प्रतिशत हासिल किए हैं तथा सफलता का श्रेय परिवार के साथ स्कुल के शिक्षकों को देना चाहती है जिनके अथक परिश्रम से यह सफलता हासिल की है। विद्यालय के संचालक वी सी वर्गीय,प्राचार्य राजेश पंजाबी,पवन पांडे आदि ने माला पहनाकर मीठाई खिलाकर स्वागत किया एंव बधाई दी।

हायर और हाई स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम में आगे रहे छात्र

## सीएम राइज विद्यालय मझौली में छात्रों ने मारी बाजी

**मझौली।** कक्षा दसवीं में मयंक नामदेव पिता जगदीश प्रसाद ने 96.8%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं कक्षा बारहवीं में लकी साहू पिता लटौरी प्रसाद साहू ने गणित संकाय से 93.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रौशन किया विद्यालय का दसवीं कक्षा का कुल परीक्षा परिणाम 97.26% और कक्षा बारहवीं का कुल परीक्षा परिणाम 95.93% प्रतिशत रहा विद्यालय की प्राचार्या संगीता राय, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार रैकवार, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कन्नौजिया एवं समस्त विद्यालय



### सत्यवती जगदीश पालीवाल मेमोरियल हा. से. स्कूल मझौली के छात्रों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**कक्षा दसवीं**

शिवांक मिश्रा - 94.2%

वंशिका चौरसिया - 91.6%

**कक्षा बारहवीं**

वहीं कक्षा बारहवीं में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बायो संकाय में अनुष्का लोधी (89.2%) के साथ एवं गणित संकाय में शुभ कोष्टा ( 89% ) के साथ अव्वल प्रदर्शन किया। इसी क्रम में कक्षा बारहवीं में 15 एवं दसवीं में 23 छात्रों ने अ+ श्रेणी ( 75% से अधिक अंक) लाकर विद्यालय एवं माता पिता के साथ छेत्र का नाम रोशन किया ।

### माउंटेन मैन अंकित सेन मलेशिया के सबसे ऊंचे शिखर पर लहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**जबलपुर।** माउंट किनाबालु 4095 मीटर मलेशिया और बोर्नियो का सबसे ऊँचा पर्वत है। यह पर्वत मलेशिया के सबा के पश्चिमी तट डिवीजन के रानू जिले में स्थित है। अंकित सेन उम्र 26 साल छोटे से गांव पड़रिया मझौली जबलपुर के निवासी हैं बचपन से ही सपना था माउंट एवरेस्ट पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज लहराना अभी तक अंकित ने विश्व के तीन महाद्वीप अफ्रीका यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में भारत का राष्ट्रीय ध्वज लहराया है अब मलेशिया में जाकर लहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज अंकित का यह कैंप दिनांक 23 से लेकर 2 जून तक रहेगा।

### ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शुभारंभ

**जबलपुर।** कुराश एसोसिएशन जबलपुर के सचिव शशांक सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 6 मई से 20 जून तक किया जा रहा है जिसका शुभारंभ मंगलवार को कुराश एकेडमी पनागर में आयोजित किया गया।

### जी.आई.एस. सर्वे का डाटा हर हाल कम्प्यूटर में दर्ज करने के निर्देश

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर बढ़ाने की दृष्टि से पूर्व में जी.आई.एस. के माध्यम से सभी वार्डो का घर-घर जाकर सर्वे किया गया था। जिसके संबंध में आज एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी ने अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह के साथ संभाग क्रमांक 15 सुहागी पहुंचकर संभाग क्रमांक 15 एवं 7 के संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जी.आई.एस. सर्वे के डाटा को कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज करें, जिससे सम्पत्तिकर की राशि बढ़ाई जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि सर्वे के जो रजिस्टर उपलब्ध कराये गए हैं उनका सूक्ष्म रूप से परीक्षण कर प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड में 20 से 25 सम्पत्तियों को कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज करें। बैठक में संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय एवं समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

- आज प्रातः 8.00 बजे से होगी श्रीमद् भागवत कथा'
- स्वामी महेंद्रानंद जी की रहेगी विशेष उपस्थिती कार्यक्रमों में

# शिव समाराधन महायज्ञ में उमड़ा धर्म प्रेमियों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज पाटन।

पतित पावनी मां नर्मदा के आशीर्वाद से मध्य प्रदेश का ग्राम्य जीवन आज भी सरल और सहज हैए इस प्रदेश की भूमि छल कपट से रहित है एइस प्रदेश में चलने वाले सेवा प्रकल्प इसे अन्य प्रांतों से अलग पहचान दिलाते हैंए यही कारण है की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने अपने वनवास काल के 12 वर्ष इसी मध्य प्रदेश की पावन भूमि चित्रकूट में व्यतीत किए थे इससे बड़ा और कोई प्रमाण हो नहीं सकता !भारत का उदर है मध्य प्रदेशए इस प्रदेश के लोगों के पास सब कुछ है इस प्रदेश में मानव पद्धति एसंत पद्धतिए राजनीतिक पद्धतिए ब्राह्मण पद्धति का निर्माण हुआ सारे विश्व के समय की काल गणना का निर्धारण भी इसी प्रदेश की उज्जैन नगरी से होती है मृत्यु को टालने की क्षमता रखने वाले महाकाल भी यहीं हैंए सब कुछ



होने के बाद भी स्वभाव में सरलता और सहजता होना बड़ी बात है उक्त उदगार नर्मदा तट के प्रसिद्ध संत पूज्य महेंद्रानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में पवई अमरपुर धाम में आयोजित शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के अवसर पर देश के ख्याति लब्ध भागवत प्रवक्ता इंद्रेश जी महाराज ने व्यक्त किए। मंच संचालन जीतेन्द्र पचौरी द्वारा किया गया।

गोवर्धन लीला की चर्चा करते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा की इंद्र के नाराज होने से परेशान बृजवासी यहां वहां भाग रहे थे कन्हैया ने कहा की जिसकी शरण में आए हो अर्थात गोवर्धन पर विश्वास रखो कन्हैया ने अपनी उंगली पर गोवर्धन को धारण किया जिसे देखकर बृजवासी अपने गोवंश एबछड़ाए बछिया को लेकर गोवर्धन के नीचे आ गए और सभी ने अपनी अपनी लाठी भी गोवर्धन में लगा लीए अपनी उंगली पर गोवर्धन कैसे उठा लिया बृजवासियों द्वारा यह पूछने पर कन्हैया ने कहा कि मैंने बृजवासियों के बल से गोवर्धन उठाया है सभी के घरों से जो मैंने मक्खन खाया था उससे जो बल प्राप्त हुआ उससे मैंने गोवर्धन उठाया है पूज्य महाराज श्री ने कहा की ज्ञानी भक्तए योगी एबैरागी एवैदिक रीति से ठाकुर जी को प्राप्त कर लेते हैं परंतु प्रेमी और सरल हृदय वाले भक्त को ठाकुर जी स्वयं लेने आते हैं आज बृजवासियों का कन्हैया से इतना अधिक प्रेम है कि उन्हें उनकी प्रभुता दिखाई नहीं देती और ठाकुर जी भी बृजवासियों के साथ अपनी लीलाओं का प्रदर्शन करते हैं।

### मां नर्मदा को प्रदूषण से बचाने के लिए आगे आए युवा

कथा के अवसर पर पूज्य इंद्रेश जी ने कहा कि स्वामी महेंद्रानंद जी ने बताया कि यह कार्यक्रम नर्मदा प्रदूषण मुक्ति को लेकर के हो रहा है और हमने परसों जहां स्नान किया था वहां नर्मदा जी का प्रदूषण मैंने अनुभव किया और आज जहां स्नान किया वहां प्रदूषण कंम था तो मेरी प्रार्थना है सभी श्रद्धालुओं से विशेष करके युवा पीढ़ी से क्या आप अपनी ऊर्जा को अपने समर्थ को नर्मदा जी को प्रदूषण मुक्त बनाने में लागये नहीं तो जैसे हम बृजवासी आज रो रहे हैं आंसू बहा रहे हैं यमुना जी की दशा को देखकर के मैं स्वयं यमुना जी का पुजारी हूं यमुना जी में मेरी श्रद्धा है परंतु में अभी 4 साल से स्थिति में हूं कि यमुना के जल का आगमन भी नहीं कर पा रहा हूं स्नान तो बहुत दूर है तो आज नर्मदा जी कम से कम स्नान करने योग्य तो हैं उनका जल पीने के योग्य तो है परंतु आप लोग ध्यान तरस जाओगे फिर नर्मदा जी के जरूर के लिए इसलिए जैसे भी हो सके नर्मदा जी के प्रदूषण को रोका जाए और नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन में हम स्वामी महेंद्रानंद जी के साथ हैं इनका अच्छा प्रयास है हम आगे चलकर नर्मदा परिक्रमा भी करेंगे और अमरकंटक पर्वत की जो परिक्रमा स्वामी महेंद्रानंद जी ने प्रारंभ की है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है हम भी कभी अमरकंटक पर्वत राज की परिक्रमा करेंगे उक्त उद्धार करेंगे स्वामी महेंद्रानंद का लक्ष्य है कि आज जो नर्मदा जी के प्रति बड़ी हुई श्रद्धा है वह नर्मदा जी के अस्तित्व को बढ़ाने में कामयाब हो स्वामी महेंद्रानंद जी ने कहा कि हम चाहते हैं कि घरों घर शोक टैंक बने घर का गंदा पानी घर से बाहर न निकले घर में भी लोग उतना ही पानी उपयोग में ले जीतने की आवश्यकता है व्यर्थ में जल का दुरुपयोग ना करें व्यर्थ मैनेजर को गंदा करके ना बनाएं और यह व्यवस्था जब बन जाएगी शासन उनको सब्सिडी दे और सबके घरों में ही शोक टैंक बने उसे वाटर लेवल भी बढ़ेगा और वाटर लेवल के साथ.साथ वाटर लेवल के साथ.साथ नर्मदा जी भी शुद्ध रहेंगे और जो लोग गंदा करें उन पर कार्यवाही की जाए घर का गंदा पानी बिल्कुल बहन निकल जाए कल श्रीमद् भागवत का समापन कथा सुबह 8 बजे से होगी है और अधिक से अधिक संख्या में लोग पधारे ।प्रातः कालीन सत्र में नित्य रुद्राभिषेकए हवन और सायं कालीन सत्र में ज्योतिष परामर्श विदुषी ऋचा गोस्वामी द्वारा किया जाता है। उपाध्याय जी का अभिनंदन किया। कथा यजमान सर्वेश पटेलए यज्ञ यजमान श्याम मनोहर पचौरी ने भागवत पुराण का पूजन किया तथा आरती उतारी। आयोजन प्रभारी बलराम यादवए अध्यक्ष हर कृष्ण पचौरीए नवनीत महेश्वरीए गौरीशंकर तिवारीए विष्णु शंकर पटेलए उमेश नारायाण पचौरीए ठाकुर राकेश सिंहए मनोज पटेलए मदन मोहन पचौरीए मुकुल पचौरीए राम विनय करसोलिया आदि ने भागवत कथा का श्रवण किया।

## पूर्व छात्र नेता संतोष राहुल बब्बा नहीं रहे

**जबलपुर।** पूर्व छात्र नेता गीतांजलि स्कूल के संचालक संतोष राहुल उर्फ बब्बा का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 1970 के दशक में जब छात्र राजनीति पूरे शबाव पर थी तब संतोष राहुल अग्रणी पंक्ति के छात्र नेता हुआ करते थे। उन्होंने छात्र आंदोलन की नीति में कई दफा जेल की यात्रा भी की। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। सोमवार की सुबह उन्होंने एक निजी अस्पताल में अंतिम श्वांस ली। श्री राहुल जैन समाज के प्रतिष्ठित नागिरकों में भी शुमार थे। मंगलवार को नेपियर टाउन चौथा पुल स्थित गीताजंलि स्कूल से प्रारंभ होकर निज निवास कमानिया गेट होते हुए रानीताल मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की।

**श्री राजेश्वर पांडे-** शिवनगर गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास निवासी श्री राजेश्वर पांडे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मल कुमार-** भूमिका स्टेट कंटगा तिराहा के पास निवासी श्री केएम कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मल कुमार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मालती तिवारी-** पीपी कॉलोनी अखाड़ा के पास निवासी श्री रामकोस तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती मालती तिवारी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री रजनीश यादव-** उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री रजनीश यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामा बाई शर्मा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री ओमदत्त शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रामा बाई शर्मा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री भगवान दास (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रिंकू मलिक-** बिलहरी निवासी श्री जयकिशोर मलिक के पुत्र श्री रिंकू मलिक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हीरा बाई साहू-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री प्रेम कुमार साहू की धर्मपत्नी




श्रीमती हीरा बाई साहू (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनीता पासी-** बिलहरी जनता स्कूल के पास निवासी पुरुषोत्तम पासी की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता पासी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भूरा रजक-** दमोहनाका निवासी श्री भूरा रजक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लता रामचंदानी-** नया मोहल्ला निवासी श्री सतराम रामचंदानी की धर्मपत्नी श्रीमती लता रामचंदानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. आकांछा पाठक-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री नरेंद्र पाठक की पुत्री कु. आकांछा पाठक (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक राना-** नगर निगम कम्पाउंड निवासी श्री गोपाल राना के पुत्र श्री दीपक राना (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार गुप्ता-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अशोक कुमार गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दिलीप कुमार घोष-** पेंटीनाका सदर निवासी श्री दिलीप कुमार घोष (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती स्वप्न लता चौरसिया-** पान दरींबा दीक्षितपुरा निवासी श्री हरी प्रसाद चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती स्वप्न लता चौरसिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मनोज साहू-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री मनोज साहू (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## ग्राम मोहतरा में अग्नि कांड से पीड़ित किसानों को भाकियू ने बांटा गेहूं

# अग्नि पीड़ित अन्नदाताओं की मदद सबसे बड़ा धर्म

हरिभूमि न्यूज, सिहोरा

अन्नदाता अपने खून पसीने की मेहनत से सबका पेट भरने अन्न उगाता है और देवी प्रकोप से यदि उसकी उगाई फसल आग के हवाले हो जाती है तो ऐसे संकट में अन्नदाता और उसके परिवार का पेट भरने उसको अन्न देने की मदद सबसे बड़ा धर्म है और इससे बड़े पुण्य की प्राप्ति होती है यह बात भारती किसान यूनियन जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल ने ग्राम मोहतरा में 7 अप्रैल को हुए अग्निकांड से पीड़ित आधा सैकड़ा से अधिक किसानों को गेहूं से भरी बोरी प्रदान करते समय कही।



### 50 से अधिक किसानों को बांटा गेहूं

मालूम रहे ग्राम मोहतरा में हुए अग्निकांड में 50 से अधिक किसानों की काटने के लिए खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई दूसरों का पेट भरने का सपना संजोये किसान के पास अपना और परिवार का पेट भरने अन्न का दाना नहीं बचा भारत कृषक समाज तहसील अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल पटेल,छोटे पटेल,ओमप्रकाश पटेल, देवेंद्र पटेल,चंद्रजीत पटेल,विजय पटेल,लक्ष्मी नारायण,सुशील पटेल,प्रमोद ठाकुर,के के पटेल, संतोष वर्मा,लईक अहमद,महेंद्र पटेल,राजेश पटेल, लक्ष्मी पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

### किसानों को एक माह बाद भी नहीं मिली सहायता राशि

उपस्थित किसान नेताओं ने अग्नि पीड़ित दूधिया बाई,राममिलन पटेल,शुघराम चौधरी,राम मनोहर विश्वकर्मा,नरेश चक्रवर्ती,राकेश चक्रवर्ती,फागूराम कोरी,मूलचंद चौधरी,तुलसा चौधरी,जयकरण चौधरी को ढ़ाढस बंधाते हुए गेहूं से भरी बोरी प्रदान की। ग्राम मोहतरा के भीषण अग्निकांड का एसडीएम सिहोरा रूपेश सिंघई ने तहसीलदार शशांक दुबे के साथ मौके पर घटनास्थल पहुंचकर अग्निकांड का जायजा लिया तथा पीड़ित किसानों का मुआवजा प्रकरण बनवाकर एसडीएम कार्यालय प्रस्तुत करने के निर्देश तहसीलदार को दिए थे लेकिन प्रशासन की हीला हवाली के चलते अग्निकांड होने के एक महीना बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को शासन की सहायता के रूप में कोई मदद नहीं मिली। इससे द्रवित होकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारीयो ने अग्निकांड से पीड़ित अन्नदाताओं को अन्न प्रदान कर उनकी मदद करने का अनुकरणीय निर्णय लिया।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र. / /अ-6/2024-2025)
**आम इश्तहार** अधारताल, दिनांक 22.4.25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता सिटी ब्लॉक नं. 16 तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवती प्रसाद जायसवाल पिता स्व. रामप्रसाद जायसवाल उम्र 74 वर्ष निवासी 643 साउथ मिलौनीगंज, सूजीपुरा, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, जबलपुर के द्वारा सिटी ब्लॉक नं 16 प्लाट नं 72 रकवा 1735 वर्गफुट भूमि दर्ज खातेदार रामप्रसाद वल्द माताबदल कलार की मृत्यु दिनाक 09/11/1992 को होने उपरांत उनके विधिक वारसान द्वारा फौती के माध्यम से नामांतरण हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 05.05.2025
पेशी दिनांक 29.05.2025
सील
नायब तहसीलदार
तहसील आधारताल,
जबलपुर

## खबर संक्षेप



### ब्रुकफील्ड इंडिया रीट की आय 16 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध परिचालन आय 16 प्रतिशत बढ़कर 488.5 करोड़ रुपये हो गई है। एक साल पहले इसी अवधि में उसकी शुद्ध परिचालन आय (एनओआई) 422 करोड़ रुपये रही थी। ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने यूनिटधारकों को 319 करोड़ रुपये वितरित करने की घोषणा की है। शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही के लिए अपने यूनिटधारकों को 319.1 करोड़ रुपये (5.25 रुपये प्रति यूनिट) वितरित करने की घोषणा की।

### आईएचसीएल का लाभ 28 फीसदी बढ़ 562 करोड़



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली इंडियन होटल्स कंपनी का मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 28.4 प्रतिशत बढ़कर 562.66 करोड़ रुपये हो गया। देश की सबसे बड़ी होटल कंपनी को एक साल पहले की समान अवधि में एकीकृत आधार पर 438.33 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इंडियन होटल्स ने सोमवार को शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी।

### एथर एनर्जी का शेयर दो फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी एथर एनर्जी का शेयर अपने निर्गम मूल्य 321 रुपये से दो प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 1.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 326.05 रुपये पर शुरुआत की। बाद में यह 3.70 प्रतिशत चढ़कर 332.90 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 2.18 प्रतिशत चढ़कर 328 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।कंपनी का बाजार मूल्यांकन 12,110.53 करोड़ रुपये रहा।


### महिंद्रा का शुद्ध लाभ 13.34 प्रतिशत बढ़ा



**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 13.34 प्रतिशत बढ़कर 3,541.85 करोड़ रुपये रहा है। वाहन और कृषि उपकरण खंड के अच्छे प्रदर्शन की वजह से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने साथ ही मुख्य रूप से यात्री वाहनों के लिए एक नए विनिर्माण संयंत्र की स्थापना की घोषणा की, जिसके मार्च, 2028 तक चालू हो जाने की उम्मीद है। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 3,124.94 करोड़ रुपये रहा था।

### स्केचर्स का नौ अरब डॉलर में 3 जी कैपिटल करेगी अधिग्रहण

**न्यूयॉर्क।** फुटवियर बनाने वाली दिग्गज अमेरिकी कंपनी स्केचर्स का नौ अरब अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है।



निवेश फर्म 3जी कैपिटल स्केचर्स का अधिग्रहण करने वाली है लेकिन वह उसे एक निजी कंपनी बनाने जा रही है। इसका मतलब है कि कंपनी शेयर बाजार में सूचीबद्ध नहीं होगी। स्केचर्स के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से इस अधिग्रहण सौदे को मंजूरी दे दी है। बयान के मुताबिक, यह सौदा 63 अमेरिकी डॉलर प्रति शेयर की पेशकश पर हुआ है, जो शेयर के 15 दिनों के औसत मूल्य से 30 प्रतिशत अधिक है।

# बिकने वाला है यस बैंक, जापान की कंपनी सुमितोमो के हाथ आ सकता है कंट्रोल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मंगलवार को यस बैंक के शेयरों में खास हलचल देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में यस बैंक के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 9.6 परसेंट की उछाल के साथ 19.44 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए. हालांकि, दोपहर के कारोबार में इसमें कुछ गिरावट देखने को मिली। बैंक के शेयर कुछ गिरावट के साथ 18.11 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे हैं।

पिछले कारोबारी सेशन में यस बैंक के शेयर 17.98 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुए थे। दरअसल, यस बैंक में 51 परसेंट हिस्सेदारी खरीदने को लेकर जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कार्प (एसएमबीसी) की बैंक से बातचीत चल रही है। अगर डील पर बात पक्की हो जाती है, तो यह शायद भारत के बैंकिंग सेक्टर में हुआ अब तक का सबसे बड़ा सौदा माना जाएगा।

### यस बैंक में जापान की कंपनी सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कार्प खरीदेगी हिस्सेदारी

#### जापान की कंपनी खरीदेगी 51 फीसदी हिस्सेदारी

इससे पहले साल 2020 में खराब वित्तीय हालत से जूझ रहे लक्ष्मी विलास बैंक को सिंगापुर के डीबीएस बैंक से मर्ज किया गया था। इसके बाद देश के बैंकिंग सेक्टर में इतनी बड़ी डील अब तक नहीं हुई। यदि सौदा पूरा होता है तो यस बैंक निजी क्षेत्र के बड़े बैंकों में शामिल हो जाएगा और बैंक पर सिंगापुर की कंपनी का होगा कंट्रोल।




#### इतने में होगा सौदा

रिपोर्ट के मुताबिक, यह डील 1.7 बिलियन डॉलर (लगभग 14,000 करोड रुपए) में वैल्यू की जा सकती है। सुमितोमो या तो सीधे 26 परसेंट से कम हिस्सेदारी खरीदेगा और शेयर स्वैप के जरिए मर्जर करेगा या 26 परसेंट हिस्सेदारी खरीदकर ओपन ऑफर लाएगा। इससे बैंक का कंट्रोल सुमितोमो को मिल सकता है, जो एक बड़ा रणनीतिक बदलाव होगा।

#### इस चीज पर फंसा हुआ है पेंच

जापान के दूसरे सबसे बड़े बैंक सुमितोमो मित्सुई फाइनेंशियल ग्रुप की यूनिट एसएमबीसी पिछले साल से ही यस बैंक के सबसे बड़े इंवेस्टर भारतीय स्टेट बैंक और रिजर्व बैंक के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन ओनरशिप और वोटिंग राइट्स पर बात अटकी हुई है। बताया जा रहा है कि आरबीआई की तरफ से एसएमबीसी को यस बैंक में 51 परसेंट हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी मिल गई है।

### भारत टेलीकॉम कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा

# एप्पल अपने सभी मोबाइल फोन भारत में बनाएगा और यहीं से खरीदेगा : सिंधिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान में भारत में निवेश करना हर मूल उपकरण विनिर्माता के लिए आर्थिक रूप से समझदारी भरा कदम है। उन्होंने इस संबंध में अमेरिकी स्मार्ट उपकरण कंपनी एप्पल के उस फैसले का उदाहरण दिया जिसमें उसने अमेरिका में बिकने वाले अधिकतर आईफोन को भारत में बनाने तथा यहां से खरीदने का निर्णय लिया है।

■ भारत में निवेश करना आर्थिक रूप से समझदारी भरा कदम

'भारत टेलीकॉम' कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा कि वर्तमान में भारत में निवेश केवल सद्भावना का कार्य नहीं है, बल्कि यह हर एक ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) के लिए आर्थिक रूप से समझदारी भरा कदम है। सिंधिया ने कहा, ''एप्पल ने आने वाले वर्षों में अपने सभी मोबाइल फोन भारत में ही बनाने तथा यहीं से खरीदने का निर्णय लिया है। जब आप भारत में निवेश करते हैं, तो आप सामर्थ्य, विश्वसनीयता और मौलिकता का चयन करते हैं।''

**खास बातें**

- चीन अन्य बाजारों के लिए सर्वाधिक आईफोन बनाना जारी रखेगा
- भारत में एप्पल फोन बनने से 25 हजार नौकरियां हुई सृजन



#### एप्पल के सीईओ कुक ने कहा, आपूर्ति भारत से होगी

एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने हाल ही में कहा था कि जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन की आपूर्ति भारत से की जाएगी। वहीं शुल्क दरों पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए सर्वाधिक आईफोन बनाना जारी रखेगा।

#### भारत का दूरसंचार बाजार कई गुना बढ़ा

सिंधिया ने कहा कि सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित दूरसंचार उपकरण बाजार में कई गुना वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा, '' केवल 4,000 करोड़ रुपये, यानी आधा अरब डॉलर के निवेश के परिणामस्वरूप 80,000 करोड़ रुपये की बिक्री हुई है, निर्यात में 16,000 करोड़ रुपये का योगदान रहा और 25,000 नौकरियां सृजित हुई हैं। इसलिए, भारत में दूरसंचार उपकरण बाजार भी कई गुना बढ़ गया है।''

#### भारत आयातक से बड़ा निर्यातक बना

दूरसंचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि 2014 के आसपास भारत मोबाइल फोन का एक बड़ा आयातक था, लेकिन अब वह मोबाइल फोन का एक बड़ा उत्पादक व निर्यातक बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत का मोबाइल फोन उद्योग 2014 में 60 लाख फोन बनाने और 21 करोड़ मोबाइल फोन आयात करने से बदलकर 2024 में कुल 33 करोड़ मोबाइल फोन का उत्पादन और पांच करोड़ फोन का निर्यात करने वाला बन गया है।

#### आईफोन उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 15 फीसदी

पेम्मासानी ने कहा, '' इसके अलावा अगर आप वैश्विक स्तर पर आईफोन उत्पादन पर नजर डालें, तो आज उसमें 15 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की है।'' बाजार अनुसंधान कंपनी आईडीसी के अनुसार, एप्पल ने दुनिया भर में 23.21 करोड़ आईफोन की आपूर्ति की है।

#### भारतीय जमीन पर चिप का निर्माण

पेम्मासानी ने कहा कि 'सेमीकंडक्टर मिशन'.. भारत को इलेक्ट्रॉनिक, सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र में बदल रहा है। उन्होंने कहा, '' भारतीय जमीन पर सेमीकंडक्टर विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना हमारी प्रौद्योगिकी संप्रभुता में एक महत्वपूर्ण क्षण है।''

# कजारिया सेरामिक्स अपने प्लाईवुड कारोबार करेगी बंद




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाइल्स कारोबार की दिग्गज कंपनी कजारिया सेरामिक्स ने घाटे में चल रहे अपने प्लाईवुड कारोबार को बंद करने का फैसला किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई कजारिया प्लाईवुड के परिचालन को बंद करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

■ कंपनी ने निवेश और ऋण को पूरी तरह चुका दिया

कंपनी ने मंगलवार को इस फैसले की सूचना शेयर बाजार को दी। कंपनी ने प्लाईवुड कारोबार में किए गए 112.38 करोड़ रुपये के निवेश और ऋण को पूरी तरह से चुका दिया है और 30 जून, 2025 तक इसे बंद कर दिए जाने की उम्मीद है। जनवरी-मार्च तिमाही में कजारिया सेरामिक्स का एकीकृत लाभ 58.6 प्रतिशत घटकर 43.18 करोड़ रुपये रह गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 104.27 करोड़ रुपये था।

कजारिया सेरामिक्स के चेयरमैन अशोक कजारिया ने बयान में कहा, ''मार्च तिमाही में हमारा शुद्ध लाभ एक साल पहले के 102 करोड़ रुपये की तुलना में 43 करोड़ रुपये रहा। ऐसा प्लाईवुड कारोबार के संयुक्त उद्यम भागीदारों और विक्रेताओं के साथ समझौते के लिए अतिरिक्त प्रावधान किए जाने से हुआ है।''

#### समूचे वित्त वर्ष के लिए कंपनी का लाभ घटा

आलोच्य तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व मामूली रूप से 1.13 प्रतिशत बढ़कर 1,221.85 करोड़ रुपये हो गया। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का लाभ 30.57 प्रतिशत घटकर 300.02 करोड़ रुपये रहा, जबकि कुल राजस्व 3.6 प्रतिशत बढ़कर 4,635.07 करोड़ रुपये हो गया।

# अप्रैल में ईवी यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 57 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में कुल यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री इस साल अप्रैल में 56.87 प्रतिशत बढ़कर 12,233 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 7,798 इकाइयों की बिक्री हुई थी। वाहन डीलरों के निकाय फाडा की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने टाटा मोटर्स 4,436 इकाइयों की बिक्री कर इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार में सबसे आगे रही। हालांकि, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने भी इस महीने क्रमशः 3,462 और 2,979 ईवी की बिक्री के साथ अपनी स्थिति मजबूत की है।

■ फाडा की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

पिछले साल अप्रैल में टाटा मोटर्स ने 5,177 इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बेचे थे जबकि जेएसडब्ल्यू एमजी ने 1,268 और एमएंडएम ने 668 इकाइयों की बिक्री की थी। हुंदै मोटर इंडिया ने पिछले महीने 677 इलेक्ट्रिक पीवी की बिक्री की, जबकि अप्रैल, 2024 में यह आंकड़ा सिर्फ 91 इकाई का था। अप्रैल, 2025 में इलेक्ट्रिक दोपहिया खंड की कुल खुदरा बिक्री 40.02 प्रतिशत बढ़कर 91,791 इकाई हो गई जबकि अप्रैल, 2024 में यह आंकड़ा 65,555 इकाई था।



#### टीवीएस ने अपनी बढ़त बनाए रखी

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने कहा कि टीवीएस मोटर कंपनी ने पिछले महीने 19,736 इकाई के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी जबकि ओला इलेक्ट्रिक और बजाज ऑटो क्रमशः 19,706 एवं 19,001 इकाइयों के साथ दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहीं। एथर एनर्जी ने पिछले महीने 13,167 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री की जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 4,144 इकाई था।

# सोना 2,400 रुपए उछलकर 99,750 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 2,400 रुपये बढ़कर 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन बढ़त को जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला

■ चांदी में आई 1800 रुपए की तेजी



सोना मंगलवार को 2,400 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नए शुल्क लगाने की घोषणा के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में तेजी आने से सोने की कीमतों में तेजी आई है।''

# एआई पर भरोसा करने में भारत प्रतिस्पर्धियों से आगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में 76 प्रतिशत लोग कृत्रिम मेधा (एआई) पर भरोसा करने को तैयार हैं, जो उनके वैश्विक समकक्षों (46 प्रतिशत) की तुलना में कहीं अधिक है। केपीएमजी की हालिया रिपोर्ट में यह कहा गया है।

■ केपीएमजी की हालिया रिपोर्ट में यह कहा गया है


रिपोर्ट में कहा गया कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 67 प्रतिशत भारतीयों ने महसूस किया कि वे एआई की मदद के बिना अपना काम पूरा नहीं कर सकते हैं, और 97 प्रतिशत भारतीय जानबूझकर काम में इसका इस्तेमाल करते हैं। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष बताते हुए, केपीएमजी ने कहा कि एआई उद्योग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवा और वित्त से लेकर शिक्षा और मनोरंजन तक, विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव ला रहा है। इसमें कहा गया कि एआई प्रौद्योगिकियां दैनिक जीवन में अधिक एकीकृत होती जा रही हैं तो इन प्रणालियों के प्रति जनता के विश्वास और दृष्टिकोण को समझना महत्वपूर्ण है। यह भारत में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहां एआई स्वीकार्यता की गति बढ़ रही है, और आर्थिक वृद्धि व सामाजिक लाभ को आगे बढ़ाने के लिए एआई की क्षमता बहुत अधिक है। अध्ययन में पाया गया कि 78 प्रतिशत भारतीय एआई के नकारात्मक परिणामों के बारे में चिंतित हैं।




#### एआई प्रौद्योगिकी पर विश्वास जताया

*अध्ययन में कहा गया, "इसमें पाया गया कि 76 प्रतिशत भारतीय एआई पर भरोसा करने को तैयार हैं, जो वैश्विक औसत 46 प्रतिशत से काफी अधिक है। यह एआई प्रौद्योगिकियों में मजबूत विश्वास को दर्शाता है।" उभरते देशों में पांच में से तीन लोग एआई प्रणालियों पर भरोसा करते हैं, जबकि उन्नत देशों में पांच में से केवल दो लोग ही उन पर भरोसा करते हैं।*

# बैंक ऑफ बड़ौदा के लाभ में तीन फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 5,048 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने मंगलवार को जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजार को दी। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 4,886 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बीओबी ने कहा कि आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आय एक साल पहले के 33,775 करोड़ रुपये से बढ़कर 35,852 करोड़ रुपये हो गई। इस दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 30,642 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 29,583 करोड़ रुपये थी। हालांकि, तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) घटकर 11,020 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,793 करोड़ रुपये थी।

# निवेशकों का सतर्क रुख सेंसेक्स 156 अंक गिरा

### निफ्टी में भी 82 अंक की गिरावट रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बैंकिंग एवं पेट्रोलियम शेयरों में मुनाफावसूली आने और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने के कारण मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 156 अंक फिसल गया, जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स दो दिन की बढ़त को रोकते हुए 155.77 अंक गिरकर 80,641.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 315.81 अंक गिरकर 80,481.03 अंक पर आ गया था।

■ बैंकिंग व पेट्रोलियम शेयरों में हुई मुनाफावसूली

निफ्टी 81.55 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,379.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि नीतिगत दर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के निर्णय से पहले और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता पर चिंताओं से कारोबारी गतिविधियां सीमित दायरे में रहीं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। परमाणु संयंत्रों, सैन्य ठिकानों, रिफाइनरियों और पन बिजली बांध जैसे संवेदनशील प्रतिष्ठानों वाले करीब 300 'नागरिक सुरक्षा जिलों' में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन, 'शत्रुतापूर्ण हमले' के लिए नागरिक प्रशिक्षण और बंकरों और खाइयों की सफाई पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।



#### इन कंपनियों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक और सन फार्मा में सबसे ज्यादा गिरावट आई। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले और मारुति के शेयरों में तेजी का रुख रहा।

### कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय का बड़ा कदम

# जेनसोल और ब्लूस्मार्ट के खिलाफ जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कंपनी कानून के कथित उल्लंघन के संबंध में जेनसोल इंजीनियरिंग और ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी के मामलों की जांच का आदेश दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेनसोल इंजीनियरिंग कथित रूप से धन की हेराफेरी और कामकाज संबंधी खामियों के लिए नियामक जांच के दायरे में है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अप्रैल में एक आदेश पारित कर कंपनी के प्रवर्तक अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को विभिन्न उल्लंघनों के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था। ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी अनमोल सिंह जग्गी द्वारा प्रवर्तित है।




#### मंत्रालय ने धारा 210 के तहत जारी किया आदेश

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 210 के तहत कंपनियों के खिलाफ जांच का आदेश दिया। मंत्रालय को धारा 210 के तहत जनहित सहित विभिन्न आधारों पर किसी कंपनी के मामलों की जांच का आदेश देने का अधिकार है।

#### सेबी ने 15 अप्रैल को प्रवर्तक के खिलाफ जारी किया आदेश

*इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि वह सेबी के आदेश की समीक्षा करने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 अप्रैल को जेनसोल के प्रवर्तक के खिलाफ आदेश जारी किया था। इन प्रवर्तकों पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग से ऋण राशि को निजी उपयोग के लिए गबन किया है।*

#### वित्तीय कदाचार को लेकर चिंताएं बढ़ी

*कंपनी के कामकाज के तरीकों और वित्तीय कदाचार को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बीच, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड और ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी के वित्तीय विवरणों की समीक्षा छह महीने में पूरी करने की संभावना है। आईसीएआई का वित्तीय रिपोर्टिंग समीक्षा बोर्ड (एफआरआरबी) वित्त वर्ष 2023-24 के लिए दोनों कंपनियों के वित्तीय विवरणों की समीक्षा कर रहा है।*

#### जेनसोल ईडी की जांच के दायरे में भी

*एफआरआरबी लेखांकन मानकों, लेखा परीक्षा मानकों, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची दो और तीन के अनुपालन का आकलन करने के लिए कंपनियों के वित्तीय विवरणों की समीक्षा करता है। इसके अलावा, एफआरआरबी, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी लेखांकन और लेखा परीक्षा पर विभिन्न मार्गदर्शन पत्र और परिपत्रों/निर्देशों के अनुपालन का भी आकलन करता है। जेनसोल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में भी है।*

## चिंतन

# सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए कैशलेस योजना वरदान

देश में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को निर्दिष्ट अस्पतालों में पहले सात दिन के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मानव सुरक्षा के लिहाज से जनकल्याणकारी कदम है। विश्व में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं, ये सालाना स्तर पर प्रति वर्ष करीब 12 फीसदी की दर से बढ़ रहे हैं। प्रति वर्ष औसत 4.5 लाख से अधिक सड़क हादसे हो रहे हैं। इनमें करीब दो लाख लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और करीब 4.5 लाख लोग घायल हो जाते हैं। मौतों में 9 फीसदी व घायलों में 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज हो रही है। सड़क दुर्घटना के बाद अगर पीड़ितों को जल्द अस्पताल पहुंचा दिया जाय तो हजारों लोगों को मौत से और लाखों लोगों को अपंग होने से बचाया जा सकता है। देखा गया है कि सड़क दुर्घटना के सबसे अधिक शिकार परिवार के कामकाजी व युवा होते हैं। इसलिए हादसे का समाज पर आर्थिक असर गहरा है। ऐसे में पांच मई से लागू सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना घायलों की जीवनरक्षा के लिए वरदान साबित होगी। अक्सर देखा जाता है कि पैसे के चलते अस्पताल इलाज करने में आनाकानी करते हैं। सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए नकदी रहित इलाज योजना व्यापक प्रभाव पैदा करेगी। इस योजना का उद्देश्य समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को कम करना है और पीड़ितों को संभावित स्थाई अपंगता से बचाना है। देशभर में किसी भी सड़क पर मोटर वाहन से दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का हकदार होगा। इस योजना के अंतर्गत निर्दिष्ट अस्पताल के अलावा किसी अन्य अस्पताल में उपचार केवल पीड़ित की हालत स्थिर करने के उद्देश्य से और दिशानिर्देशों के अनुसार ही होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) को पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ समन्वय कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन एजेंसी बनाया गया है। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के लिए योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी होगी और निर्दिष्ट अस्पतालों को शामिल करने, पीड़ितों के उपचार, उपचार पर निर्दिष्ट अस्पताल को भुगतान एवं संबंधित मामलों के लिए पोर्टल को अपनाने तथा उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ समन्वय करने को लेकर जिम्मेदार होगी। सरकार ने योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सड़क सचिव के अधीन 11 सदस्यीय एक संचालन समिति भी गठित की है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए चंडीगढ़ में एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया था, जिसे बाद में छह राज्यों तक विस्तारित किया गया। हाल में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि वर्ष 2023 में 4.80 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई। देश में 5 साल में सड़क हादसों में 7.77 लाख मौतें हुई हैं। वर्ष 2021 तक एक दशक में करीब 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु सड़क हादसे में हुई व 50 लाख लोग घायल हुए थे। सरकार ने वर्ष 2024 तक सड़क हादसे में 50 फीसदी कमी लाने का लक्ष्य रखा था, पर यह नहीं हो सका। देर से ही सही, पर सरकार जागी है और हादसे पीड़ितों के इलाज के लिए कैश्लेस योजना लेकर आई, लेकिन इस योजना के दुरूपयोग को रोकने के उपाय भी सुनिश्चित करने होंगे।



विश्लेषण
कृष्ण प्रताप सिंह

# भारत से दुश्मनी पाक के डीएनए में

भारत से दुश्मनी पाकिस्तान के डीएनए में शामिल है और इस दुश्मनी का अक्लमंदी से विलोम सम्बन्ध है। तभी तो उसके लिए इशारा तो क्या, वह 'सीख' भी काफी नहीं सिद्ध हो पा रही, जो उसके राष्ट्रपति (सदर) फील्ड मार्शल अयूब खां ने भारत से 1965 के युद्ध में तब दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उन्हें दिन में तारे दिखाते हुए अपनी सेनाएं लाहौर तक पहुंचा दी थीं। भारत पर नाहक हमले के अपने दुस्साहस का ऐसा जवाब पाकर अयूब खां ने अपने मंत्रियों से कहा था कि मैं पाकिस्तान 50 लाख कश्मीरियों के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानियों की ज़िंदगी कभी ख़तरे में नहीं डालेगा, लेकिन पाक तभी से इसे समझने से लगातार इनकार करता रहा है।

कहावत है कि अक्लमंद के लिए इशारा काफी होता है, लेकिन यह कहावत जैसे पाकिस्तान पर लागू नहीं होती। इसलिए कि भारत से दुश्मनी उसके डीएनए में शामिल है और इस दुश्मनी का अक्लमंदी से विलोम सम्बन्ध है। तभी तो उसके लिए इशारा तो क्या, वह 'सीख' भी काफी नहीं सिद्ध हो पा रही, जो उसके राष्ट्रपति (सदर) फील्ड मार्शल अयूब खां ने भारत से 1965 के युद्ध में तब दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उन्हें दिन में तारे दिखाते हुए अपनी सेनाएं लाहौर तक पहुंचा दी थीं। भारत पर नाहक हमले के अपने दुस्साहस का ऐसा जवाब पाकर अयूब खां की घिग्घी कुछ इस तरह बंध गई थी कि वे अपने मंत्रिमंडल की बैठक में भी उसका बंधना नहीं भुला पाये थे। तब उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि मैं चाहता हूँ कि यह समझ लिया जाए कि पाकिस्तान 50 लाख कश्मीरियों के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानियों की ज़िंदगी कभी ख़तरे में नहीं डालेगा...कभी नहीं। लेकिन पाकिस्तान तभी से इसे समझने से लगातार इनकार करता रहा है।

दरअसल, 22 दिनों के उस युद्ध में पाकिस्तान के 3,800 सैनिक मारे गए थे और भारत ने उसके 1840 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया था। अयूब के लिए यह कब्जा सर्वथा अकल्पनीय था क्योंकि हमले से पहले उन्होंने सोचा था कि जो भारत अभी तीन साल पहले चीन से लड़कर बुरी तरह मुंह की खा और भारी नुक़सान उठा चुका है, उसका मनोबल इतना कम होगा कि पाकिस्तान के सामने दो दिन भी मुश्किल से टिक पायेगा। अयूब लाल बहादुर शास्त्री के ठिगने कद को लेकर प्रायः उनका मजाक उड़ाया करते और कहा करते थे कि यह आदमी तो बात करने लायक ही नहीं है। इसीलिए उन्होंने हमले से पहले प्रस्तावित अपनी दिल्ली यात्रा रद कर दी थी और शास्त्री जी पाकिस्तान गये तो उनका यथोचित आदर भी नहीं किया था। वे इस गुमान में फूले हुए थे कि उनके हमले के बाद शास्त्री भारत की सेनाओं को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराने या उनसे लाहौर की तरफ नया मोर्चा खुलवाने का सपना तक नहीं देख पायेंगे, जबकि पाक चहलकदमी करते हुए दिल्ली पहुंच जायेगा। दरअसल, 1947-48 के प्रथम जम्मू-कश्मीर युद्ध में अयूब का देश गिलगिट व बाल्टिस्तान समेत कश्मीर के लगभग एक तिहाई हिस्से पर कब्जा जमाकर उसे बरकरार रखने में कामयाब हो गया था, क्योंकि 01 जनवरी,1949 को संयुक्त राष्ट्र संघ का युद्धविराम प्रस्ताव औपचारिक तौर पर लागू होने तक भारत की सेनाएं वहां से उसे खदेड़ नहीं पाई थीं। जहां तक खदेड़ पाई थी, संयुक्त राष्ट्र संघ ने वहीं तक भारत की नियंत्रण रेखा बना दी थी। यह और बात है कि अपने हजारों सैनिक खोकर पाक को इस कब्जे की बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ी थी। अयूब को लगता था कि 1965 में पाक सेनाएं कहीं ज्यादा तेजी से भारतीय इलाके पर कब्जा कर लेंगी और भारत के उनको पीछे हटा पाने से पहले ही युद्धविराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ जायेगा और एक नई वास्तविक नियंत्रण रेखा बन जायेगी। लेकिन जिन शास्त्री जी को वे सटियाते नहीं थे, उनके द्वारा युद्ध के दौरान निष्कंप भाव से और तेजी से लिये गये फ़ैसलों ने अंततः अयूब को नानी याद दिला दी। शास्त्री जी ने भारतीय सेनाओं से कहा कि वे देश की रक्षा के लिए कुछ



भी उठा न रखें और उन्हें सिर्फ यह बतायें कि इसके लिए उन्हें क्या-क्या चाहिए। उनकी इस सदाशयता के उत्साह से भरी भारतीय सेना ने छह सितंबर,1965 की सुबह अमृतसर के रास्ते पाकिस्तानी पंजाब में घुसकर लाहौर तक पहुंचने का अपना अभियान शुरू किया तो दुश्मन को उसकी भनक तक नहीं लगने दी और कुछ ही घंटों में डोगराई के उत्तर में बड़े क्षेत्र पर क़ब्ज़ा कर इच्छोगिल नहर को पार कर लिया। अयूब ख़ां को इसकी खबर हुई तो उनकी आंखों के आगे अंधेरा छाने लगा। उन्होंने आईएसआई के प्रमुख ब्रिगेडियर रियाज़ हुसैन को फ़ोन किया तो पाया कि इस बाबत उन्हें कोई जानकारी ही नहीं थी। बहरहाल, इसके बाद मजाक उड़ाने की बारी शास्त्री जी की थी। 26 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पर एक सभा में उन्होंने कहा, 'सदर अयूब ने एलान किया था कि वे दिल्ली तक चहलक़दमी करते हुए पहुंच जाएंगे। वो इतने बड़े आदमी हैं, लहीम-शहीम हैं। मैंने सोचा कि उनको दिल्ली तक पैदल चलने की तकलीफ़ क्यों दी जाए। हम ही लाहौर की तरफ़ बढ़कर उनका इस्तक़बाल करें।' यह तो सुविदित ही है कि बाद में ताशकंद में वार्ता की मेज पर अयूब ने गिड़गिड़ाते हुए शास्त्री जी से कहा कि समझौते में कुछ तो ऐसा कर दें, जिससे बेचारे पाकिस्तान जाकर मुंह दिखा सकें। शास्त्री जी ने कहा कि माफ कीजिए, सदर साहब, मैं आपकी यह सेवा नहीं कर सकता। यों धूल चाटने के बावजूद पाकिस्तान को नहीं सुधरना था और वह नहीं सुधरा। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बंग्लादेश) के साथ अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा सका तो वहां भीषण कत्लोगारत के बाद तीन दिसम्बर, 1971 को खुन्नस में भारत पर एक और हमला कर दिया। फिर तो उसकी ऐसी शामत आई कि 16 दिसम्बर, 1971 को ढाका में जनरल अमीर अब्दुल्ला खान नियाजी के नेतृत्व में उसके 93 हजार से ज्यादा शस्त्र सज्जित सैनिकों को घुटनों के बल आकर आत्मसमर्पण कर देना पड़ा। दुनिया के इतिहास में अन्य किसी भी युद्ध में इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों ने आत्मसमर्पण नहीं किया। वह भी जब उनके पास गोला-बारूद, हथियारों और रसद की कोई कमी नहीं थी। इस युद्ध के फलस्वरूप पाकिस्तान दो टुकड़ों में बंट गया। उसका पूर्वी हिस्सा बंगलादेश नाम से नया राष्ट्र बन गया। अनंतर, उसने कुटिलतापूर्वक भारत में आतंकवाद को प्रश्रय देने और उसके जरिये छद्म युद्ध लड़ने का रास्ता अपना लिया। फ़रवरी, 1999 में उसने दोहरी चाल चलकर एक ओर भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को लाहौर बुलाकर दोनों देशों के बीच नए रिश्ते की शुरुआत का समझौता किया, तो दूसरी ओर कश्मीर में कारगिल की पहाड़ियों पर अपने सैनिकों की घुसपैठ करा दी। इस युद्ध में बुरी तरह हार के बाद नवाज शरीफ सरकार का तख्ता पलट हो गया और सेनाध्यक्ष परवेज मुशर्रफ ने सत्ता अपने हाथ में ले ली। पाकिस्तान की बार-बार हारकर भी न सुधरने की प्रवृत्ति की कोई भी कहानी उसके विदेशमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति रहे जुल्फिकार अली भुट्टो के जिक्र के बगैर पूरी नहीं हो सकती। जब 1974 में भारत ने पोखरन में पहला परमाणु परीक्षण किया तो उन्हें फिर बहुत मिर्ची लगी। तब प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी घास खाकर गुजर कर लेंगे, लेकिन परमाणु बम बनाएंगे। लेकिन इससे पहले कि वे अपना यह 'सपना' पूरा कर पाते उनके सेना प्रमुख जनरल जिया-उल-हक ने उनको सत्ता से बेदखल कर दिया और एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की हत्या के मामले में उन पर मुकदमा चलाकर 4 अप्रैल, 1979 को फांसी पर लटका दिया। अब, इस सबसे कोई सबक लिये बिना भुट्टो के नाती बिलावल भुट्टो जरदारी, भारत द्वारा सिंधु नदी जल समझौते को निलंबित करने से चिढ़कर कह रहे हैं कि सिंधु में पानी बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून। यह तो हद है भाई।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया
सुनील कुमार महला




# ट्रोलर्स दूसरों की निजता व गरिमा का भी ख्याल रखें

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में अपने पति, भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को खोने वाली हिमांशी नरवाल को हाल ही में ट्रोलर्स ने निशाना बनाया। दरअसल, वह लगातार शांति की अपील कर रही थी और उन्होंने पत्रकारों के सामने यह बात कही थी कि-'हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के ख़िलाफ़ जाएं। हम शांति चाहते हैं और केवल शांति। बेशक, हम न्याय चाहते हैं, जिन्होंने ग़लत किया है उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए।' यह बहुत ही अफसोसजनक है कि मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत न फैलाने की अपील करने वाली हिमांशी नरवाल को ट्रोलर्स द्वारा निशाना बनाया गया और उन पर अभद्र टिप्पणियां की गईं, यहां तक कि उन्हें हिंसा की धमकियां भी दी गईं। हिमांशी नरवाल ही नहीं, एक बच्ची से दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों की मर्यादाहीन भाषा पर एतराज जताने वाली शैला नेगी को भी अभद्र टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ा। यहां पाठकों को यह बताता चलूं कि नैनीताल में मचे बवाल (मुस्लिमों को गाली दे रहे प्रदर्शनकारियों से भिड़ने पर) के बीच एक स्थानीय महिला शैला नेगी का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। वीडियो के वायरल होने के बाद शैला नेगी को रेप तक की धमकी दी गई। बहरहाल, इससे बड़ी बात भला और क्या हो सकती है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में हम पाश्चात्य संस्कृति में जीने लगे हैं और भारतीय संस्कृति और इसके नैतिक मूल्यों, आदर्शों और प्रतिमानों को लगातार भूलते चले जा रहे हैं। सच तो यह है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ ही आज हमारे समाज से नैतिक मूल्यों में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक मंच पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर ग़लत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें। आज ट्रोलर्स सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर ऐसा बर्ताव करते हैं, जिसके सामने कोई नियम-कायदा, नैतिकता या मर्यादा नहीं टिकती। हिमांशी नरवाल और शैला नेगी इसी ट्रेंड का शिकार हुई। वास्तव में ट्रोलर्स को अपनी बात रखने, अपनी अभिव्यक्ति देने की अपनी आजादी तो नजर आती है, लेकिन इस दौरान उन्हें सामने वाले के अधिकार और उसकी गरिमा, नैतिकता आदि का ध्यान नहीं रहता। यह बात ठीक है कि किसी व्यक्ति विशेष की बातों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इसे व्यक्त करने का तरीका शालीन, सभ्य व नैतिकता को ध्यान में रखने वाला होना चाहिए। वास्तव में सोशल मीडिया पर कंटेंट जानकारी परक, अच्छा, प्रासंगिक, विशिष्ट, मर्यादित होना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया पर अमर्यादित और अभद्र भाषा का इस्तेमाल तो बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। हमें यह याद रखना चाहिए कि सोशल मीडिया का दायरा बहुत ही व्यापक है और जब हम कोई बात ऐसे मंच पर कहते हैं तो यह बहुत दूर तक जाती है। इसलिए सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय इसके प्रभाव और पहुंच को लेकर हमेशा सतर्क व पूर्ण जागरूक रहना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि हिमांशी नरवाल और शैला नेगी को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करने वाले लोग नहीं हैं लेकिन दुखद बात यह है कि ग़लत चीजों को सपोर्ट करने वाले लोग आज कहीं अधिक नजर आते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि सोशल मीडिया के सही उपयोग पर गाइडलाइंस बनाईं जाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अपनी सामग्री पर निगरानी रखने और गलत सूचना को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। वहीं,आम आदमी को भी चाहिए कि वे सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को समझें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *– प्रणय शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# कनाडा से अलग होने के लिए जनमत संग्रह का प्रस्ताव

कनाडा में अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख ने सोमवार को कहा कि अगर नागरिकों द्वारा प्रस्तुत अर्जी पर अपेक्षित संख्या में लोगों के हस्ताक्षर सामने आते हैं तो वह अगले वर्ष कनाडा से अलग होने के मुद्दे पर जनमत संग्रह कराएंगी। सोशल मीडिया पर अपने 'लाइवस्ट्रीम' संबोधन में डैनियल स्मिथ ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से इस प्रांत के कनाडा से अलग होने का समर्थन नहीं करती हैं और उन्होंने एकजुट कनाडा के भीतर एक मजबूत और संप्रभु अल्बर्टा के लिए 'बेहतर भविष्य' की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'चाहे जो भी वजह हो क्या कनाडा को हमारे प्रांत पर हमला करना जारी रखना चाहिए जैसा कि बीते कुछ दशक में किया गया है, आखिरकार यह अल्बर्टावासियों को तय करना होगा।' उन्होंने कहा, 'मैं उनके (लोगों के) निर्णय को स्वीकार करूंगी।' स्मिथ की घोषणा प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी के लगातार चौथी बार संघीय सरकार बनाने के एक सप्ताह बाद आई है। यह ऐसे वक्त में भी हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार कनाडा पर शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं तथा देश (कनाडा) को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात करते हैं।



## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है – जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।



## ट्रेंड

### अपूरणीय आध्यात्मिक क्षति

चंबल अंचल के सिद्ध संत, परम पूज्य श्री श्री 1008 माखनदास जी महाराज के ब्रह्मलीन होने का दुःखद समाचार मिला। महाराज जी ने अपनी तपस्या, सेवा और भक्ति से लाखों लोगों को प्रभु-मार्ग की ओर प्रेरित किया। उनका विछोह अंचल के लिए एक अपूरणीय आध्यात्मिक क्षति है।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय संचार मंत्री



### डिजिटलीकरण परियोजना

एनएआई ने ऐतिहासिक दस्तावेजों के डिजिटलीकृत पन्नों की 10 करोड़ की संख्या को पार कर लिया है। डिजिटलीकरण परियोजना का उद्देश्य इस संस्थान के पास मौजूद ऐतिहासिक दस्तावेजों को जनता के लिए और अधिक सुलभ बनाना है।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री



### हमें एकजुट रहना है

पहलगाम हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। अपार दुख में भी उनका हौसला और साहस देश के लिए एक संदेश है - हमें एकजुट रहना है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### हॉलीवुड को प्रोत्साहन

राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आयात की जाने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने से हॉलीवुड को अमेरिका से बाहर जाने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है! जो उन्होंने इरादा किया था, उसके विपरीत।
-शेखर कपूर, फिल्मकार



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।

# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम



### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

## रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी :*** अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद :*** गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया :*** अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप :*** मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर :*** दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा :*** *ब्लैकपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस :*** *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*

***हैली बीबर और केंडल जेनर :*** *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन :*** *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



## 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस' का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस' का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



## 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां' को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

## अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें :*** अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि :*** अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'





### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

**टीवी मसाला**




## इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के' ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज' का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी' की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी' और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा' का करिश्मा' रिलीज हुआ।

## पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*



*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"



### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"

### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेक ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

## 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्ररोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



# पानी पर बसा है ये अनोखा गांव, नाव पर ही लगता है बाजार



जोहानबर्ग। दुनिया में आपने कई अनोखे गावों के बारे में सुना और पढ़ा होगा। इन गावों के अलग-अलग खासियत और पहचान होती है। लेकिन, क्या आपने कभी पानी पर तैरते गांव के बारे में सुना है? नहीं तो आज हम आपको एक गांव के बारे में बताएंगे, जो पानी पर बसा हुआ है। अफ्रीका में एक बस्ती है, जिसका गनवी है। यह स्लम बेनिन में स्थित है। इसे अफ्रीका का वेनिस भी कहा जाता है। यहां के जलमार्ग पर खूबसूरत नाव चलती हैं। यह देखने में वेनिस की तरह लगता है, लेकिन यहां के घर उससे बिल्कुल लग हैं। इस गांव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## क्या हैं गांव में सुविधाएं?



इस गांव में हाथों से बने सामान बिकते हैं। यहां पर पानी पर तैरता बाजार भी है। टाउनशिप में जमीन भी है, जहां पर यहां रहने वाले बच्चों के लिए स्कूल बनाया गया है। यहां पर एक बैंक, डाकघर, एक चर्च, मस्जिद और मेडिकल सुविधा भी है। सबसे बड़ी बात है कि कब्रिस्तान बनाने के लिए ग्रामीणों को बड़ी मात्रा मिट्टी लानी पड़ती है।



## मछली पकड़ते हैं लोग

गांव के अधिकतर लोग मछली पकड़ने का काम करते हैं। इसके साथ ही आने वाले पर्यटक यहां के लोगों की कमाई का जरिया है। यहां पर मछुआरे बांस और जाल के जरिए कई तकनीक का इस्तेमाल कर मछली पकड़ते हैं। मैदानी इलाकों में जमीन लेकर कुछ लोग जानवर भी पालते हैं। पानी पर ही कुछ रेस्टोरेंट हैं, जिनमें खाना मिलता है।

## रोचक खबरें



### शादी के बाद भी नहीं भुला सकी पहला प्यार! पति को छोड़ खुद बारात लेकर पहुंच गई प्रेमी के घर

**जौनपुर**। यूपी के जौनपुर जिले से शादी का अजब-गजब मामला सामने आया है। जौनपुर जिले के तेजीबाजार क्षेत्र में एक युवती अपने प्रेमी से शादी करने के लिए खुद बारात लेकर उसके घर पहुंच गई। युवती की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। मामला भटौली गांव का है, जहां निवासी बनवारी लाल गौतम के पुत्र अजय कुमार गौतम और खुटहन थाना क्षेत्र के बड़सरा पिलकिछा गांव की रहने वाली शिवकुमारी के बीच प्रेम संबंध थे। अजय की बहन की शादी शिवकुमारी के गांव में हुई थी, जिसके चलते अजय का वहां आना-जाना लगा रहता था। इसी दौरान शिवकुमारी और अजय के बीच नजदीकियां बढ़ीं और धीरे-धीरे यह रिश्ता गहरे प्रेम में तब्दील हो गया। हालांकि, जब दोनों ने शादी का इरादा जताया तो लड़की के परिजनों ने इसका विरोध किया। जानकारी के अनुसार, पिछले महीने शिवकुमारी की शादी किसी और जगह कर दी गई, लेकिन पुराना प्रेम उसे चैन से जीने नहीं दिया। शादी के महज तीन महीने बाद ही वह अपने ससुराल से मायके लौट आई और अपने पहले प्रेमी अजय से दोबारा संपर्क किया। शिवकुमारी की जिद और प्रेम को देखते हुए उसके परिजनों ने अंततः अजय से शादी कराने का फैसला लिया, लेकिन लड़के पक्ष ने बारात ले जाने से साफ इनकार कर दिया।

### डांस करते-करते दुल्हन ने तोड़ा दम अचानक मुंह के बल धड़ाम से गिरी

**बदायूं** । शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब हल्दी की रस्म के दौरान डांस करती हुई दुल्हन दीक्षा की अचानक तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही पलों में उसकी मौत हो गई। यह दिल दहला देने वाली घटना बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के नूरपुर पिनौनी गांव की है, जहां आज बारात आनी थी, लेकिन उससे पहले ही घर से बेटी की डोली की बजाय उसकी अर्थी उठी। दीक्षा अपने घर में चार भाइयों में इकलौती और सबसे बड़ी संतान थी। वह इस्लामनगर के एक डिग्री कॉलेज से बीए की पढ़ाई कर रही थी। रविवार को हल्दी की रस्म के दौरान वह अपनी बहनों और रिश्तेदारों के साथ खुशी-खुशी डांस कर रही थी। तभी उसे अचानक घबराहट हुई और वह वॉशरूम चली गई। कुछ ही मिनटों बाद जब वह बाहर नहीं आई, तो परिवार ने दरवाजा तोड़कर देखा दीक्षा ज़मीन पर बेसुध पड़ी थी और उसकी सांसें थम चुकी थीं। परिजनों ने तुरंत गांव के चिकित्सक को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दीक्षा की मां सरोज देवी ने बताया कि जब उन्होंने बेटी को उठाया, उसकी गर्दन अकड़ चुकी थी। मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने दिल का दौरा (हार्ट अटैक) बताया। दीक्षा पहले से दिल की बीमारी से पीड़ित थी और उसका इलाज दिल्ली से चल रहा था। दुल्हन की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। जहां बारात के स्वागत की तैयारियां होनी थीं, वहीं हर तरफ मातम और सन्नाटा पसर गया।



### 19 साल बाद बोर हुए पति-पत्नी, एक दूसरे की मर्जी से चलाया अफेयर!

**ब्रासीलिया हवे**। भारतीय परंपरा में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं है, बल्कि दो आत्माओं का मिलन है। ये जन्मों-जन्मों का साथ होता है मगर विदेशों में शादी को मजाक बना दिया गया है। लोग लंबे वक्त तक एक दूसरे के साथ रहते-रहते बोर हो जाते हैं। अब तो एक नए किस्म का चलन शुरू हुआ है। विदेशों में पति-पत्नी एक दूसरे की अनुमति के साथ अफेयर करते हैं और शादी में रहते हुए गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड भी बना लेते हैं। एक ब्राजील की फैमिली ने भी कुछ ऐसा ही किया, जिसने कभी को हैरान कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 41 साल की केल मैसेटारे और उनके 42 साल के पति ब्रूनो कॉर्डिस्को ब्राजील के फ्लोरियानोपॉलिस में रहते हैं। दोनों की मुलाकात हाई स्कूल में हुई थी. दोनों को प्यार हुआ और उन्होंने शादी कर ली. दोनों के 2 लड़के हैं, 19 साल का हेनरी और 13 साल का हेक्टर. शादी को 19 साल के ज्यादा हो गए, और अब स्थिति ये आ चुकी है कि दोनों एक दूसरे के साथ से बोर होने लगे हैं। जीवन में रोमांच लाने के लिए उन्होंने बड़ा ही अजीबोगरीब तरीका सोचा। दोनों ने पॉलीएमरी के कॉन्सेप्ट को अपनाने के बारे में सोचा। रिलेशनशिप के इस कॉन्सेप्ट के जरिए एक शख्स अपने पार्टनर की मंजूरी से कई रोमैंटिक रिश्ते में रहता है, इस रिश्ते में जुड़े किसी भी व्यक्ति को इस बात से समस्या नहीं होती। दोनों ने बाहर अपने-अपने लिए पार्टनर खोज लिया। केल ने कहा कि वो पहले ऐसे रिश्ते के लिए तैयार नहीं थीं, उन्हें लग रहा था कि वो अपनी शादी को खत्म कर लें।



# दुनियाभर में होगा हिंदू धर्म का राज? भारत-पाक युद्ध और हिंदू धर्म पर नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी

नई दिल्ली। फ्रांस के मशहूर भविष्यवक्ता 'माइकल दि नास्त्रेदमस' की ज्यादातर भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं। इसकी वजह से उनकी भविष्यवाणियों पर पूरी दुनिया यकीन करती है। नास्त्रेदमस ने अपनी किताब लेस प्रोफेटिज में भविष्यवाणियां की थीं जिनमें से अधिकतर सच साबित हुई हैं। नास्त्रेदमस ने भारत और हिंदू धर्म को लेकर भी भविष्यवाणी की थी, जिसकी इन दिनों काफी चर्चा है।

## हिंदू धर्म का होगा उत्थान

नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणी में कहा है कि हिंदू धर्म का उत्थान होगा। उनकी



भविष्यवाणी के मुताबिक, दक्षिण भारत का एक नेता पूरी दुनिया पर छा जाएगा। इसके साथ ही रूस जैसा शक्तिशाली देश भी हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार करेगा। नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी के मुताबिक, 21वीं सदी में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के तौर पर उभरेगा और भारतीय संस्कृति, वेदांत और योग का प्रचार प्रसार पूरी दुनिया में होगा।

## भारत को रहना होगा तैयार, पाक कर सकता है आश्चर्यचकित



नास्त्रेदमस ने भारत पाकिस्तान को लेकर अपनी भविष्यवाणी में कहा था कि भारत को तैयार रहना चाहिए वरना हाथी यानी पाकिस्तान अपनी सेना के साथ उसे आश्चर्यचकित कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने साल 2025 के लिए कहा कि इस साल भीषण गर्म हवाएं चलेंगी। गर्मी बहुत अधिक पड़ेगी। यूरोप पर जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा। नास्त्रेदमस का जन्म फ्रांस के छोटे-से गांव सेंट रेमी में 14 दिसंबर, 1503 को हुआ था और 1566 में उनकी मौत हो गई थी। उन्होंने साल 2025 के लिए भी कई डरावनी भविष्यवाणियां की थीं। इस समय भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल है। दुनिया भर में आशंका जताई जा रही है कि दोनों देशों के बीच जल्द ही युद्ध छिड़ सकता है। एशिया और यूरोप के कई छोटे-छोटे देशों के बीच भी इन दिनों बेहद तनावपूर्ण माहौल है। बांग्लादेश और श्रीलंका में अंसतोष की स्थित है।





## शत्रुओं का सफाया करेगा महान हिंदू नेता

दुनिया में दक्षिण भारत ही एकमात्र ऐसा प्रायद्वीप है जहां पर तीन समुद्र एक साथ मिलते हैं। नास्त्रेदमस ने कहा है कि महान हिंदू नेता जो शत्रुओं का सफाया करेगा, वह एक दक्षिण भारतीय होगा जो गुरुवार के दिन को बहुत मानेगा और पूजा पाठ करेगा। सिर्फ हिंदू ही हैं, जो गुरुवार को पवित्र मानते हैं। उनकी भविष्यवाणी के मुताबिक, विजेता नेता पूरे एशिया को एक साथ जोड़कर रखेगा।

# धरती पर कैसे निकला था सोना? भारत में कहां से आई ये बेशकीमती चीज

नई दिल्ली। सोना दुनियाभर की सबसे कीमती धातुओं में से एक है। भारत में शुभ अवसरों पर सोना पहनने की परंपरा भी है। कीमती होने के कारण आए दिन सोने की कीमतों में उछाल भी होता रहता है। क्या आपके मन में कभी सवाल उठा है कि आखिर धरती पर सोना कहां से आया?



## भारत में कैसे आया सोना?

दुनियाभर में गोल्ड प्रिजर्व स्टोर की बात करें तो भारत इसमें सबसे आगे है। भले ही हमारी नदियों में सोने के कण नहीं पाए जाते हैं, लेकिन हमारे पास काफी सोना है। दरअसल, सालों से भारत के व्यापारी विदेशों में कपड़ा, मसाले और कलाकृतियां बेचा करते थे। उस वक्त सोना बेहद जरूरी होता था। सामानों को बेचने के बदले व्यापारियों को खूब सोना मिलता था। भारत में सदियों से व्यापार के जरिए सोना-चांदी आता रहा है। ऐसा करते-करते हमारा देश गोल्ड का प्रिजर्वर बन गया। आज के समय में भारत के पास लगभग 10000 टन से अधिक सोना है।

## उल्का वर्षा के कारण मिला सोना

धरती पर हमेशा से सोना मौजूद नहीं था। वहीं, पूरे ब्रह्मांड में गोल्ड सुपरनोवा न्यूक्लियो सिंथेसिस के जरिए सोना बन जाता है। पृथ्वी पर जो सोना पाया जाता है वो आज से अरबों साल पहले हुई उल्का वर्षा के कारण मिला है। माना जाता है कि आज से लगभग 4 अरब साल पहले हमारी पृथ्वी धीरे-धीरे ठंडी होने लगी थी। इस दौरान पृथ्वी पर मौजूद धातुएं ठंडी होकर धरती के आसपास जमने लगीं।





## समुद्र में पहुंचा सोना

जमीन की बाहरी परत का घनत्व प्रति घन सेंटीमीटर 2.6 ग्राम है, जिसके चलते मैग्नीशियम, एलुमिनियम, पोटेशियम, कैल्शियम और सोडियम जैसे तत्व इसके ऊपरी सतह पर अभरकर आने लगे। ये तत्व काफी हल्के थे. वहीं तांबा, मर्क्यूरी, शीशा, प्लेटिन और लोहा जैसी भारी धातुएं पाताल में चली गईं। धरती पर प्लेट्स की चहल-पहल के कारण ज्वालामुखी विस्फोट होने लगा, जिससे अंदर मौजूद धातू उछलकर पृथ्वी की सतह पर आने लगे। धीरे-धीरे ज्वालामुखी के पिघलने से सोने के कण समुद्रों और नदियों में जाने लगे। ये कण इतने छोटे होते थे कि इन्हें हासिल करने में काफी मेहनत और समय लगता था।


# यहां रुपए नहीं, 'राम नाम' की जमा होती है संपत्ति, अब तक 55 करोड़ बार लिखा गया भगवान का नाम



छतरपुर। दुनिया में आपने कैश, क्रिप्टो, सोना-चांदी वाला बैंक तो खूब देखा होगा, लेकिन क्या कभी ऐसा बैंक सुना है जहां संपत्ति के नाम पर सिर्फ 'श्री सीताराम' लिखा जाता है? छतरपुर जिले के प्रताप सागर तालाब के पास एक अनोखा बैंक चल रहा है श्री सीताराम बैंक, जो भक्ति और श्रद्धा की जमा-पूंजी का खाता रखता है। कोरोना काल में जब दवा और दौलत दोनों ने जवाब दे दिया था, तब इस बैंक की नींव रखी गई थी। इसका उद्देश्य एक ही था ईश्वर के नाम से बड़ा कोई धन नहीं! इस खास पहल की शुरुआत बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री और अन्य संतों ने की थी। इस बैंक में 250 से अधिक भक्तों ने खाता खुलवाया है। इन खातों में पैसों की बजाय 'राम नाम' लिखा जाता है। हर सप्ताह, हर पखवाड़े, या महीने में भक्त पासबुक लेकर आते हैं और जो रामनाम लिखा होता है, उसे जमा करते हैं। बैंक प्रबंधन उसका रिकॉर्ड रखता है। बैंक के संचालक पवन मिश्रा के अनुसार, अब तक कुल 55 करोड़ बार राम-नाम लिखा जा चुका है जो कि बुंदेलखंड क्षेत्र में सबसे अधिक है। पवन मिश्रा बताते हैं कि इस बैंक की पहुंच सिर्फ छतरपुर तक सीमित नहीं है। कर्नाटक, दिल्ली और यहां तक कि नेपाल से भी भक्त इस बैंक में राम नाम निधि जमा करने आते हैं। बैंक की तरफ से हर खाताधारक को पासबुक दी जाती है, जिसमें श्रीराम नाम लेखन की प्रविष्टि की जाती है।

# 3200000 किमी प्रति घंटे से आया मरा हुआ तारा ब्रह्मांड के 'सांप की हड्डी' को 2 टुकड़ों में तोड़ा

**वॉशिंगटन**। 3.2 मिलियन किमी/घंटा की गति से यात्रा करने वाले मरे तारे ने ब्रह्मांडीय 'सांप' में टक्कर मारकर उसे तोड़ दिया है। यह हम नहीं कह रहे हैं, जबकि इसपर एक रिपोर्ट आई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमारी आकाशगंगा में एक विशाल 'सांप' जैसी संरचना है, जिसे वैज्ञानिक 'हड्डी' कहते हैं। यह 230 प्रकाश वर्ष लंबी संरचना हाल ही में दो जगहों पर टूट गई है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया कि इन टूटनों के पीछे एक मरे हुए तारे, यानी 'पल्सर' की जबरदस्त टक्कर हो सकती है, जो 32 लाख किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भाग रहा था। इस टक्कर ने न सिर्फ इस 'सांप' को तोड़ा, बल्कि उसमें से रहस्यमयी रेडियो और एक्स-रे सिग्नल भी निकलने लगे। यह खोज नासा के चंद्रा एक्स-रे ऑब्जर्वेटरी, दक्षिण अफ्रीका के मीरकैट रेडियो टेलीस्कोप और न्यू मैक्सिको के वेरी लार्ज ऐरे ने मिलकर की है।



## आकाशगंगा की 'हड्डियां' क्या हैं?

इस विशाल संरचना का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारी आकाशगंगा में लगभग 20 ऐसी संरचनाएं हैं, जिन्हें आकाशगंगा की 'हड्डी' के रूप में भी जाना जाता है, ये हमारी गैलेक्सी के सर्पिल भुजाओं (स्पाइरल आर्म्स) से जुड़ी सबसे सघन संरचनाएं हैं। ये तारों के जन्म और विशाल गैस बादलों (जाइंट मॉलिक्यूलर क्लाउड्स) की गतिविधियों को जोड़ने का काम करती हैं। यह खास 'सांप', जिसे जी359.13 भी कहते हैं, आकाशगंगा के केंद्र के पास है और 230 प्रकाश वर्ष की लंबाई के साथ सबसे बड़ी 'हड्डियों' में से एक है। इस बारे में नासा के चंद्रा एक्स-रे लैब ने किया है।

## टूटा हुआ 'सांप' और रहस्यमयी सिग्नल

वैज्ञानिकों ने जब इस 'सांप' को गौर से देखा, तो पाया कि यह दो जगहों पर टूटा हुआ है। इन टूटे हिस्सों से अजीब रेडियो तरंगें और एक्स-रे निकल रहे थे. जांच करने पर पता चला कि इनमें से एक टूटने की शायद एक वजह पल्सर की वजह से हुई है। पल्सर एक ऐसा मरा हुआ तारा होता है, जो बहुत छोटा लेकिन बेहद भारी होता है। यह तेजी से घूमता है और रेडियो किरणें छोड़ता है, जैसे कोई लाइटहाउस।

## कैसे हुई टक्कर?

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह पल्सर 16 से 32 लाख किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से इस 'सांप' से टकराया। इस टक्कर ने 'सांप' के अंदर मौजूद चुंबकीय क्षेत्र को हिला दिया, जिससे रेडियो सिग्नल बिगड़ गए और एक्स-रे किरणें निकलने लगीं। इस टक्कर की वजह से इलेक्ट्रॉन और उनके एंटीमैटर पार्टिकल, पॉजिट्रॉन, भी तेजी से हिलने लगे, जिससे और सिग्नल बने। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस 'सांप' की मुख्य टूटन तो पल्सर की टक्कर से हुई, लेकिन दूसरी टूटन का कारण वही पल्सर है या कुछ और, यह अभी पक्का नहीं है।

# छग व्यापम में थोक में परीक्षाएं, मार्च 2026 तक के लिए जारी किया कैलेंडर, पुराने शेड्यूल में नई भर्ती भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा मार्च 2026 तक के लिए शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया गया है। इसके पूर्व में व्यापम द्वारा दिसंबर 2025 तक का शेड्यूल जारी किया गया था। मार्च 2026 तक नई भर्तियों के लिए अधिसूचना जारी करने के अलावा पूर्व में जारी किए गए शेड्यूल में भी व्यापम ने नई भर्ती जोड़ी है। जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार, अगले वर्ष शुरुआती तीन माह में 6 भर्ती परीक्षाओं के अलावा एक पात्रता परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा अर्थात टेट का आयोजन एक फरवरी को होगा।

वर्तमान वर्ष में परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी किए जाने के बाद संचालक स्वास्थ्य सेवा द्वारा व्यापम को आवेदन प्राप्त हुआ था। इस आवेदन के आधार पर व्यापम द्वारा फार्मासिस्ट ग्रेड-2 पर भर्ती की जाएगी। यह परीक्षा 31 अगस्त को होगी। जारी कैलेंडर में फिलहाल केवल संभावित परीक्षा तिथि का ही जिक्र किया गया है। आवेदन तिथि सहित अन्य शेड्यूल बाद में पृथक रूप से जारी होगा।

### नहीं करेंगे पूरे वर्ष इंतजार

व्यापम द्वारा कैलेंडर जारी करने के लिए पूरे वर्ष इंतजार नहीं किया जाएगा। विभागों से भर्ती परीक्षाओं अथवा प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्राप्त होते ही शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। अर्थात व्यापम का कैलेंडर वार्षिक रूप से जारी नहीं होगा। सत्र मध्य में भी शेड्यूल जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त यदि शैक्षणिक कैलेंडर जारी होने के बाद किसी विभाग से भर्ती के लिए आवेदन प्राप्त होता है तो उसके लिए भी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। कैलेंडर व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।




**जनवरी से मार्च तक 6 भर्ती परीक्षाएं और एक पात्रता परीक्षा आयोजित करेगा व्यापम**

### पहली तिमाही में होगी ये परीक्षाएं (वर्ष-2026)

| विभाग | परीक्षा | संभावित तिथि |
|---|---|---|
| छग पर्यावरण संरक्षण मंडल | रसायनज्ञ | 11 जनवरी |
| एससीईआरटी | छग शिक्षक पात्रता परीक्षा | 1 फरवरी |
| एनआरडीए | उप अभियंता-सिविल व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | 8 फरवरी |
| मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग | डीटीपी ऑपरेटर एवं अन्य समूह-3 | 1 मार्च |
| मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग | मैकेनिक कम इलेक्ट्रिशियन एवं अन्य समूह-2 | 8 मार्च |
| जल संसाधन विभाग | सहायक मानचित्रकार सिविल | 15 मार्च |
| छग पर्यावरण सरंक्षण मंडल | प्रयोगशाला सहायक ग्रेड-2 | 22 मार्च |

शिक्षक पात्रता परीक्षा एक फरवरी को, पर्यावरण संरक्षण मंडल में भी नई भर्तियां

**पुराने शेड्यूल में जोड़ी गई नवीन परीक्षा (वर्ष-2025)**

| विभाग | परीक्षा | संभावित तिथि |
|---|---|---|
| संचालक स्वास्थ्य सेवाएं | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 31 अगस्त 2025 |

## खबर संक्षेप

### नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की गई जान



**बहराइच।** बहराइच जिले के नानपारा क्षेत्र में सरयू नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। नानपारा थाना क्षेत्र के सरैया निवासी सगे भाई अनुज (नौ) व मनोज (छह) सरयू नदी के दूसरी ओर गेहूं काटने गई अपनी मां चांदनी से मिलने जा रहे थे। नदी पार करने के लिए वहां नाव नहीं थी तो दोनों ने तैरकर नदी पार जाने का फैसला किया और नदी में छलांग लगा दी।

### बिजली का करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में सोमवार सुबह एक मोटरसाइकिल के बिजली के तार के संपर्क में आ जाने से उस पर सवार 45 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे की मौत हो गई। घटना हैदर नगर थाना क्षेत्र के खरगरा गांव में हुई। मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति और उसका 12 वर्षीय बेटा जेनरेटर सेट के लिए डीजल लाने गए थे। उन्होंने कहा, उनकी बाइक 11,000 वोल्ट के एक तार के संपर्क में आ गई जो टूटकर सड़क से होते हुए एक नहर में जा गिरा था।

### बाइक पेड़ से टकराई तीन लोगों की मौत




**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे उस पर सवार दो किशोरों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मनोज घोष (30), रितेश घोष (16) और राकेश मंडल (16) के रूप में हुई है। यह दुर्घटना रविवार रात उस समय हुई जब उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बगनान के पास एक पेड़ से टकरा गई ।

# पहले 5 शादियां, फिर छठवीं की तैयारी... प्रताड़ित पत्नी पहुंची थाने, तब सामने आई हेड कांस्टेबल की करतूत

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

**शिक्षिका से धोखे से शादी करने, दहेज मांगने और शारीरिक शोषण करने के आरोप में केस दर्ज**

हरियाणा पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर सरकारी स्कूल की शिक्षिका से धोखे से शादी करने, दहेज मांगने और शारीरिक शोषण करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता बरेली में सरकारी शिक्षिका है। पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर हेड कांस्टेबल राहुल और उसके परिवार के दो सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले की जांच जारी है। इंस्पेक्टर विनय कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर पति, सास और जेठ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी के साल भर बाद पता चला पांचवीं पत्नी हूं

रश्मि तोमर ने बताया कि शादी के एक साल बाद महिला को जानकारी हुई कि उसके पति राहुल ने उससे पहले चार शादियां कर रखी हैं। जिसको लेकर जब उसने पति राहुल से बात तो वह लोग प्रताड़ति करने लगे। रश्मी ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले पता चला है कि उसके पति राहुल एक और महिला के संपर्क में हैं।



### बिना तलाक दिए कर रहा छठवीं शादी

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति राहुल शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। बरेली जाकर भी हंगामा करता है। आरोप लगाया कि पति राहुल पहले से निशी निवासी इंचौली, सोनू निवासी नई मंडी मुजफ्फरनगर, मनोरमा देवी और शिवानी से चार शादी कर चुका है। मगर, किसी से भी तलाक नहीं लिया। अब मुजफ्फरनगर निवासी युवती से छठी शादी करने की फिराक में है।

मेरठ के कंकरखेड़ा के श्रद्धापुरी निवासी रश्मि तोमर बरेली के मीरगंज ब्लॉक के गुगई गांव में सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। उनके पिता वायुसेना से सेवानिवृत्त हैं। उनकी शादी वर्ष 2023 में मुजफ्फरनगर के बधाईकला गांव निवासी राहुल से हुई थी। राहुल वर्तमान में गुरुग्राम पुलिस मुख्यालय में समन सेल में तैनात है। शिक्षिका का आरोप है कि शादी के बाद से पति शराब पीकर अतिरिक्त दहेज की मांग करता है और मारपीट करता है। आरोप है कि जेठ प्रशांत कुमार व सास सतवीरी भी शिक्षिका से अभद्र व्यवहार करते हैं।

### देशभर में 15 जून को आयोजित होगी परीक्षा, परीक्षा केंद्र बढ़ाने की भी मांग

# नीट-पीजी दो पालियों में, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा दो पालियों में आयोजित करने संबंधी अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिका में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड को 15 जून को होने वाली परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, ताकि सभी उम्मीदवारों के लिए एक समान, पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जा सके।*

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सात चिकित्सकों की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की, जिन्होंने एक ही पाली में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2025 आयोजित करने के लिए देश भर में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। न्यायालय ने याचिका पर एनबीईएमएस, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परिषद और केंद्र को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा है। एनबीईएमएस को अनुमोदित विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर और पोस्टडॉक्टोरल परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके परिणामस्वरूप डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) और डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीआरएनबी) और फेलो ऑफ नेशनल बोर्ड (एफएनबी) की उपाधि प्रदान की जाती है।

### अधिकारों का बताया उल्लंघन

याचिका में कहा गया है कि नीट-पीजी 2025 में चिकित्सा विशेषज्ञता की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इसमें कहा गया है कि दो पालियों में इतनी व्यापक परीक्षा आयोजित करना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत उम्मीदवारों के अधिकारों का सीधे तौर पर उल्लंघन है। क्योंकि 'मॉडरेशन' और सामान्यीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के कारण प्रतियोगिता के न्यायसंगत, निष्पक्ष, उचित और बराबरी के आधार को बनाए रखना लगभग असंभव है।



### इधर, लाल किले पर कब्जे का दावा करने वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया। इसमें उसने मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-द्वितीय के प्रपौत्र की विधवा होने का दावा करते हुए कानूनी 'उत्तराधिकारी' होने के नाते लाल किले पर कब्जे का अनुरोध किया था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने शुरू में याचिका को 'गलत धारणा' वाली और 'निराधार' करार दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, शुरू में रिट याचिका दायर की गई थी जो गलत और निराधार है। इस पर विचार नहीं किया जा सकता। पीठ ने याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम के वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति नहीं दी।

### गैर बराबरी की संभावना

याचिकाकर्ताओं ने एनबीईएमएस द्वारा जारी 16 अप्रैल की अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया था कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा 15 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुकृति भटनागर और अभिष्ट हेला पेश हुए। याचिका में कहा गया है, दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने से गैर बराबरी की संभावना है, क्योंकि विभिन्न पालियों में कठिनाई का स्तर अलग-अलग होगा, पारदर्शी और सटीक सामान्यीकरण प्रक्रिया की चुनौतियां होंगी और उम्मीदवारों के लिए तनाव और चिंता बढ़ेगी। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता सभी उम्मीदवारों के लिए प्रतिस्पर्धा के न्यायसंगत, निष्पक्ष, उचित और बराबरी के आधार को बनाए रखने के लिए नीट-पीजी 2025 को एक ही पाली में आयोजित करने के निर्देश का अनुरोध कर रहे हैं, क्योंकि इस परीक्षा में 0.1 अंक का अंतर भी एक उम्मीदवार की रैंक को सैकड़ों और हजारों तक बदल सकता है।

# रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू को सकारात्मक प्रतिभाव : पहले दो दिनों में 26% सब्सक्राइब

**मुंबई।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03% सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है।इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा।अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियल लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य खुद को वैश्विक विशेष रसायन और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करना भी है।रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहा कि ₹इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और महत्वपूर्ण वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हमारा ध्यान विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और व्यापक बाजार की सेवा के लिए अनुसंधान और विनिर्माण में आगे बढ़ने पर है। यह दृष्टिकोण हमारी दीर्घकालिक स्थिरता और सफलता सुनिश्चित करेगा।यह रणनीतिक बदलाव कंपनी की हालिया उपलब्धि के बाद आया है, जिसमें कंपनी को फरवरी-2025 में यूके स्थित एक प्रमुख फार्मास्युटिकल वितरक से 182.7 करोड़ का बहु-वर्षीय निर्यात ऑर्डर मिला था।यह ऑर्डर रेमेडी को संक्रमण-रोधी, कार्डियोवस्कुलर और सीएनएस चिकित्सीय क्षेत्रों में फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स के एक विश्वसनीय वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थान देता है।राइट्स इश्यू में भागीदारी मात्र पूंजी योगदान से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करती है। वास्तव में, यह मजबूत वित्तीय प्रबंधन, बेहतर परिचालन लचीलेपन और रणनीतिक वैश्विक विस्तार को प्राथमिकता देने वाली कंपनी के साथ गठबंधन का प्रतिनिधित्व करता है।

REMEDIUM LIFECARE

### इश्यू/कंपनी की मुख्य विशेषताएं

रेमेडियम लाइफकेयर 2 मई, 2025 को 1.85 रुपए के बंद भाव की तुलना में प्रति शेयर (61:50) पर राइट्स इश्यू की पेशकश कर रहा है। त्याग अवधि 30 अप्रैल से 9 मई, 2025 तक चलेगी और राइट्स इश्यू 14 मई, 2025 को बंद होगाराइट्स इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं को बढ़ाने और कार्यशील पूंजी के विस्तार के लिए किया जाएगा।

# नशे में धुत पिता ने बेटे को मारी गोली

**गोरखपुर।** यूपी के गोरखपुर जिले में एक सेवानिवृत्त होमगार्ड ने पर अपने बड़े बेटे की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी और उसकी पत्नी को घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि बड़हलगंज थानाक्षेत्र के चौतीसा गांव में हुई घटना के संबंध में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी हरि नारायण यादव ने शनिवार देर रात शराब के नशे में घरेलू विवाद के दौरान अपनी लाइसेंसी बंदूक से अपने बेटे अनूप (38) पर गोली चला दी। पुलिस ने मृतक अनूप की मां विमला देवी के हवाले से बताया कि उनका (विमला का) पति अक्सर नशे में हंगामा करता था। पुलिस ने बताया कि घटना वाली रात हरि नारायण शराब के नशे में अनूप के घर पहुंचा और वहां उससे झगड़ा कर अपने घर चला गया। पुलिस के मुताबिक, हरि कुछ ही देर बाद अपनी बंदूक लेकर वापस लौटा और इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, उसने अनूप पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बीच-बचाव करने आई अनूप की पत्नी सुप्रिया (30) को भी गोली लग गई।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

*मुख्यमंत्री साय सहित दोनों डिप्टी सीएम, कई मंत्री, सांसद, विधायक सभा में होंगे शामिल*

# केंद्रीय मंत्री शिवराज की 13 को सरगुजा में सभा प्रदेश को देंगे साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की 13 मई को सरगुजा में बड़ी सभा होगी। इस सभा में प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात मिलेगी। इसी के साथ सरगुजा संभाग को और कई सौगातें भी मिलने की संभावना है। इस सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम सहित सरगुजा संभाग के मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर, नगरपालिकाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित प्रदेश भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी रहेंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले भाजपा ने अपने घोषणापत्र में राज्य में पीएम आवास से वंचित 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास देने का वादा किया था। प्रदेश में लगातार प्रधानमंत्री आवास का ऐलान हो रहा है और प्रधानमंत्री आवास बनाए जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार से भी लगातार पीएम आवास की मंजूरी मिल रही है।



### सभा में ये होंगे शामिल


सभा में मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा सरगुजा संभाग के मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े के साथ संभाग के दस विधायक, तीन सांसद, आधा दर्जन जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगरपालिकाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित भाजपा के सभी पार्षद, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### पीएम आवास का निर्माण भी देखने जाएंगे

सरगुजा के जिला भाजपा अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने बताया, केंद्रीय मंत्री की बड़ी सभा का आयोजन किया गया है। इसी के साथ उनके यहां पर कई औकार्यक्रम होंगे। सरोवर धरोहर के तहत श्री चौहान निड्रा खुर्द के सरोवर का दर्शन करने भी जाएंगे। वे सरगुजा में बन रहे प्रधानमंत्री आवास में से कुछ आवासों का भी अवलोकन करेंगे।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5859



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली - 5858 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5869

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5868 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**सिंधु जल संधि स्थगन के फैसले से पाक की बढ़ी चिंता**

# चिनाब नदी से पाकिस्तान के 24 शहरों में 3 करोड़ लोगों पर असर खतरे में किसान, खरीफ सीजन में पानी 21% घटने की आशंका

पाकिस्तान में सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण (आईआरएसए) सलाहकार समिति ने सोमवार को मरला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी पर गहरी चिंता जताई। समिति ने आशंका जताई कि पानी का प्रवाह कम होने से खरीफ सीजन के शुरुआती दिनों में पाकिस्तान में 21% पानी की कमी हो सकती है।

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। हमले के बाद, भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला किया है, जिससे पाकिस्तान की चिंता बढ़ गई है। सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण (आईआरएसए) सलाहकार समिति ने सोमवार को मरला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी पर गहरी चिंता जताई। समिति ने आशंका जताई कि पानी का प्रवाह कम होने से खरीफ सीजन के शुरुआती दिनों में पाकिस्तान में 21% पानी की कमी हो सकती है। आईआरएसए सलाहकार समिति की बैठक अध्यक्ष साहिबजादा मुहम्मद शब्बीर की अध्यक्षता में आईआरएसए मुख्यालय इस्लामाबाद में आयोजित की गई।

## कपास, गन्ना और धान फसलों के उत्पादन में आएगी भारी गिरावट



## फैसलाबाद और हाफिजाबाद शहरों की 80% आबादी चिनाब नदी पर निर्भर

### खरीफ मौसम में पानी की होगी भारी कमी

आईआरएसए ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस बात पर सर्वसम्मति से चिंता व्यक्त की गई कि भारत द्वारा कम आपूर्ति के कारण मराला में चिनाब नदी के प्रवाह में अचानक कमी के परिणामस्वरूप शुरुआती खरीफ मौसम में और अधिक कमी होगी। भारत से पानी की आपूर्ति कम होने के कारण पाक को खरीफ मौसम के दौरान पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है।

### सितंबर 2025 तक पानी की स्थिति की समीक्षा की

यह बैठक मई से सितंबर 2025 तक खरीफ की शेष अवधि के लिए प्रत्याशित जल उपलब्धता मानदंड को मंजूरी देने के लिए आयोजित की गई। सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण सलाहकार समिति (आईएसी) ने 'शुरुआती खरीफ' (मई-10 जून) और देर खरीफ (11 जून-सितंबर) मौसम के शेष महीनों के लिए पानी की स्थिति की समीक्षा की।

### स्थिति की प्रतिदिन निगरानी करेंगे

*आईएसी ने शेष प्रारंभिक खरीफ सीजन के लिए 21 प्रतिशत की कुल कमी की घोषणा की है, बशर्ते कि चिनाब नदी में आपूर्ति सामान्य बनी रहे। हालांकि, स्थिति की प्रतिदिन निगरानी की जाएगी। यदि चिनाब नदी में कमी जारी रहती है, देर से खरीफ की कमी 7% होने की उम्मीद है।*

### कृषि उत्पादन पर विपरीत असर

वहीं, कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि खरीफ सीजन में 21 प्रतिशत पानी की कमी से पाकिस्तान में खरीफ फसलों की बुवाई पर विपरीत असर पड़ सकता है। नदी के प्रवाह में लंबे समय तक कमी से फसल की पैदावार कम हो सकती है, खासकर कपास, गन्ना और धान जैसी पानी की अधिक आवश्यकता वाली फसलों के लिए।

### चिनाब नदी में जलस्तर घटकर 7 फीट हो गया



भारत ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब पर बने सियाल और बगलिहार बांध के गेट बंद कर दिए हैं। इसके चलते पाकिस्तान जाने वाला चिनाब का पानी रुक गया है और जल स्तर घटकर 15 फीट रह गया है। पाकिस्तान में चिनाब का पानी 22 फीट था जो 24 घंटे में 7 फीट घट गया। चिनाब के लगातार सिकुड़ने से 4 दिन बाद पंजाब के 24 अहम शहरों में 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। पाकिस्तान के फैसलाबाद और हाफिजाबाद जैसे घनी आबादी वाले शहरों की 80% आबादी पेयजल के लिए चिनाब के सतही पानी पर निर्भर है। बता दें, सोमवार को रियासी जिले में सलाल डैम के गेट बंद कर दिए गए।

### बिजली उत्पादन में आएगी गिरावट

*पाकिस्तान की 80% खेती सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों के पानी पर निर्भर है। अब भारत की तरफ से इन नदियों का पानी रोक देने से पाकिस्तान में जल संकट गहराएगा। वहां की आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी।*

---

**मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत हुए भारत और ब्रिटेन, पीएम मोदी बोले**

# ये ऐतिहासिक उपलब्धि, दोनों के बीच साझेदारी और मजबूत होगी

सहयोग और समृद्धि के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त होगा

*पीएम मोदी ने कहा है कि ये ऐतिहासिक समझौते हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे, तथा हमारी दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा देंगे। मैं जल्द ही पीएम स्टारमर का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन मंगलवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सहमत हो गए हैं। इसके बाद दोनों देशों ने एक व्यापक व्यापार समझौते की घोषणा की है, जो अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर से टैरिफ हटाने का प्रावधान करता है। यह कदम नई दिल्ली और अमेरिका सहित अन्य देशों के बीच इसी तरह के समझौतों के लिए आगे की राह खोल सकता है।

इस समझौते के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर इसे ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया है। पीएम मोदी ने कहा इससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि अपने मित्र पीएम कीर स्टारमर से बात करके बहुत खुशी हुई। एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, भारत और यूके ने एक महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते के साथ-साथ एक दोहरे योगदान सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपन्न किया है।

❑ दोनों देश व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार को बढ़ावा देंगे



### समझौता सुरक्षित अर्थव्यवस्था का हिस्सा

*पीएम कार्यालय ने बताया कि पीएम स्टारमर ने कहा कि दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के साथ गठबंधन को मजबूत करना और व्यापार बाधाओं को कम करना, एक मजबूत और अधिक सुरक्षित अर्थव्यवस्था प्रदान करने के लिए उनके परिवर्तन योजना का हिस्सा है। दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार तेजी से मजबूत और बहुमुखी साझेदारी की आधारशिला है। वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को कवर करने वाले एक संतुलित, न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी एफटीए के समापन से द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि, रोजगार के नए अवसर पैदा होने, जीवन स्तर में सुधार और दोनों देशों के नागरिकों की समग्र भलाई में सुधार होने की उम्मीद है।*

### व्यवसाय के नए अवसर खुलेंगे

पीएम कार्यालय ने एक बयान में कहा कि नरेंद्र मोदी और यूनाइटेड किंगडम के पीएम सर कीर स्टारमर ने आज टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने दोहरे योगदान सम्मेलन के साथ-साथ एक महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के सफल समापन का स्वागत किया। नेताओं ने इसे द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। दोनों इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की दो बड़ी और खुली बाजार अर्थव्यवस्थाओं के बीच ऐतिहासिक समझौते व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलेंगे, आर्थिक संबंधों को मजबूत करेंगे और लोगों के बीच संबंधों को गहरा करेंगे।

### पीएम स्टारमर को भारत आने का निमंत्रण दिया

*पीएम मोदी ने बताया कि यह दोनों देशों के लिए वैश्विक बाजारों के लिए उत्पादों और सेवाओं को संयुक्त रूप से विकसित करने की नई क्षमता को भी खोलेगा। यह समझौता भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी की मजबूत नींव को मजबूत करता है और सहयोग और समृद्धि के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त करता है। पीएम मोदी ने पीएम स्टारमर को भारत आने का निमंत्रण दिया। नेताओं ने संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।*

---

**इटली के अपने समकक्ष से मिलीं वित्त मंत्री सीतारमण**

# आपसी आर्थिक संबंधों और हितों को और मजबूत करेंगे, वैश्विक मंचों पर करेंगे सहयोग

अक्षय ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकियों, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को इटली के शहर मिलान में 58वीं एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) वार्षिक बैठक के मौके पर इटली के वित्त मंत्री जियान कार्लो जॉर्जेट से मुलाकात की। उन्होंने भारत-इटली आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और आपसी हितों के मुद्दों पर वैश्विक और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी द्वारा नवंबर 2024 में घोषित संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 के कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला गया, जो प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग को गहराई और गति प्रदान करेगा। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 14.56 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।



### जलवायु प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाएं

वित्त मंत्री सीतारमण ने ग्रीन हाइड्रोजन, कार्बन कैप्चर, ऊर्जा दक्षता और सर्कुलर अर्थव्यवस्था में सह-वित्तपोषण मॉडल और सहयोग को रेखांकित किया और कहा कि दोनों देश वैश्विक बाजारों के लिए समाधान विकसित करने के लिए अपनी ताकत का लाभ उठा सकते हैं।

### भूटान की पंचवर्षीय योजना को सहयोग जारी रहेगा



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी से मुलाकात की और भारत तथा भूटान के बीच स्थायी और समय की परीक्षा में खरी साझेदारी की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने भारत और भूटान के बीच असाधारण विकास सहयोग पर विचार किया, भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना और व्यापक आर्थिक आकांक्षाओं के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को जताया। दोनों देशों के बीच भौतिक, डिजिटल और वित्तीय संपर्क को मजबूत करने पर चर्चा हुई। सीमा पार व्यापार, बुनियादी ढांचे और वित्तीय एकीकरण को बढ़ाना साझा प्राथमिकता बनी हुई है।


### जापान से विशेष रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा

*भारतीय वित्त मंत्री ने जापान के वित्त मंत्री कात्सुनोबु काटो से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र और कानून के शासन के साझा मूल्यों पर आधारित भारत-जापान साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।*

---

## खबर संक्षेप

### नाव पलटने से 3 की मौत और 9 लापता



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के सैन डिएगो तट के पास एक नाव पलट गई, नाव पलटने से कई लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए हैं। इस हादसे में 3 लोगों की मौत 4 घायल और 9 लापता बताए जा रहे हैं । 9 लापता लोगों में 2 भारतीय बच्चे भी शामिल हैं। प्रभावित लोगों में एक भारतीय परिवार शामिल है, जिसके माता-पिता का वर्तमान में स्क्रिप्स मेमोरियल अस्पताल ला जोला में इलाज चल रहा है, उनके बच्चे लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने दुखद घटना के बारे में दुख जताया है और आवश्यक सहायता प्रदान कर दी है।

### पुंछ में खाई में गिरी बस 4 की मौत, 25 घायल



**पुंछ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में एक बस दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। हादसा पुंछ जिले के गनी मेंढर इलाके में हुआ। घायलों को सेना के जवानों और पुलिस ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बचा लिया और उन्हें इलाज के लिए मेंढर के उप-जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे को लेकर बताया जा रहा है कि बस ड्राइवर ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया था। जिससे यात्रियों से भरी बस खाई में गिर गई। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

**एयरपोर्ट अटैक का पीएम नेतन्याहू ने लिया जोरदार बदला**

# यमन में हूती विद्रोहियों के बंदरगाह पर एयरस्ट्राइक 20 लड़ाकू विमानों ने 50 ठिकानों पर गिराए बम

एजेंसी ▶▶ सना

इजराइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर हुदैदाह पर सोमवार रात भीषण बमबारी की। सेना के मुताबिक हमले में 20 इजरायली वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। इसके लिए विमानों ने 2000 किमी की दूरी तय की। हमले में हुदैदाह पोर्ट और बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री को निशाना बनाया गया। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुताबिक फाइटर जेट्स ने कम से कम 50 टारगेट पर बम गिराए।



### हूती विद्रोही बोले- इजराइल को जवाब देंगे

*हूती विद्रोहियों का कहना है कि इजराइली हमले में कम से कम 21 लोग घायल हो गए हैं। हूती विद्रोहियों के मीडिया विभाग के चीफ नसरुद्दीन आमेर ने कहा कि वे इस हमले का जवाब देंगे। इजराइली हमले उन्हें नहीं रोक पाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह हमला इजराइल और अमेरिका दोनों ने मिलकर किया था।*

### आतंकी मकसद के लिए बंदरगाह का उपयोग हो रहा

इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला हूती शासन की अर्थव्यवस्था और उसके सैन्य निर्माण के लिए एक झटका है। बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री उनके लिए एक अहम आर्थिक संसाधन के रूप में काम करती है और इसका उपयोग सुरंगों और सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किया जाता है।

---

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले**

# विदेशों में कार्यरत भारतीयों के क्षमता विकास पर ध्यान दे रहे



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को नई दिल्ली में 'ग्लोबल एक्सेस टू टैलेंट फ्रॉम इंडिया' फाउंडेशन के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार ने विदेशों में भारतीय नागरिकों की शिकायतों को तुरंत सुनने और सुलझाने के लिए एक प्रभावी शिकायत पोर्टल शुरू किया है। साथ ही जरूरतमंद और संकट में फंसे नागरिकों की मदद के लिए एक विशेष कोष भी बनाया गया है। सरकार अब कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और पेशेवर तैयारी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। हमारी कोशिश है कि भारतीय कार्यबल न केवल योग्य हो, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हो।

---

**पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया समकक्ष एंथनी से की चर्चा**

# रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने और नए क्षेत्रों में सहयोग करने पर हुए सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज को टेलीफोन कर उनके दूसरे ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बधाई दी। इस संबंध में पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर में लिखा कि अपने मित्र एंथनी अल्बनीज से बात की और उन्हें उनकी पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करने के लिए नए जोश के साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए।



### आपसी हित के मुद्दों पर की चर्चा

दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया तथा एक स्वतंत्र, खुले, स्थिर, नियम-आधारित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने पीएम अल्बनीज को वार्षिक शिखर सम्मेलन और इस वर्ष के अंत में भारत में आयोजित होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन सहित भारत आने का निमंत्रण दिया।

---

**19 मई को सबरीमाला मंदिर जाएंगी द्रौपदी मुर्मू**

# भगवान अयप्पा के दर्शन करने वाली पहली राष्ट्रपति होंगी, तैयारियां शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मई को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगीं। देश के इतिहास में वह पहली राष्ट्रपति होंगी जो सबरीमाला मंदिर जाएंगीं। मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने उनकी यात्रा की पुष्टि की। साथ ही इसे देश के इतिहास में गर्व का पल

### यह गर्व का क्षण

*टीडीबी के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने कहा कि यह पहली बार है कि जब किसी राष्ट्रपति का सबरीमाला मंदिर में आगमन हो रहा है। वे यहां प्रार्थना करने वाली पहली राष्ट्रपति होंगी। यह गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि 18 और 19 मई को मंदिर में भक्तों को दर्शन नहीं मिलेंगे। इसके लिए क्यूआर टिकट सेवाओं को भी बंद कर दिया गया है। हमने सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।*

---

**अमेरिकी संसद के स्पीकर ने की पहलगाम हमले की निंदा कहा-**

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



पहलगाम आतंकी हमले की लगातार निंदा हो रही है। अब अमेरिकी संसद के स्पीकर माइक जॉनसन ने भी पहलगाम हमले को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका भारत का पूरा समर्थन करेगा।

भारत कई मायनों में अमेरिका का साझेदार है। माइक जॉनसन ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी बात की। कैपिटल हिल में कांग्रेस की ब्रीफिंग के दौरान माइक जॉनसन ने कहा कि भारत में जो भी कुछ हो रहा, उसके लिए हमारी बहुत सहानुभूति है। हम अपने सहयोगियों के साथ हैं। मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता अच्छी तरह से काम करेगी।

भारत को आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना होगा। हम अमेरिका में भारत के प्रयासों का समर्थन करने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका का रिश्ता लगातार विकसित हो रहा है।

*भारत कई मायनों में अमेरिका का साझेदार*

*ट्रंप भारत के साथ रिश्तों को महत्व देते हैं*

### भारत ने यूएस को शून्य टैरिफ का दिया प्रस्ताव

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर जल्द सहमति बन सकती है। भारत ने व्यापार वार्ता में अमेरिका के समक्ष इस्पात, ऑटो पार्ट्स व दवाओं पर दोनों देशों में शून्य टैरिफ का प्रस्ताव रखा है। भारत का प्रस्ताव है कि उत्पादों की एक निश्चित मात्रा और पारस्परिक आधार पर इस टैरिफ व्यवस्था को अपनाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने वाशिंगटन में हुई बातचीत में भारतीय अधिकारियों ने यह प्रस्ताव रखा। इसके तहत एक तय सीमा तक वस्तुओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। आयात तय सीमा से ज्यादा होता है, तो सामान्य दरों पर शुल्क लागू होगा। यह प्रस्ताव साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को पूरा करने की रणनीति का हिस्सा है।

### शीर्ष अमेरिकी सैन्य नेतृत्व के पद 20% कम होंगे

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को सेना को निर्देश दिया है कि वह अपने ऐसे अधिकारियों की संख्या में 20 फीसदी की कमी करे, जिन्हें चार स्टार मिले हुए हैं। ट्रंप प्रशासन चाहता है कि सेना अपने बड़े अफसरों की संख्या कम करके व्यवस्था को बेहतर बनाए। इसके अलावा, रक्षा मंत्री हेगसेथ ने नेशनल गार्ड को भी अपने शीर्ष पदों में से 20 फीसदी की कटौती करने को कहा है। हेगसेथ ने कहा कि कटौती से सेना की नेतृत्व व्यवस्था को बेहतर और आसान बनाया जा सकेगा, पद जरूरी नहीं हैं उन्हें हटाया जा सकेगा।




# आईपीएल : कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में मैच आज शाम 7.30 बजे से

# चेन्नई के पास खोने को कुछ नहीं, कोलकाता के लिए करो या मरो जैसा आज का मुकाबला

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। चेन्नई की टीम के लिए अब खोने के लिए कुछ भी नहीं है और वह इस मैच में अधिक स्वच्छंद होकर खेलेगी लेकिन कोलकाता के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है क्योंकि उसे प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। कोलकाता के अभी 11 अंक हैं और अगले तीनों मैच में जीतने पर उसके 17 अंक हो जाएंगे। यहां पहुंचने पर भी उसकी प्लेऑफ में सीट पक्की हो जाएगी यह कहा नहीं जा सकता क्योंकि अन्य टीमों के परिणाम पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा और ऐसे में नेट रन रेट पर भी मामला अटक सकता है। कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में मैच आज शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

चेन्नई के बाद कोलकाता को सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर मैच खेलने हैं लेकिन फिलहाल वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली एक रन की जीत की लय को कायम रखना चाहेगा।अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली कोलकाता की टीम को वेंकटेश अय्यर से भी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो इस सत्र में अभी तक रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।



### सीएसके का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों टीमों के बीच मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स का पलड़ा भारी रहा है। आईपीएल में ये दोनों टीमें कुल 31 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 19 मैच सीएसके ने जीते और 11 मैच केकेआर ने अपने नाम (बेनतीजा-1) किए। आईपीएल 2025 की पहली भिड़ंत में केकेआर ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2024 में दोनों टीमें 1 मैच में आपस में भिड़ी थी, जिसमें सीएसके को 7 विकेट से शानदार जीत मिली थी।

### कैसा है ईडन गार्डन में पिच का मिजाज?

ईडन गार्डन स्टेडियम में काली मिट्टी की पिच बनाई जाती है। ऐसे में यह बल्लेबाजों को काफी रास आती है। खेल की शुरुआत में यहां तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिलती है। उसके बाद स्पिनर्स हावी होते हैं। इस पिच पर अगर बल्लेबाज की निगाह एक बार जम गई तो आसानी से बड़े-बड़े शॉट्स लगते हैं। यहां की तेज आउटफील्ड भी बल्लेबाजों के पक्ष में जाती है। पहली पारी में यहां का औसत स्कोर 165 रन का रहा है।

### इस बार चूकी चेन्नई के नाम सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में पहुंचने का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की जंग दिलचस्प हो चली है। 54 मैच खेले जा चुके हैं और अब तक सिर्फ दो टीमें- चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई है। आठ टीमें अब भी अंतिम-चार में पहुंचने की दौड़ में हैं। अब तक सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में पहुंचने का रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के नाम है, लेकिन यह टीम इस साल सबसे आखिरी 10वें स्थान पर है। वहीं, दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस है। तीसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद और पांचवें स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है। हालांकि, शीर्ष पांच में एक आरसीबी ही है, जिसके नाम अनचाहा रिकॉर्ड है। शीर्ष पांच टीमों में आरसीबी ही एकमात्र टीम है, जिसने अभी तक एक भी बार आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। सीएसके की टीम आईपीएल के प्लेऑफ में 12 बार पहुंच चुकी है। इनमें से पांच बार टीम ने खिताब भी अपने नाम किया है। टीम 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में खिताब जीत चुकी है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

# सुपरबेट क्लासिक शतरंज में चुनौती पेश करेंगे गुकेश

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश बुधवार से शुरू हो रहे सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होंगे जहां यह दिग्गज युवा खिलाड़ी अपने करियर में पहली बार 2800 रेटिंग का आंकड़ा पार करने के लिए चुनौती पेश करेगा। यह टूर्नामेंट इस साल ग्रैंड चेस टूर में क्लासिकल शतरंज के तहत पहली प्रतियोगिता है। मेजबान देश के डेक बोगदान-डेनियल को वाइल्ड कार्ड दिया गया है। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी गुकेश की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि सभी नौ टूर प्रतिभागी पहले टूर्नामेंट में एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 3,50,000 डॉलर है।



### प्रज्ञानानंदा भी टक्कर देने तैयार

विश्व चैंपियन गुकेश के अलावा आर प्रज्ञानानंदा इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले एक अन्य भारतीय हैं जो सभी को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं। टाटा स्टील मास्टर्स के विजेता प्रज्ञानानंदा ने पोलैंड के वारसॉ में पिछले सुपरबेट रेपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया था। दो भारतीयों के अलावा अमेरिका के फाबियानो करुआना, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा खिताब के अन्य मुख्य दावेदार हैं।

### खुश रहने के लिए कप्तानी छोड़ी: कोहली

**बेंगलुरु।** लगभग एक दशक तक भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नेतृत्व करने और उनकी बल्लेबाजी पर रखी जा रही कड़ी निगरानी के बाद विराट कोहली ने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया।

### निहाल एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**अल ऐन (यूएई)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। नौ दौर की इस प्रतियोगिता में शीर्ष वरीयता प्राप्त और फॉर्म में चल रहे सरीन खिताब के साथ-साथ इस साल के अंत में अक्टूबर में नयी दिल्ली में होने वाले अगले विश्व शतरंज कप में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। सबसे कड़ी एशियाई चैंपियनशिप में 18 भारतीय ग्रैंडमास्टर चुनौती पेश करेंगे जिसमें से शीर्ष 10 खिलाड़ी अगले विश्व शतरंज कप के लिए क्वालीफाई करेंगे।

## खबर संक्षेप



### जोविक और नवा को फ्रेंच ओपन का वाइल्ड कार्ड

**ऑरलैंडो (फ्लोरिडा)।** सत्रह वर्षीय इवा जोविक और 23 वर्षीय एमिलियो नवा को 25 मई से पेरिस में शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर काबिज जोविक लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लेगी। वह पिछले सितंबर में अमेरिकी ओपन और जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में पहुंचीं थी। पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 137वें स्थान पर मौजूद नवा दूसरी बार फ्रेंच ओपन में भाग लेंगे।

### नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट लीग में जगह बनाने की उम्मीदें धूमिल

**लंदन।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट में क्रिस्टल पैलेस के साथ 1-1 से ड्रा खेला जिससे उसकी चैंपियंस लीग में जगह बनाने की उम्मीदें धूमिल हो गईं।



नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट की टीम ने साल का अधिकतर समय लीग के शीर्ष तीन में बिताया, लेकिन चार मैच में से केवल एक में जीत दर्ज करने से वह चेल्सी, न्यूकैसल और मैनचेस्टर सिटी से पीछे हो गया है। क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ जीत से वह चेल्सी और न्यूकैसल की बराबरी पर आ जाता लेकिन इस मैच में केवल एक अंक मिलने से वह पहले की तरह छठे नंबर पर ही है।

### राजस्थान के मयंक ने निशानेबाजी में दूसरा स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** राजस्थान के मयंक चौधरी ने खेलो इंडिया युवा खेलों में मंगलवार को लड़कों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए दो दिन में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। मयंक ने इससे पहले सोमवार को मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। मयंक ने 239.2 अंक हासिल करते हुए चंडीगढ़ के धैर्य पराशर (235.3) को आसानी से पछाड़ा। मध्य प्रदेश के युग प्रताप सिंह राठौर ने 214.8 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता। **लड़कियों में प्राची ने मारी बाजी :** प्राची गायकवाड़ ने लड़कियों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन को हराया।

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. No./PWD-16/PRO No.100 — **निविदा सूचना** — Dated 06/05/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | T.ID-2025_UAD _421354_1 Date-19/05/2025 | संभाग क्र.- 16 शहीद अशफाक उल्ला खा वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सड़कों का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>17.78 लाख | 2000/-<br>13342/- | 17/06/2025 |
| 2 | T.ID-2025_UAD _421354_2 Date-19/05/2025 | संभाग क्र.- 16 शहीद अशफाक उल्ला खा वार्ड अंतर्गत गुलाम मोहम्मद अखाड़े वाले मैदान से डॉ. ताजदार के मकान तक सड़क का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>14.17 लाख | 2000/-<br>10629/- | 17/06/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर

## कार्यालय वन मण्डलाधिकारी वनमण्डल अनूपपुर जिला - अनूपपुर 484224 (म. प्र.)

PHONE-07659-222038 MAIL-dfotanppur@mp.gov.in

खंड -I

ई - निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल अनूपपुर, मध्यप्रदेश

ई निविदा आमंत्रण सूचना- संख्या -2898/ई-टेंडरिंग /2025-26 — दिनांक 02/05/2025

वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल अनूपपुर द्वारा मप्र भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित - 2022 के नियमों के अन्तर्गत वन मण्डल अनूपपुर अंतर्गत वानिकी कार्यो एवं निर्माण कार्यों में उपयोग हेतु सामग्री की आवश्यकता है। सामग्री प्रदाय करने हेतु एम. पी. ई- टेन्डरिंग पद्धति के माध्यम से ऑनलाईन पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | समाग्री का विवरण | सत्यंकार राशि | निविदा दस्तावेज का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Galvanized Steel Barbed wire | 2,00,000.00 (Two lakhs Rupees Only) | 1000.00 (One Thousand Rupees Only) |

| S. No. | Product | PRODUCTSPECIFICATIONS | Unit | Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Galvanized Steel Barbed wire | Galvanized Galvanized Steel Barbed wire :-<br>1- Line Wire - Galvanised Steel Wire of 2.5 mm Diameter<br>2- Point Wire - Galvanised Steel Wire of 2.5 mm Diameter<br>3- Barbs – Distance Between two boards 75mm, the Barbs shall have four points and shall be formed by twisting two ponit wires each two turns, tightly around both the line wires making altogether four complete turns.<br>4- Standards – Conforming to IS-278-2009 | कि.ग्रा. | आवश्यकतानुसार |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल / एम.पी. ई-टेण्डर पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेजों को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल दिनांक 02.05.2025 समय 05:00 बजे से दिनांक 24.05.2025 को समय 12.00PM बजे तक ऑन लाईन खरीद सकते हैं। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। 5. ई-खरीद पोर्टल- https://www.mptenders.gov.in

(विपिन कुमार पटेल)
G-12456/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल अनूपपुर

## कार्यालय क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म. प्र.)

e-mail : fdpennp.sni@mp.gov.in, url: www.penchtiger.org

क्रमांक / स्टोर / 1958 — सिवनी, दिनांक 29/04/25

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति

पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में हाथी खाद्यान हेतु उच्च गुणवत्ता का गेंहु क्रय करने के लिये अनुमानित लागत 25,000,000/- रुपए हेतु विभिन्न फर्मों से ई-टेण्डरिंग पद्धति के अंतर्गत ऑनलाईन निविदा https://mptenders.gov.in पर Key data and time अनुसार आमंत्रित की जाती है समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी स्टोर शाखा से कार्यालयीन समय में अथवा सर्वपोर्टल https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण अनुमानित | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | 1 उच्च गुणवत्ता का गेंहु | 30,000 किलो ग्राम |

टीप - उपरोक्त सामग्री की मात्रा किसी भी सीमा तक कम या अधिक हो सकती है।

| | |
|---|---|
| Publishing of tender date and time निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.05.2025 Time 10:00 AM |
| Bid submission start date and time निविदा दर प्रस्तुत करनें की प्रारंभिक तिथि | 10.05.2025 Time 10:00 AM |
| Bid submission closing date and time निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19.05.2025 Time 05:00 PM |
| Bid opening date and time निविदा खोलने का दिनांक | 21.05.2025 Time 12:00 PM |

G-12440/25 — उप संचालक, पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

गुड्स शेड और इलेक्ट्रिकल कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

1. **निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-04 **दिनांक:** 30.04.2025 **कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ (DGG) गुड्स शेड का उन्नयन / आधुनिकीकरण। **निविदा मूल्य:** ₹ 31,46,159/- **बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 62,900/-
2. **निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-05 **दिनांक:** 30.04.2025 **कार्य का नाम:** गोंदिया - चांदाफोर्ट (SL) - CTR(P) - 26.943 Tkm (कि.मी. 1122.675 से कि.मी. 1149.618 तक) में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 29,88,919/- **बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 59,800/-
3. **निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-06 **दिनांक:** 30.04.2025 **कार्य का नाम:** गोंदिया - चांदाफोर्ट (SL) - CTR(P) - 27.067 Tkm (कि.मी. 1213.139 से कि.मी. 1241.117 तक) में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 31,67,351/- **बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 63,400/-

**निविदा प्रस्तुति तिथि:** दिनांक **16.05.2025** से **30.05.2025** के **15:00** बजे तक। **निविदा खोलना:** दिनांक **30.05.2025** को। अधिक जानकारी के लिए कृपया वरिष्ठ डीईई (आरएसएंडजी)/नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध दस्तावेज देखें / डाउनलोड करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/04-19

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

## पूर्व रेलवे

**सं. एफ/एमएफजी/90 एफएमपी/2025 दिनांक: 05.05.2025.** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एमएफजी), पूर्वी रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला- मुंगेर, बिहार-811214 निविदा सं. एफ/एमएफजी/90 एफएमपी/2025 के अंतर्गत ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। बोलीदाता अपनी बोलियाँ केवल समापन तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है एवं प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के विरुद्ध बोली सुरक्षा के लिए केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान विधियों जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है। **निविदा सूचना सं. एफ/एमएफजी/90एफएमपी/2025 दिनांक:** 05.05.2025, **कार्य का नाम:** एफएमपी वैगन को पूर्ण करने के लिए विभिन्न अवयव की आपूर्ति, फिटमेंट, स्थापना एवं कमीशनिंग जैसे कि सीबीसी एवं डीजी सहित सभी अवयव के साथ पूर्ण / तैयार अंडरफ्रेम, एयर ब्रेक पाइप एवं पाइप फिटिंग के साथ एयर ब्रेक उपकरण, एसएबी, एलएसडी जिसमें अंडरफ्रेम ब्रेक गियर एवं हैंड ब्रेक व्यवस्था, सीटीआरबी एवं इसका फिटमेंट शामिल है। बोगियां एवं पूर्ण वैगन पेंटिंग, (व्हील सेट जर्नल क्लीनिंग को छोड़कर, बोगियों की सेटिंग एवं व्हीलिंग और व्हील सेट रेलवे द्वारा प्रदान किया जाएगा) जिसमें 90 एफएमपी (12 एफएमपी ए-कार और 78 एफएमपी बी-कार) वैगन के लिए एकल सेट में क्रम सं. -1 से 7 तक शामिल हैं; **कार्य का स्थान :** पूर्वी रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार). पिन-811214; **विज्ञापित मूल्य :** रु.36,82,02,948.00; **बोली प्रणाली :** दो पैकेट प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय); **संयुक्त उद्यम :** जेवी की अनुमति; **निविदा दस्तावेज की लागत :** रु. 00.00; **बोली सुरक्षा :** रु. 19,91,000.00; **पूरा होने की अवधि :** 6 (छह) महीने; **निविदा समापन तिथि एवं समय :** 28.05.2025 को 17.00 बजे; **निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय :** 07.05.2025 को 12.00 बजे; **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन; **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है (www.ireps.gov.in www.er.indianrailways.gov.in के साथ हाइपरलिंक किया गया है)** एवं उप सीएमई (निर्माण) कार्यालय, पूर्वी रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में किसी भी कार्य दिवस पर।

(MISC-51/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## "रुक जाना नहीं" परीक्षा

जून 2025 के तहत्

माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा 2025 के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी निराश न हों, उनके लिए 2 जून 2025 से पुन: परीक्षाएं

केवल माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल से 2025 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी हेतु

**पात्रता-**

माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल की फरवरी 2025 में आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित रहे विद्यार्थी।

**परीक्षा-**

- पात्र परीक्षार्थी **22 मई 2025 (अंतिम तिथि)** तक आवश्यक रूप से एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से अथवा स्वयं, ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन करवा सकते हैं।
- परीक्षा 2 जून 2025 से आयोजित की जावेगी। परीक्षा पूर्व 22 मई से 1 जून 2025 तक निर्धारित केन्द्रों (विकासखण्ड स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय) पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।
- परीक्षा प्रश्नपत्र मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम अनुसार ही होंगे तथा केवल अनुत्तीर्ण विषयों की ही परीक्षा देनी होगी। अंकसूची म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल द्वारा ही दी जावेगी, जिस में पूर्व में उत्तीर्ण विषयों के प्राप्तांक दर्शित होंगे।
- किसी कारणवश हितग्राही म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की माह जून 2025 की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाते हैं, तो उन्हें शेष विषयों की परीक्षा माह दिसम्बर 2025 में आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु पुन: पंजीयन करवाकर उत्तीर्ण होने के लिए अवसर प्रदान किया जावेगा।
- जून 2025 में आयोजित प्रथम चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थी को ही कक्षा 11वीं में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। द्वितीय चरण में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को कक्षा 11वीं में नियमित प्रवेश नहीं मिलेगा परन्तु वे अगले वर्ष 2027 की ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की **"आ लौट चलें"** परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।
- परीक्षा परिणाम माह जुलाई 2025 में, ताकि उत्तीर्ण परीक्षार्थी अगली कक्षा में नियमित प्रवेश ले सकें।

"हार मान लेना अंत नहीं होता, एक और कोशिश से ही सफलता की शुरुआत होती है"
- उदय प्रताप सिंह, मंत्री, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन, मध्यप्रदेश शासन

डिजीटाइज्ड मूल्यांकन | परीक्षा फल की घोषणा जुलाई 2025 में | ऑनलाइन ई-माइग्रेशन एवं तत्काल ई-अंकसूची

RJN Video Link

- ✓ परीक्षा के प्रवेश पत्र www.mpsos.mponline.gov.in एवं www.mpsos.nic.in से डाउनलोड कर सकेंगे
- ✓ प्रवेश पत्र पर परीक्षा की समय सारणी आदि की जानकारी अंकित होगी।
- ✓ किसी भी प्रकार की समस्या समाधान हेतु एम.पी. ऑनलाइन की हेल्पलाइन 0755-6720200 पर संपर्क करें।
- ✓ परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं ब्लूप्रिंट म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल अनुसार ही होगा।
- ✓ परीक्षा के लिये विशेष रूप से तैयार वीडियो अध्ययन सामग्री के लिए QR Code स्कैन करें।


मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल

M.P. Madhyam/119954/2025



## युद्ध में हवाई हमले के दौरान बताए जायेंगे बचाव के उपाय

# आज ब्लैकआउट के बीच होगी सिविल डिफेंस ड्रिल



हरिभूमि जबलपुर।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुई आतंकवादी हमले के बाद देश गुस्से में है। वहीं पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों को बुधवार को 7 मई को सिविल डिफेंस ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सिविल डिफेंस ड्रिल के लिए जिला पुलिस और सैन्य प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है आज 7 मई को सुरक्षा की रिहर्सल की जाएगी। पड़ोसी जिला कटनी में भी यह ड्रिल होगी। ड्रिल का समय सुरक्षा कारणों से आज ही घोषित किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को जिला, पुलिस और सैन्य प्रशासन की एक संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई, जिसमें सिविल डिफेंस ड्रिल की रुपरेखा तय की गई।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर जबलपुर में भी मॉक ड्रिल होगी, जिसको लेकर तैयारियां की गई है। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले पर अलर्ट करने वाले सायरन लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। किसी भी तरह के हवाई हमले की स्थिति में ये सायरन बजने लगते हैं, ताकि लोग आस पास किसी सुरक्षित जगह पर खुद को छुपा सकें।



ऐसे सायरन युद्ध की स्थिति में काम आते हैं। मॉक ड्रिल का समय आज निर्धारित कर सभी को सूचित किया जाएगा। यह एक ज्वाइंट मॉक ड्रिल होगी, इसमें आर्मी व अन्य सुरक्षा एजेंसियां व संसाधन भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि देश में इस तरह की ड्रिल 1962 में चीन के साथ हुए युद्ध, 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के दौरान हुई थी। पूरे देश में 1971 के बाद यह ड्रिल पहली बार की जा रही हैं। देश की 60 प्रतिशत जनसंख्या इस प्रकार की ड्रिल पहली बार देखेगी। 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान आखिरी बार देश में इस प्रकार की ड्रिल आयोजित की गई थी।

## जबलपुर ईओडब्ल्यू की टीम कर रही पूछताछ

# धोखाधड़ी का आरोपी पूर्व बिशप कर्नाटक से गिरफ्तार

ईसाई मिशनरी की प्रापर्टी में धोखाधड़ी करने और स्कूल की जमीन के अधिग्रहण की राशि का गबन करने के आरोप में फरार चल रहे पूर्व बिशप पीसी सिंह को जबलपुर की ईओडब्ल्यू की टीम ने कर्नाटक राज्य के मंगलौर जिले से गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि जबलपुर।

ईओडब्ल्यू के डीजी उपेंद्र जैन ने बताया कि पूर्व बिशप जबलपुर डायोसिस पीसी सिंह एवं चेयरमैन एनडीटीए पॉल दुपारे द्वारा बार्स्लेय स्कूल, कटनी की 0.22 हेक्टेयर भूमि को रेलवे द्वारा अधिग्रहण किए जाने पर प्राप्त राशि 2 करोड़ 45 लाख 30 हजार 830 रुपए का गबन एवं धोखाधड़ी करने के आरोप में ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद धारा 406, 420, 120बी के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान यह साक्ष्य सामने आए कि पीसी सिंह ने चेयरमैन एनडीटीए पॉल दुपारे के साथ षड़यंत्रपूर्वक बार्स्लेय स्कूल, कटनी की मुआवजा राशि 2 करोड 45 लाख 30 हजार 830 रुपए प्राप्त करने के लिए संबंधित न्यायालय में प्रिंसिपल बार्स्लेय स्कूल की ओर से कूट रचित पत्र प्रस्तुत किया था, तथा राशि को एनडीटीए के अधिकृत खातों में हस्तांतरित न कर अन्य खातों में हस्तांतरित कर गबन किया गया।

यह तथ्य भी संज्ञान में आया कि पूर्व बिशप पीसी सिंह के द्वारा मुआवजा राशि के संबंध में एनडीटीए से न तो अनुमति प्राप्त की गई और न ही अवगत करवाया गया, जबकि एनडीटीए इसके संबंध में अधिकृत है। विवेचना में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर धारा 467, 468, 471 के तहत का भी इजाफा किया गया।

ईओडब्लयू द्वारा आरोपी पूर्व बिशप पीसी सिंह को मंगलौर (कर्नाटक) से हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस अपराध का एक आरोपी फरार है। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### आपराधिक पृष्ठभूमि

आरोपी पूर्व बिशप पीसी सिंह पिता स्व. बिलट सिंह, निवासी 2131 बिशप हाउस, नेपियर टाउन, इंकम टैक्स चौराहे के पास, जबलपुर शातिर एवं आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध कई राज्यों दिल्ली, उप्र, मप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, एवं प्रवर्तन निदेशालय में 64 अपराध पंजीबद्ध है।

आरोपी पूर्व बिशप पीसी सिंह की गिरफ्तारी में आर्थिक प्रकोष्ठ इकाई, जबलपुर के उप पुलिस अधीक्षक एसएस धामी के नेतृत्व में निरीक्षक मोमेंद्र कुमार मर्सकोले, प्रधान आरक्षक अभिनव ठाकुर, आरक्षक शेख नदीम एवं आरक्षक सुनील मिश्रा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्याल, भोपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



## सीएमएचओ के आरटीआई शाखा में लोकायुक्त की कार्रवाई

# महिला कर्मी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गई

हरिभूमि जबलपुर।

लोकायुक्त की टीम ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय के आरटीआई शाखा में पदस्थ एक महिला कर्मी को चार हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। बताया गया है कि महिला कर्मी ने आवेदक से आरटीआई के तहत जानकारी देने के बदले में 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, बातचीत के जरिए 4 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था।

लोकायुक्त डीएसपी नीतू त्रिपाठी ने बताया कि 2 मई को शिकायत कर्ता राकेश विश्वकर्मा ने एसपी लोकायुक्त संजय साहू को लिखित शिकायत देते हुए बताया था कि सीएमएचओ कार्यालय में उसके द्वारा एक आरटीआई के तहत आवेदन लगाया गया था। जिसमें उसके द्वारा कुछ कर्मचारियों की पदस्थापना संबंधी जानकारी मांगी गई थी। इस जानकारी देने के एवज में आरटीआई शाखा में पदस्थ महिला विनीता विलियम से मुलाकात हुई, उन्होंने जानकारी देने के एवज में 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। बातचीत के बाद वे चार हजार रुपए में जानकारी देने के लिए तैयार हो गई। लोकायुक्त की टीम ने शिकायत का सत्यापन कराने के बाद ट्रेप दल गठित किया और मंगलवार की दोपहर में जब शिकायत कर्ता ने रिश्वत की रकम दी थी तभी लोकायुक्त की टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ा। भष्ट्राचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया है।

## युद्ध की परिस्थिति में जबलपुर चेंबर की एडवाईजरी

# व्यापारी आपदा प्रबंधन के उपायों पर आवश्यक प्रबंध करें

**जबलपुर।** युद्ध की स्थिति में व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिये सुरक्षा के उपाय महत्वपूर्ण हैं। इन उपायों में मुख्य रुप से आर्थिक आपदा प्रबंधन योजना बनाना, प्रतिष्ठानों को सुरक्षित रखना अग्नि सुरक्षा उपकरणों को उपयोग एवं आपातकाल के समस्त उपायों पर खुद को तैयार करें।जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने सभी उद्योगपति एवं व्यापारियों से युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए अपील की है की सभी को आपदा प्रबंधन के उपायों पर ध्यान देना चाहिये। व्यवसाय को चालू रखने के लिये आपातकालीन आपूर्ति का भंडारण, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना एवं साइबर हमलों के समय डेटा बैकअप एवं नगद रुपये की आवश्यकता होने पर उसका प्रबंधन रखना अति आवश्यक है। आवश्यकता अनुसार दवाईयों को रखने की आवश्यकता है। पर्याप्त बीमा कवरेज का ध्यान रखना आवश्यक है। सभी को अपने कंप्यूटर डेटा का बैकअप लेने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण उपायों पर ध्यान देना आवश्यक है। युद्ध की स्थिति को देखते हुए चेम्बर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेष्याम अग्रवाल, अजय बख्तावर, अजय अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, वीरेन्द्र केशरवानी, नरिंदर सिंह पांधे, अजीत पवार, बलदीप सिंह मैनी, रजनीश त्रिवेदी, सुनील महावर, निखिल पाहवा, राकेश श्रीवास्तव, शशिकांत पांडेय, रोशन मुलतानी, उमेश ग्रावकर आदि के द्वारा अपील की गई है कि युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए अपने व्यापार के लिए उचित सुरक्षा के उपाय करें।

### व्यापारियों को युद्ध के समय ध्यान रखने योग्य बातें:-

#### आपूर्ति श्रृंखला

युद्ध के कारण आपूर्ति बाधित हो सकती है, इसलिए व्यापारियों को अपने व्यापार के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

#### व्यापार प्रतिबंध

युद्ध के कारण आयात और निर्यात पर प्रतिबंध लग सकते हैं, इसलिए व्यापारियों को सरकार की व्यापार नीतियों और प्रतिबंधों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए और उनके अनुसार अपने व्यापारिक कार्यों को समायोजित करना चाहिए।

### ध्यान भटकाकर कार में रखे 3 लाख किये पार

**जबलपुर।** गोरखपुर थानान्तर्गत महानद्दा के पास भुआ,बिछिया मण्डला से खरीददारी करने आए एकव्यापारी की स्कॉर्पियों कार में रखे 3 लाख रूपए का बैग ध्यान भटकाकर दो अज्ञात लड़कों ने पारकर दिए। घटना के संबंध में गोरखपुर पुलिस से प्राप्त जानकारीके अनुसार भुआ,बिछिया निवासी मिठाई कारोबारी अजयपुरी गोस्वामी अपने ड्राईवर रवि के साथ यहां महानदा में प्लाइबुड और सनमाइका की खरीददारी करने आये थे उन्होंने अपनी स्कॉर्पियो खड़ी थी तभी दो लड़के आये और उन्होंने कहा भाईयां आपकी गाड़ी से ऑयल गिर रहा है। लड़कों ने वहां पहले से वहां आयल गिरा दिया था ड्राईवर बोनट खोलकर आयल चैक करने लगा और व्यापारी खरीददारी में लगा रहा। गाड़ी में बैठे विश्वकर्मा जी को एक अन्य व्यक्ति ने ईशारा करके कहा कि आपको सामने भाईया को ला रह हैं। इसी बीच अज्ञात लड़कों ने गाड़ी के पीछे का गेट खोलकर 3 लाख रूपए से भरा बैग पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2 ) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बेघर मां ने कलेक्टर, एसपी को जनसुनवाई में दी शिकायत

# कलयुगी बेटे और बहू ने मां को घर से निकाला

हरिभूमि, जबलपुर।

कृषि उपज मंडी थाना विजय नगर निवासी वृद्ध महिला सपना गुप्ता ने एसपी और कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत देते हुए बताया कि वर्ष 2000 से वो अपने पति के साथ विजयनगर स्थित अपने मकान में रहती थी । कुछ साल पहले पति की मृत्यु हो जाने के बाद उनका बेटा अभिषेक गुप्ता और बहू रितु गुप्ता आये दिन मारपीट करके जान से मारने की धमकी देकर बहुत ज्यादा मानसिक प्रताड़ति करने के साथ मकान पर कब्जा करने की धमकी देते थे। जबकि चल-अचल संपत्तियों के



अलावा पूरा मकान पति की मौत के बाद से सारे सरकारी रिकॉर्डों में माँ के नाम से दर्ज है जिसकी समस्त छायाप्रति वृद्धा द्वारा शिकायत पत्र के साथ दी गई हैं।

### 8 दिसंबर 2024 से रह रही बाहर

रितु गुप्ता और कलयुगी बेटे अभिषेक ने अपनी माँ के सोने चांदी के सभी गहने कार,स्कूटी जबरदस्ती छीनकर हड़प ली और दोनों ने माँ के साथ बहुत मारपीट करके जान से मारने की धमकी देते हुए घर से बाहर निकाल दिया और कहा कि अब ये तेरा घर नही है ये अब यहां वापिस मत आना। डरी -सहमी वृद्ध माँ दर-दर की ठोकरें खा रही है और जीवन यापन करने में लाचार है, वहीं बहू-बेटे माँ की संपत्ति पर कब्जा करके ऐश फरमा रहे हैं। बहु द्वारा सास को ये भी धमकी दी गई कि जैसे तुझे पहले रिपोर्ट करके प्रताड़ना के झूठे मामले में फंसा दिया था वैसे ही फिर से फंसवा दूंगी। 8 दिसंबर 2024 से आज तक माँ अपने घर मे वापिस नही जा पाई क्योंकि उनको जान का खतरा बना हुआ है इसलिए पूरी शिकायत एसपी और कलेक्टर को करने के साथ ही मुख्यमंत्री से भी वृद्धा ने न्याय की गुहार लगाई है ।ऐसी स्थिति में जहां कलेक्टर और एसपी महोदय इस प्रकार के मामलों में संवेदनशील रहते हैं तो निश्चित ही वृद्ध महिला को न्याय की उम्मीद है ।

# 5 हजार का ईनामी फरार बदमाश एनएसए में गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर मामलों में फरार 5 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए ) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शातिर बदमाश पवन रजक हत्या के प्रयास के मामले में तीन महीने से फरार था। आरोपी के खिलाफ 29 अपराधिक प्रकरण लंबित थे। रांझी पुलिसने एनएसए का प्रकरणबनाकर जिला दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया था जहां से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी पवन रजक को मुखबिर की सूचना पर जीसीएफ क्वाटर के पास से पकड़ा और उसे केन्द्रीय जेल भेज दिया।

## घर से निकलते वक्त वीडियो में नहीं दिखी जब्त शराब, घंटों चला हंगामा

# पति नहीं मिला तो रात में पत्नी को उठा ले गई आबकारी

हरिभूमि, जबलपुर।

अवैध रूप से शराब का परिवहन और बिक्री के संदेह पर सर्च कार्रवाई सहित तस्कर को दबोचने पहुंची आबकारी को संबंधित व्यक्ति नहीं मिला तो टीम तस्कर की पत्नी को पकड़कर अपने साथ ले गई। मदनमहल थाना क्षेत्र के माली मोहल्ला में देर रात टीम की दबिश से घंटों हड़कंप मचा रहा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मदनमहल थाना क्षेत्र के रानीपुर माली मोहल्ला में सोमवार रात करीब 8:30 बजे आबकारी टीम शराब तस्करी के संदेह में सागर कोरी के घर पहुंची। टीम प्रभारी शिल्पा स्वर्णकार ने सागर कोरी के संबंध में पूछताछ करते हुए पूरे घर की सर्चिंग कराई। सागर के न मिलने पर टीम ने सागर कोरी की पत्नी संगीता कोरी को अपने साथ चलने के लिए कहा। महिला को रात में ले जाने की बात पर स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। टीम ने लोगों को समझाया कि सागर कोरी के संबंध में संगीता से पूछताछ करना है, इसलिए उनका जाना आवश्यक है। कुछ देर की पूछताछ के बाद संगीता को छोड़ दिया जाएगा। संगीता अपने 6 साल के बेटे और ढाई साल की बेटी को घर में छोड़कर आबकारी टीम के साथ चली गई। संगीता और आबकारी टीम मौके से सामान्य रूप से निकली जिसका वीडियो परिजनों के पास है।



### सुबह बोले अब करेंगे कार्रवाई

संगीता कोरी के देवर जितेंद्र का कहना है कि सामान्य पूछताछ की बात कहकर आबकारी की मैडम रात में भाभी को लेकर आई थीं। छोटी बच्ची अपनी मां के लिए कई घंटे से रो रही है, बच्ची ने दूध भी नहीं पिया है। बातचीत करने पर टीम कह रही है, संगीता पर 34(2) के तहत कार्रवाई होगी, मौके से भारी मात्रा में शराब मिली है। जितेंद्र का कहना है कि मौके से आबकारी को कुछ नहीं मिला था, इसके पूरे साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं।

### बिना सर्च वारंट के कई घरों में तलाशी

क्षेत्र के रहने वाले शशांक शुक्ला का कहना है कि आबकारी टीम ने रात में कई घरों में बिना सर्च वारंट के तलाशी करते हुए महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों से अभद्रता की है। आबकारी की संपूर्ण चैकिंग दौरान कहीं से से कोई कोई शराब शराब नहीं मिली, लेकिन सुबह होते-होते उनके पास शराब की पेटियां कहां से आ गईं, वहीं जानें।

## एनजीटी का आदेश, अगली सुनवाई 21 जुलाई को

# याचिकाकर्ता दें प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री की जानकारी

हरिभूमि जबलपुर।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी भोपाल) ने निर्देश जारी किए है कि याचिकाकर्ता 3 सप्ताह के भीतर प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री या हो रहे उपयोग के संबंध में जानकारी प्रस्तुत करें। एनजीटी के न्यायमूर्ति सेवकुमार सिंह तथा एक्सपर्ट मेंबर डॉ अफरोज अहमद ने मामलें की अगली सुनवाई 3 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ता डॉ पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने एनजीटी में अवमानना याचिका दायर कर शिकायत की है कि समूचे मध्यप्रदेश के शहरों में विशेषतः जबलपुर, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, तथा उज्जैन में फर्जी ग्रीन पटाखे तथा प्रतिबंधित पटाखे धड़ल्ले से फोड़े जा रहे हैं। दिवाली की रात में रात्रि के 2 बजे तक पटाखे फोड़े गए। दिवाली के दूसरे दिन वायु प्रदूषण का इंडेक्स खतरनाक स्थिति पर पहुंच गया था।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए एड. प्रभात यादव ने बताया कि स्वयं सरकार ने सभी कलेक्टरों को आदेश दिए थे कि पटाखों की जांच करें। किन्तु न तो एनजीटी न ही शासकीय आदेश का पालन किया गया है।

शासन की ओर से एड. प्रशांत हर्ने ने बताया कि सभी आदेशों का पालन हुआ है, अतः याचिकाकर्ता यह बताए कि वायु प्रदूषण तथा ध्वनि प्रदूषण को करने वालें प्रतिबंधित पटाखे फोड़े गए या नहीं

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240